


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




12 एक और राज्य में भिड़े कांग्रेसी, अध्यक्ष के खिलाफ बगावत........ एक और राज्य में भिड़े कांग्रेसी, अध्यक्ष के खिलाफ बगावत........ 12


वर्ष : 16 | अंक : 59 | नई दिल्ली, गुरूवार, 03 जुलाई, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03 .00 | www.pratahkiran.com


# कोरोना वैक्सीन और हार्ट अटैक से हो रही मौतों के बीच कोई संबंध नहीं : स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। देश में हाल के दिनों में हार्ट अटैक से अचानक मौत के कई मामले देखने को मिले हैं। इसके बाद ये सवाल उठने लगे कि इसका कहीं कोरोना वैक्सीन से कनेक्शन तो नहीं है। ऐसे में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड-19 वैक्सीन को लेकर चल रही इन तमाम अफवाहों को खारिज करते स्पष्ट किया कि देश में कई एजेंसियों के माध्यम से अचानक अस्पष्टीकृत मौतों के मामले की जांच की गई है। इन अध्ययनों ने निर्णायक रूप से स्थापित किया है कि कोरोना टीकाकरण और देश में अचानक मौतों की रिपोर्ट के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) के अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत में कोरोना टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं, जिनमें गंभीर दुष्प्रभावों के बहुत कम मामले सामने आए हैं। मंत्रालय ने कहा कि अचानक हृदय संबंधी मौतें कई तरह के कारकों के कारण हो सकती हैं, जिनमें आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और कोविड के बाद की जटिलताएं शामिल हैं। आईसीएमआर और एनसीडीसी अचानक अस्पष्टीकृत मौतों के पीछे के कारणों को समझने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। खासकर 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं में इसका पता लगाने के लिए, अलग-अलग शोध दृष्टिकोणों का उपयोग करके दो पूरक अध्ययन किए गए। एक पिछले डेटा पर आधारित और दूसरा वास्तविक समय की जांच से जुड़ा हुआ है। आईसीएमआर के राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान (एनआईई) द्वारा किए गए पहले अध्ययन का शीर्षक था भारत में 18-45 वर्ष की आयु के वयस्कों में अचानक होने वाली मौतों से जुड़े कारक - एक बहुकेंद्रित मिलान केस-कंट्रोल अध्ययन। यह अध्ययन मई से अगस्त 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 तृतीयक देखभाल अस्पतालों में किया गया था। इसमें ऐसे व्यक्तियों को शामिल किया गया जो स्वस्थ दिखते थे, लेकिन अक्टूबर 2021 और मार्च 2023 के बीच अचानक उनकी मृत्यु हो गई। निष्कर्षों ने निर्णायक रूप से दिखाया है कि कोविड-19 टीकाकरण से युवा वयस्कों में अचानक होने वाली मौतों का जोखिम नहीं बढ़ता है। मंत्रालय ने आगे बताया कि इस संबंध में दूसरा अध्ययन किया गया जिसका शीर्षक ह्युवाओं में अचानक होने वाली अस्पष्टीकृत मौतों के कारणों का पता लगानाह्, वर्तमान में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषण और आईसीएमआर के सहयोग से किया जा रहा है। यह एक संभावित अध्ययन है जिसका उद्देश्य युवा वयस्कों में अचानक होने वाली मौतों के सामान्य कारणों का पता लगाना है। अध्ययन के आंकड़ों के शुरूआती विश्लेषण से संकेत मिलता है कि दिल का दौरा, या मायोकार्डियल इंफार्क्शन (एमआई), इस आयु वर्ग में अचानक मौत का प्रमुख कारण बना हुआ है। महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछले वर्षों की तुलना में कारणों के पैटर्न में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया है। अधिकांश अस्पष्टीकृत मृत्यु मामलों में, इन मौतों के संभावित कारण के रूप में आनुवंशिक उत्परिवर्तन की पहचान की गई है। अध्ययन पूरा होने के बाद अंतिम परिणाम साझा किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार ये दोनों अध्ययन से पता चलता है कि भारत में युवा वयस्कों में अचानक होने वाली अस्पष्टीकृत मौत का कारण कोविड-19 टीकाकरण से नहीं जुड़ा हुआ है। वैज्ञानिक विशेषज्ञों ने दोहराया है कि कोविड टीकाकरण को अचानक होने वाली मौतों से जोड़ने वाले बयान झूठे और भ्रामक हैं।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 80,405 |
| चांदी | 1,1000 |
| सेंसेक्स | 80,220 |
| निफ्टी | 24,472 |

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार किया, प्रति व्यक्ति कर्ज 4.8 लाख रुपये हुआ: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट से संबंधित खबरों का हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है और पिछले दो साल में प्रति व्यक्ति कर्ज 90 हजार रुपये से बढ़कर 4.8 लाख रुपये हो गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि जनता कर्ज में डूब रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे हैं तथा उनकी संपत्ति बढ़ती ही जा रही है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, अच्छे दिन का कर्ज.! मोदी सरकार ने पिछले ग्यारह सालों में देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है।

# पांच देशों की मेरी यात्रा से दक्षिण के देशों के साथ सहयोग संबंध मजबूत होंगे : मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अफ्रीकी, कैरेबियाई और दक्षिण अमेरिका के पांच देशों की यात्रा के लिए रवाना होने से पूर्व कहा कि उनकी इस यात्रा से दक्षिणी गोलार्ध के विकासशील देशों के साथ भारत के संबंधों को और बल मिलेगा। श्री मोदी ने घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा की आठ दिन की यात्रा पर सुबह घाना के लिए प्रस्थान किया और वह नामीबिया होकर लौटेंगे। इस दौरान वह ब्राजील के रियो डी जनेरियों में होने जा रही ब्रिक्स शिखर बैठक में भाग लेंगे और ब्रिक्स देशों के शासनाध्यक्षों और राष्ट्राध्यक्षों के साथ अलग से भी बातचीत करेंगे। राजधानी से प्रस्थान करने से पूर्व एक वक्तव्य में श्री मोदी ने कहा, 'आज मैं 02 से 09 जुलाई 2025 तक घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की पाँच देशों की यात्रा पर जा रहा हूँ।' उन्होंने कहा,'मुझे विश्वास है कि पाँच देशों की मेरी इस यात्रा से वैश्विक दक्षिणी देशों के साथ हमारी मित्रता को और बल मिलेगा, अंध महासागर के दोनों किनारों पर हमारी साझेदारी मजबूत होगीऔर ब्रिक्स, अफ्रीकी संघ, इकोवास और कैरीकॉम जैसे बहुपक्षीय मंचों के साथ हमारा जुड़ाव गहरा होगा।' प्रधानमंत्री चार और पांच जुलाई को अर्जेंटीना में होंगे और वहां से ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के रियो डि जेनेरियो जायेंगे और वहां पांच से सात जुलाई तक ब्रिक्स की बैठकों में हिस्सा लेंगे।श्री मोदी सात एवं आठ जुलाई को ब्राजील में राजधानी ब्राजीलिया की यात्रा पर होंगे और नौ जुलाई को नामिबिया पहुंचेगे। श्री मोदी की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जबकि विश्व में भू-राजनीतिक तनाव और अनिश्चितताएं बढ़ रही है, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई एक बड़ा मुद्दा है तथा अमेरिका की ओर से भारत और अन्य देशों के खिलाफ व्यापार पर ऊंचा प्रशुल्क लगाने का खतरा है जिससे वैश्विक व्यापार और विकास प्रभावित हो सकता है। श्री मोदी अपनी इस यात्रा के पहले चरण में आज अपराह्न घाना पहुंचेंगे। राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर वह 03 जुलाई तक घाना में होंगे। उन्होंने घाना को दक्षिणी जगत में भारत का एक मूल्यवान भागीदार बताया है और कहा है कि यह देश अफ्रीकी संघ और पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि वह घाना की इस यात्रा में वहां के नेताओं के साथ ऐतिहासिक संबंधों को और गहरा करने और निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, क्षमता निर्माण और विकास साझेदारी के क्षेत्रों सहित सहयोग की नई संभावनाएं निकालने पर बातचीत करेंगे। श्री मोदी घाना की संसद को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि वहां की संसद में उनका संबोधन भारत के लिए सम्मान की बात होगी। प्रधानमंत्री 3-4 जुलाई को त्रिनिदाद और टोबैगो में रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि त्रिनिदाद और टोबैगो के साथ भारत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच गहरे संबंध हैं। वह वहां राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से मिलेंगे जो इस वर्ष के प्रवासी भारतीय दिवस की मुख्य अतिथि थीं।

वह प्रधानमंत्री महामहिम कमला प्रसाद-बिसेसर से भी मिलेंगे जिन्होंने हाल ही में दूसरे कार्यकाल के लिए पदभार संभाला है। भारतीय पहली बार 180 साल पहले त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे थे। श्री मोदी ने कहा कि उनकी यह यात्रा 'हमें पूर्वजों और रिश्तेदारों के विशेष बंधनों को फिर से जीवंत करने का अवसर प्रदान करेगी जो हमें एकजुट करते है।' श्री मोदी पोर्ट ऑफ स्पेन से ब्यूनस आयर्स (अजेर्टीना) जाएंगे । पिछले 57 वर्षों में अर्जेंटीना में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। अर्जेंटीना लैटिन अमेरिका में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार और जी20 में एक करीबी सहयोगी है। श्री मोदी वहां राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ कृषि, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी और निवेश के क्षेत्रों सहित अपने पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग पर केंद्रित चर्चा करेंगे। वहां से वह ब्राजील जाएंगे और 6-7 जुलाई को रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। श्री मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा, 'एक संस्थापक सदस्य के रूप में, भारत उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में ब्रिक्स के लिए प्रतिबद्ध है। साथ में हम एक अधिक शांतिपूर्ण, न्यायसंगत, लोकतांत्रिक और संतुलित बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के लिए प्रयास करते हैं।' सम्मेलन के दौरान वहां श्री मोदी विश्व के कई नेताओं से अलग से भी मिलेंगे। वहां से वह ब्राजील की द्विपक्षीय राजकीय यात्रा के लिए ब्राजीलिया जाएंगे। लगभग छह दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ब्राजील की यह पहली राजकीय यात्रा होगी। प्रधानमंत्री ने कहा है, 'यह यात्रा ब्राजील के साथ हमारी घनिष्ठ साझेदारी को मजबूत करने और मेरे मित्र, राष्ट्रपति महामहिम लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ मिलकर ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।' ब्राजील से वापसी में श्री मोदी नामीबिया रुकेंगे और राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी-नदैतवा से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात में श्री मोदी विकासशील देशों, खासकर अफ्रीकी देशों के साथ भारत के परस्पर लाभदायक सहयोग के लिए एक नया रोडमैप तैयार करने पर बातचीत करेंगे। वह नामीबियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। श्री मोदी वहां से नौ जुलाई को स्वदेश वापस लौटेंगे।

# बादल फटने की घटनाओं में 10 की मौत, 34 लापता



**शिमला/मंडी, एजेंसी**

शिमला/मंडी। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को भूस्खलन और बादल फटने की कई घटनाओं में मंडी जिले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है जबकि 34 लोग लापता हैं। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा अभियान केन्द्र ने यह जानकारी दी है। पिछले तीन वर्षों से राज्य में लगातार कहर बरपा रहे मानसून के कारण एक बार फिर से मंडी के कई क्षेत्रों, खासकर करसोग, थुनाग, पधर और गोहर उप-मंडलों में तबाही मची हुयी है। इस बीच 20 जून से 1 जुलाई के बीच राज्य में मौसम संबंधी घटनाओं में लगभग 90 लोगों की मौत या लापता होने की सूचना है। बुधवार सुबह 8 बजे जारी 32 घंटे की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार मंडी के विभिन्न हिस्सों से 10 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और आधिकारिक तौर पर 34 लोगों के लापता होने की सूचना है। कई लोगों के मलबे में दबे होने या अचानक आई बाढ़ में बह जाने की आशंका है। इस दौरान पांच लोगों के घायल होने की भी सूचना है और 370 से अधिक लोगों को बचाया लिया गया है ।हालांकि 11 लोग अभी भी फंसे हुए हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की बचाव टीमों को करसोग, गोहर और थुनाग में तैनात किया गया है जहां बादल फटने से घरों और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में सियांज, गोहर शामिल हैं जहां नौ लोग बह गए। यहां दो शव बरामद किए गए जबकि सात अभी तक लापता हैं। परवाड़ा और तलवाड़ा गांव में एक ही परिवार के दो लोग लापता बताए गए हैं जिनमें से एक का शव बरामद हुआ है। थुनाग और पकरायर इलाकों में कुल 17 लोग लापता हैं जबकि दो लोगों की मौत हो गई है। कुट्टी बाईपास, ओल्ड बाजार करसोग और गोहर के बाड़ा समेत कई जगहों पर भी लोगों की मौत और कई लोगों के लापता होने की खबरें हैं। मानसून से होने वाली तबाही के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-305 के अवरुद्ध होने और 24 घरों, 12 गौशालाओं और एक जलविद्युत परियोजना को नुकसान पहुंचने की रिपोर्ट है। इस बीच राहत अभियान जारी हैं लेकिन पहाड़ी इलाकों में दूर दराज के क्षेत्रों तक पहुंचने की चुनौतियों के कारण इसमें बाधा आ रही है।

# नए आपराधिक कानूनों से न्याय के प्रशासन में सिर्फ भ्रम पैदा हुआ : चिदंबरम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने बुधवार को कहा कि तीन नए आपराधिक कानून बनाने की कवायद निरर्थक थी और इससे न्यायाधीशों, वकीलों और पुलिस समेत न्याय के प्रशासन में केवल भ्रम पैदा हुआ है। चिदंबरम ने यह भी दावा किया कि नए अधिनियम ज्यादातर 'कॉपी एंड पेस्ट' वाले हैं और कुछ ही नए प्रावधान जोड़े गए हैं। उनकी यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा तीन नए आपराधिक कानूनों के अधिनियमन को स्वतंत्र भारत में सबसे बड़ा सुधार करार दिए जाने के एक दिन बाद आई है। शाह ने इस बात पर जोर दिया था कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने नए कानून झ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) बनाए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिकों के सभी अधिकार सुरक्षित हैं और कोई भी अपराधी दंड से बच नहीं सकेगा। सरकार पर निशाना साधते हुए कि चिदंबरम ने कहा कि उसने बार-बार दावा किया है कि तीन आपराधिक कानून आजादी के बाद सबसे बड़े सुधार हैं, जबकि यह बात सच्चाई से कोसों दूर है। पूर्व गृह मंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मैंने तीन विधेयकों की जांच करने वाली स्थायी संसदीय समिति को एक असहमति नोट भेजा था, और यह संसद में पेश की गई रिपोर्ट का हिस्सा है।'' उन्होंने कहा, ''मेरे असहमति नोट में संबंधित नए विधेयक के साथ आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा दर धारा की तुलना करने के बाद मैंने दावा किया था।

# विदेश मंत्री जयशंकर और अमेरिकी ऊर्जा मंत्री ने द्विपक्षीय ऊर्जा साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की

**वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी**

वाशिंगटन/नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट से मुलाकात की और गहरी द्विपक्षीय ऊर्जा साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की। जयशंकर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के निमंत्रण पर आधिकारिक यात्रा पर अमेरिका में हैं। जयशंकर ने मंगलवार को बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, आज शाम वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ एक उपयोगी बातचीत हुई। भारत में चल रहे ऊर्जा परिवर्तन के बारे में बात की। और भारत-अमेरिका ऊर्जा साझेदारी को और मजबूत बनाने के अवसरों के बारे में भी बात की। इससे पहले जयशंकर ने रुबियो से मुलाकात कर द्विपक्षीय साझेदारी पर चर्चा की तथा क्षेत्रीय और वैश्विक गतिविधियों पर अपने विचार साझा किए। जयशंकर ने अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के साथ भी बैठक की, जिसमें उन्होंने दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

# जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता : योगी

**गोरखपुर, एजेंसी**



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। योगी ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। ध्यान से सबकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निराकरण शीघ्रता और पारदर्शिता शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

**यात्रा** | **भारतीय सेना, भूटान की इस परिवर्तनकारी पहल में हर संभव सहयोग करती रहेगी.........**

# सेना प्रमुख की भूटान यात्रा: दोनों देशों की मित्रता को मिली नई ऊंचाइयां


**नई दिल्ली, एजेंसी**



नई दिल्ली। भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी भूटान की आधिकारिक यात्रा पर हैं। बुधवार को वह भूटान के जम्तशोलिंग स्थित ग्यालसुंग अकादमी पहुंचे। इस अवसर पर उन्हें भूटान के सैन्य अधिकारियों ने पंचम राजा की दूरदर्शी राष्ट्र निर्माण एवं युवा सशक्तीकरण योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जनरल द्विवेदी ने भारत और भूटान के बीच की गहरी और ऐतिहासिक मित्रता को दोहराते हुए आश्वस्त किया कि भारतीय सेना, भूटान की इस परिवर्तनकारी पहल में हर संभव सहयोग करती रहेगी। जनरल द्विवेदी ने अकादमी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान भूटान के युवाओं के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने अकादमी की आधुनिक अधोसंरचना एवं भावी योजनाओं की भी प्रशंसा की, जो कि महामहिम राजा के भव्य दृष्टिकोण को साकार करेंगी। इससे पूर्व, भूटान के महामहिम राजा और महामहिम रानी ने ताशीछो जोग में जनरल उपेंद्र द्विवेदी को आमंत्रित किया। यहां राजा का कार्यालय, कैबिनेट सचिवालय और कई मंत्रालय है। भारतीय सेनाध्यक्ष का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। अपने चार दिवसीय आधिकारिक दौरे के दौरान, सेना प्रमुख ने ताशीछो जोग स्थित नेशनल मेमोरियल चोर्टेन में भूटान के तीसरे राजा महामहिम जिग्मे दोरजी वांगचुक को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने यहां एक प्रभावशाली गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण भी किया। भारतीय सेनाध्यक्ष ने यहां रॉयल भूटान सेना के मुख्य परिचालन अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल बट्टू शेरिंग से भी मुलाकात की है। थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सोमवार को भूटान की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए थे। सेनाध्यक्ष का यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है। यह यात्रा भारत और भूटान के बीच लंबे समय से चले आ रहे गहरे व विश्वासपूर्ण रक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना है। रक्षा मंत्रालय का मानना है कि जनरल द्विवेदी की यह यात्रा भारत-भूटान के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी और पारस्परिक विश्वास को दर्शाती है। भारतीय सेना के मुताबिक यह दौरा भारत की अपने पड़ोसी देश भूटान के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराता है। सेना प्रमुख का यह दौरा दोनों राष्ट्रों के बीच पारंपरिक मित्रता तथा सहयोग को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। गौरतलब है कि इसी वर्ष रॉयल भूटान सेना के मुख्य परिचालन अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल बट्टू शेरिंग भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए थे। उनकी भारत यात्रा के दौरान भारत ने भूटान को रक्षा तैयारियों में मदद देने की बात की थी।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बिहार आगमन पर गिरिराज सिंह ने कहा- इंडी गठबंधन के कुकृत्यों को बताएंगे

**पटना, एजेंसी**



पटना। भाजपा कार्यकारिणी की बुधवार को बिहार की राजधानी पटना में बैठक हो रही है। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी भाग ले रहे हैं। रक्षा मंत्री के आगमन को लेकर भाजपा के कार्यकताओं में जोश और उत्साह दिखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ता पटना एयरपोर्ट पर पहुंचे। भाजपा के कई बड़े नेता भी पहुंचे हैं। कई कार्यकर्ता बैंड बाजे के साथ राजनाथ सिंह का स्वागत करने पहुंचे। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आ रहे हैं। वे केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताएंगे और इंडी गठबंधन के कुकृत्यों पर भी बात करेंगे। कुकृति यही है जो अपने को समाजवादी कहता है और खुद नमाजवादी बनता है। इधर, उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि एनडीए की डबल इंजन की सरकार की गति को तेज करने और कार्यकताओं के मनोबल को बढ़ाने के लिए रक्षा मंत्री बिहार आ रहे हैं। बिहार के मंत्री नितिन नबीन ने कहा कि कार्यकर्ता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के स्वागत करने के लिए आतुर हैं। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेने आ रहे हैं। कार्यकताओं को नया उत्साह उनके आगमन से मिलेगा। उल्लेखनीय है कि चुनाव के पहले इस कार्यसमिति की बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी और पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति तैयार करेगी। कार्यसमिति में 1,200 से अधिक प्रमुख नेता हिस्सा लेंगे, जो बिहार में पार्टी के भविष्य की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। बैठक में एक राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया जाएगा, जिसमें बिहार के विकास और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया जाएगा। इसके साथ ही, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव द्वारा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के कथित अपमान के खिलाफ एक निंदा प्रस्ताव भी पारित किए जाने की भी संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवाओं में तेजी से बढ़ रहे हैं आंतों की टीबी के मामले

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिले में आंतों की टीबी के मामले लगातार बढ़ने लगे है। चिकित्सकों के मुताबिक पोषक तत्वों की कमी, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, आंतों में संक्रमण बीमारी इसका प्रमुख कारण हैं। चिंता की बात यह है कि युवा वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। राजकीय टीबी अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2024- 25 में करीब 675 मामले सामने आए है, इसमें एक्स्ट्र पल्मोनरी के 363 और एक्स्ट्र पल्मोनरी 312 मामले दर्ज है। एक्स्ट्र पल्मोनरी में आने वाली टीबी के 100 मामलों में 20 से अधिक युवा शामिल है। मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस अस्पताल की रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र पुनेरा ने कहा कि ओपीडी में हर महीने में पल्मोनरी करीब 50 मरीजों में 10 युवाओं आंतों की टीबी के मरीज होते है।बताया कि आंतों की टीबी, जिसे उदर तपेदिक भी कहा जाता है। ये माइक्रो बैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है।यह आमतौर पर फेफड़ों के टीबी से जुड़ा होता है, लेकिन यह शरीर के अन्य हिस्सों, जैसे आंतों को भी संक्रमित कर सकता है। उन्होंने बताया आंतों की टीबी से आंत फटने की भी संभावना बनी रहती है।

### रानीखेत में ऑनलाइन कर प्रणाली बनी सिरदर्द

**रानीखेत (अल्मोड़ा), एजेंसी।** छावनी परिषद की ऑनलाइन कर प्रणाली लोगों के लिए सुविधा कम, सिरदर्द ज्यादा साबित हो रही है। पोर्टल बार-बार ठप हो जाने से करदाताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छावनी क्षेत्र में पिछले तीन-चार वर्षों से मैनुअल यानी ऑफलाइन कर जमा करने की सुविधा पूरी तरह से हटा दी गई है। अब सभी करों का भुगतान केवल ई-पोर्टल के माध्यम से ही करना होता है। शुरुआत में इस व्यवस्था का स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया था, लेकिन समय के साथ इसे स्वीकार करने को मजबूर हो गए। हालांकि, अब भी कई लोगों को पोर्टल के तकनीकी खामियों के चलते कर भुगतान में असुविधा होती है। छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष संजय पंत ने कहा कि पोर्टल अक्सर काम नहीं करता, जिससे लोग तय समय में कर नहीं भर पाते। उन्होंने सवाल उठाया कि जब साइट ही नहीं चलेगी तो करदाता टैक्स कैसे जमा करेगा। पंत ने ऑनलाइन के साथ-साथ मैनुअल व्यवस्था भी बहाल करने की मांग की।

### मॉडल और फीचर्स देखकर ऑनलाइन कर देते हैं ऑर्डर

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अल्मोड़ा में मोबाइल कारोबार ऑनलाइन के बढ़ते प्रभाव के कारण धीमा पड़ गया है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर मिलने वाले भारी छूट और ऑफर्स के चलते ग्राहक ऑनलाइन खरीदारी को प्राथमिकता दे रहे हैं। जिससे स्थानीय दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। चौक बाजार व्यापारी सागर रावत ने बताया कि ग्राहक अब दुकानों पर केवल मोबाइल फोन देखकर मॉडल और फीचर्स की जानकारी लेते है। बाद में ऑनलाइन ऑर्डर कर देते हैं। इससे उनकी सीधी बिक्री प्रभावित हो रही है। बताया कि दुकानें खुलने के बाद भी मोबाइल बिक्री के मार्केट में बहुत अच्छी स्थिति नहीं है। पहले की अपेक्षा इस समय 30 से 40 प्रतिशत ग्राहक ही नया मोबाइल ले रहे हैं। कारखाना बाजार के व्यापारी मनोज सिंह ने बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग के कारण त्योहारी सीजन में भी मोबाइल बाजार की रफ्तार थमी हुई है। उन्होंने सरकार से मांग की कि ऑनलाइन शॉपिंग पर विशेष टैक्स लगाया जाए, ताकि स्थानीय व्यापारियों को घाटे से बचाया जा सके।

### सेवानिवृत होने पर ईओ संजीव मेहरोत्रा को दी विदाई

**गदरपुर, एजेंसी।** सेवानिवृत होने पर नगर पालिका परिषद के ईओ संजीव मल्होत्रा को मंगलवार को विदाई दी गई। नगर के एक होटल के सभागार में आयोजित समारोह में पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर और पालिका बोर्ड की मौजूदगी में 38 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत हुए ईओ मल्होत्रा का माल्यार्पण कर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहां संतोष गुप्ता, रमन छाबड़ा, परमजीत सिंह पम्मा, मुकेश चावला, सचिन गुप्ता, बीएस रावत आदि रहे।

# उत्तराखंड में कांवड़ यात्रियों के लिए जारी किया गया क्यूआर कोड

**हरिद्वार, एजेंसी।**
कांवड़ यात्रा के लिए इस बार हरिद्वार पुलिस ने नई पहल को धरातल पर उतारा है. कांवड़ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस ने क्यूआर कोड जारी किया है. इस क्यूार कोड के जरिये कांवड़ियों को कई सहूलियतें मिलेंगी.

हरिद्वार एसएसपी परमेंद्र डोभाल ने बताया क्यूआर कोड स्कैन करते ही कांवड़ यात्रियों को सभी सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर आसानी से उपलब्ध हो जांएगी. इस प्लेटफॉर्म पर जिले के सभी महत्वपूर्ण अधिकारियों के मोबाइल नंबर और अन्य जानकारियां आसानी से उपलब्ध हो जाएंगी.

क्यूआर कोड से मिलेगी मेला क्षेत्र की जानकारी- उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा 2025 आगामी 11 जुलाई से शुरू हो रही है. उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार पहले से ज्यादा कांवड़िए गंगा जल भरने हरिद्वार पहुंच सकते हैं. लिहाजा, इस बार खास तैयारियां की जा रही हैं. इस बार कांवड़ियों को क्यू आर कोड के जरिए ट्रैफिक प्लान और मेला क्षेत्र की



जानकारी मिलेगी.

हरिद्वार एसएसपी परमेंद्र डोभाल ने बताया कि इस बार कांवड़ मेले में कावड़ियों की सुविधा के लिए क्यू कोड की व्यवस्था की गई है. कांवड़िए क्यूआर के माध्यम से ट्रैफिक प्लान और मेला क्षेत्र का मैप जान सकेंगे. इस क्यूआर कोड को हरिद्वार में आने वाले सभी बॉर्डर पर बांटा जाएगा. इसके अलावा हरिद्वार से सटे अन्य जिलों को भी इस क्यूआर कोड को मुहैया कराया जाएगा. जिससे हरिद्वार आने वाले कांवड़ियों को पार्किंग से लेकर मेला क्षेत्र और रूट प्लान की जानकारी मिल सके.

एसएसपी ने बताया की क्षेत्र की संपूर्ण जानकारी इस कर कोड के माध्यम से दी जाएगी. इसके जरिये पार्किंग, होटल्स की भी जानकारी मिल सकेगी. इसके साथ ही इमरजेंसी नंबर पर इस पर मिल जाएंगे.

## गरारी टूटने से लास्पा नदी में गिरे चार लोग, संयोग से बची जान



**मुनस्यारी (पिथौरागढ़), एजेंसी।**
मल्ला जोहार के लास्पा में नदी पर लगी गरारी टूट गई। इससे उसमें सवार चार लोग नदी में बह गए। करीब 200 मीटर दूर बहने के बाद चारों बमुश्किल नदी किनारे पहुंचे। स्थानीय लोगों का कहना है कि गरारी लंबे समय से क्षतिग्रस्त थी जिसे ठीक कराए जाने की मांग की जा रही है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

लास्पा गाड़ में लकड़ी का पुल बनाने के लिए फाफा निवासी विजय सिंह, सेला निवासी गंगा राम, दीवान सिंह और नकुल सिंह टोला से बल्ली और तख्ते लेकर बर्नियागांव से खिलांच को जोड़ने वाली गरारी पर पहुंचे। चारों बल्ली और तख्तों के साथ गरारी पर सवार हुए। बीच नदी में पहुंचते ही गरारी अचानक टूट गई और चारों सामान समेत नदी में गिर गए। पानी का बहाव अधिक होने के कारण चारों बहने लगे। चारों ने अपनी जान बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किया।

किस्मत ने साथ दिया और करीब 200 मीटर दूर बहने के बाद चारों बमुश्किल किनारे तक पहुंचे और सुरक्षित बच गए। गनीमत रही कि गरारी ज्यादा ऊंचाई पर नहीं थी अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि गरारी पहले से ही खराब थी। आवाजाही के लिए और कोई जरिया न होने से क्षेत्र के लोग इसी गरारी से नदी पार करने के लिए मजबूर हैं।

## छह घंटे बाद खुली थल-सातसिलिंग सड़क



**थल (पिथौरागढ़), एजेंसी।**
क्षेत्र में रविवार की रात को हुई मूसलाधार बारिश से नागीमल पहाड़ी से बोल्डर, पेड़ और मलबा गिरने से थल-सातशिलिंग राजमार्ग बंद हो गया। सड़क बंद होने से दुग्ध वाहन सहित जरूरी सेवा वाले वाहन दोनों ओर खड़े हो गए। कई लोग दूसरे वाहनों से गंतव्य को रवाना रवाना हुए।

लोनिवि विभाग पिथौरागढ़ की जेसीबी मशीन मौके पर पहुंची और सड़क से मलबा हटाकर यातायात सुबह करीब 8ः30 बजे यातायात बहाल किया। पिछले साल सितंबर माह में नागीमल पहाड़ी के दरकने के साथ ही नीचे रामगंगा नदी के कटाव से सड़क का 150 मीटर हिस्सा बह गया था। तब सड़क करीब 15 दिन तक बंद रही थी।

लोनिवि विभाग ने पहाड़ी को काटकर नई सड़क बनाई है। तब से यहां पर आवागमन बहुत खतरनाक हो गया है। जून में ही एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार सड़क बंद हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश चंद्र पाठक का कहना है कि ऊपर अटके हुए बोल्डरों से लगातार खतरा बना हुआ है। नीचे रामगंगा नदी के कटाव से भी सड़क संकरी हो गई है।

## सितारगंज में 10 जोड़ों का कराया सामूहिक विवाह

**सितारगंज, एजेंसी।**
भारत विकास परिषद और महाराजा अग्रसेन धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से रविवार को सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। श्रीरामलीला मैदान से रथ और बैंड बाजा के साथ बरात निकाली गई, जो विवाह स्थल अग्रसेन ट्रस्ट परिसर पहुंची। यहां 10 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ परिणय सूत्र में बंधे। परिषद के अध्यक्ष अमित गोयल और ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश सिंघल ने बताया कि समाज में वंचित लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने के प्रयास से सामूहिक विवाह का आयोजन कराया गया। वहां भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह, रोशन लाल अग्रवाल, शिवकुमार मित्तल, महेश मित्तल, अमित गोयल आदि थे।



## भूमि ने रोकी घरों तक शुद्ध जल पहुंचाने की राह

**रुद्रपुर, एजेंसी।** शहरी क्षेत्र के प्रति व्यक्ति 135 लीटर शुद्ध जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की कार्ययोजना जिले में हांफ रही है। इसका कारण है जमीन की अनुपलब्धता। इसमें बाजपुर में चीनी मिल व मंडी परिषद ने जमीन पेयजल निगम को देने से इंकार कर दिया है, वहीं गदरपुर में जमीन ही नहीं मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल के बाद अब शहरी लोगों को शुद्ध पानी मुहैया कराने की कवायद शुरू की गई है। इसके तहत नए ओवरहेड टैंक, नई पाइप लाइन, मोटर पंप आदि लगाए जाने थे। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति 55 लीटर तो शहरी क्षेत्र में प्रति व्यक्ति 135 लीटर पानी की आवश्यकता का मानक तय किया गया है। शहरों की पुरानी पेयजल परियोजनाएं होने के चलते आमजन को किसी तरह लगभग मानक का आधा पानी ही मयस्सर हो पाता है। इस समस्या को देखते हुए केंद्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल पहुंचाया। गांव-गांव ओवरहेड टैंक और पाइपलाइन बिछाकर घर-घर कनेक्शन दिए गए। गांवों को संतृप्त करने के बाद अब फोकस नगरों पर आ गया है। गदरपुर और बाजपुर में पेयजल परियोजना पर काम शुरू किया गया।

## कनेड़ी कालेशन मंदिर में चार दिनी देवी महोत्सव शुरू

**लोहाघाट (चंपावत),एजेंसी।**
कनेड़ी के प्रसिद्ध कालेशन मंदिर में चार दिवसीय देवी महोत्सव शुरू हो गया है। देव डांगरों ने स्थानीय भीम पादुका तीर्थ में स्नान किया। मंदिर के गर्भगृह में अखंड दीप और परिसर में अखंड धुनी जलाकर महोत्सवा का शुभारंभ किया गया। तीन जुलाई को महोत्सव का मुख्य आकर्षण मां भगवती की निकलने वाली रथ यात्रा होगी।

सोमवार को पुरोहित हरीश चंद्र चिल्कोटी ने पूजा-अर्चना कराई। पुजारी दीप चंद्र जोशी ने गर्भगृह में पूजन किया। पुरोहितों ने मंदिर में दुर्गा सप्तशती का पाठ भी किया गया। देव डांगरों के स्नान में भगवती के धामी डॉ. सुधाकर जोशी, कालिका के धामी जगदीश चंद्र जोशी,



कालेशन देवता के धामी दीप जोशी, गोरल देवता के धामी नरेश पांडेय, सिद्ध बाबा के धामी प्रमोद जोशी, कैलपाल बाबा के धामी प्रदीप जोशी, पंचबलिया के धामी महेश पांडेय, भूमिदार बाबा के धामी प्रकाश चंद्र जोशी और कटारीमल के धामी कैलाश चंद्र जोशी आदि शामिल रहे।

महोत्सव संयोजक डॉ. सुधाकर जोशी ने बताया कि दूसरे दिन सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक शिव दत्त जोशी, दीप जोशी, आशुतोष जोशी, लोकेश जोशी, निक्कू जोशी, सुभाष जोशी, बद्रीराम, दीपक टम्टा जुटे हुए हैं।

## रोडवेज भवन जर्जर, ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार

**काशीपुर, एजेंसी।** लगभग 43 साल पहले बना रोडवेज परिसर व कार्यशाला का भवन अब देखरेख के अभाव में जर्जर हालत में पहुंचने लगा है। बारिश के दौरान छतों से पानी टपकने से आवश्यक दस्तावेज व कंप्यूटर तक खराब हो चुके हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

काशीपुर वासियों के लिए वर्ष 1982 में रोडवेज बस स्टेशन की स्थापना तत्कालीन मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने की थी। बताया जाता है जब तक यह स्टेशन यूपी के अंडर में रहा इसकी देखभाल व रंगाई-पुताई समय-समय पर हुआ करती थी। उत्तराखंड राज्य गठन के बाद यह उत्तराखंड परिवहन निगम के अधीन हो गया। बताया जाता है राज्य गठन के बाद कई वर्ष पहले इसके भवन की एक बार टूट-फूट व रंगाई-पुताई हुई थी, इसके बाद किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने इस ओर मुड़ कर नहीं देखा जिसके चलते बस स्टेशन का भवन व कार्यशाला समय गुजरने के साथ जीर्णशीर्ण होने लगे। कार्यशाला के कक्षों का प्लास्टर टूट कर गिरने लगा है। जहां बसें रिपेयर की जाती हैं उसका टिनशेड गल चुका है। बारिश के दौरान छत से पानी टपकता है। कर्मचारियों ने बताया कि बारिश में पानी टपकने से दस्तावेज व कंप्यूटर खराब हो चुके हैं।

## तीन साल के बाद भी नहीं हो सका स्टेडियम की गिरी दीवार का निर्माण

**काशीपुर, एजेंसी।** खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण मुहैया कराने को खेल विभाग कितना संजीदा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि करीब तीन साल बाद भी स्टेडियम की गिरी दीवार का निर्माण नहीं कराया जा सका है। इससे अराजक तत्वों के स्टेडियम में प्रवेश की संभावना बनी हुई है।

चार दशक पूर्व रामनगर रोड पर स्टेडियम का निर्माण किया गया था। उस समय ही चहारदीवारी बनाई गई थी, लेकिन देखरेख के अभाव में दीवारों की हालत भी खस्ता होती चली गई। करीब तीन साल पूर्व स्टेडियम के मुख्य भवन के पास से शौचालय तक करीब पचास मीटर दीवार बरसात के दौरान गिर गई थी।

कुछ समय बाद ही तत्कालीन उप क्रीड़ाधिकारी का स्थानांतरण हो गया। इसके बाद काफी समय तक दीवार का मलबा ऐसे ही पड़ा रहा। इसे उठवाने तक का प्रयास नहीं किया गया।जिले से भी अधिकारी निरीक्षण करके चले जाते रहे। आसपास से लोग मॉर्निंग वॉक करने और अराजक तत्व भी प्रवेश करने लगे। इनकी रोकथाम के लिए डेढ़ साल पूर्व टिन की चादरें लगाकर इस हिस्से को बंद किया गया। कई बार जिले के संबंधित अधिकारी से दीवार बनवाने की डिमांड की गई, लेकिन समस्या का समाधान आज तक नहीं हो सका।

### कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों में निगरानी रखें

**रुद्रपुर, एजेंसी।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कम लिंगानुपात वाले विकासखंडों में अल्ट्रासाउंड केंद्रों की निगरानी बढ़ाने के साथ ही निरीक्षण में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। अध्यक्षता करते हुए डीएम ने पीसीपीएनडीटी पंजीकरण और नवीनीकरण मानक के अनुसार पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल को दिए। गर्भ में भ्रूण की जांच के धंधे का पता लगाने के लिए बनाई गई मुखबिर योजना का प्रचार-प्रसार करने के शहरी क्षेत्र, अस्पताल, पुलिस कार्यालय, एसडीएम कार्यालय परिसर में फ्लेक्सी लगाने के निर्देश दिए।

## कोसी नदी का एकाएक बहाव बढ़ने से दूसरे छोर में फंसी जिंदगी

**गरमपानी, एजेंसी।**
अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर जौरासी क्षेत्र में कोसी नदी पार कर मालू के पत्ते तोड़ने पहुंचे किशोर की जिंदगी खतरे में पड़ गई। एकाएक कोसी नदी के उफान में आने से किशोर नदी के दूसरे छोर में फंस गया।

सूचना पर पहुंचे छड़ा गांव के ग्रामीण ने युवक को निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया पर उफान तेज होने से सफलता नहीं मिली कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीण किशोर को ज्याडी क्षेत्र में बनी पुल से सुरक्षित हाईवे तक पहुंचाने में सफल हुए। किशोर की जान बचाने पर क्षेत्रवासियों ने ग्रामीणों की सराहना की।

सोमवार को बरसीमा, अल्मोड़ा निवासी आर्यन सिंगोड़ी मिठाई में इस्तेमाल होने वाले मालू के पत्ते तोड़ने को जौरासी क्षेत्र में पहुंचा। कोसी नदी को पार करने के बाद वह पत्ते तोड़ने लगा की तभी एकाएक कोसी नदी का बहाव तेज हो गया।

नदी के दूसरे छोर में फंसने से आर्यन ने हो हल्ला कर मदद की गुहार लगाई। लोहाली निवासी देवेंद्र सिंह बिष्ट ने किशोर को मुश्किल में देख छड़ा बाजार के व्यापारी विरेंद्र बिष्ट को सूचना दी। घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

विरेन्द्र बगैर समय गवांए चमड़ियां, लोहाली व छड़ा गांव के नंदन सिंह, प्रकाश चंद्र, ललित दानी, प्रियांशु नेगी, गोधन नेगी, प्रताप बिष्ट, विजय बिष्ट, दीपक फर्त्याल, राजन मोर्या को लेकर



मौके पर पहुंचे।

किशोर को बचाने के लिए रेस्क्यू शुरु किया गया पर लगातार उफान तेज होने से सभी को कदम पीछे खिंचने पड़े। अल्मोड़ा स्थित कोसी बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने से नदी का बहाव बढ़ने का अंदेशा जताया गया।

ग्रामीणों ने किशोर को कड़ी निगरानी व विशेष दिशा निर्देशों से बामुश्किल ज्याडी क्षेत्र तक पहुंचाया जहां से सुरक्षित बाजार तक लाया गया। किशोर के सुरक्षित वापस आने से लोगों ने राहत की सांस ली। किशोर व स्थानीय लोगो ने छडा व चमड़ियां व लोहाली के ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 03 जुलाई, 2025



# विपक्ष में रहकर भी आप दिल्ली की गरीब जनता की मजबूत आवाज बनकर खड़ी है: अंकुश नारंग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, दिल्ली नगर निगम में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। मंगलवार को वार्ड 50 से पार्षद सुमन टिंकू रजोरा भाजपा को छोड़कर वापस आम आदमी पार्टी में शामिल हो गईं। ह्यआपह्न मुख्यालय पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पटका पहनाकर उन्हें और उनके पति टिंकू रजोरा को पार्टी में शामिल किया और ह्यआपह्न परिवार में शामिल होने पर बधाई दी। इस दौरान एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि विपक्ष में रहकर भी आम आदमी पार्टी दिल्ली की गरीब जनता की मजबूत आवाज बनकर खड़ी है। हम भाजपा सरकार पर नजर रखे हुए हैं ताकि वह जनहित के काम करे। आम आदमी



पार्टी के वरिष्ठ नेता व एमसीडी के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि आज बहुत हर्ष की बात है कि वार्ड नंबर 50 से निगम पार्षद सुमन टिंकू रजोरा और उनके पति टिंकू रजोरा भाजपा को छोड़कर दोबारा आम आदमी पार्टी के परिवार में शामिल हो गए हैं। आप दिल्ली की जनता, खासकर गरीब जनता की आवाज बनकर खड़ी हुई है। विपक्ष में रहते हुए भी आम आदमी पार्टी इस बात पर नजर रख रही है कि जनता के हित में काम हो। इससे प्रभावित होकर सुमन टिंकू रजोरा और उनके पति टिंकू रजोरा ने भाजपा को छोड़कर आप में आने का फैसला किया। हम इनका हार्दिक स्वागत करते हैं। इस दौरान सुमन टिंकू रजोरा कहा कि मैं अपने आम आदमी पार्टी परिवार में वापस आकर बहुत खुश हूं। इस खुशी को बयां नहीं कर सकती। कुछ माह पहले मुझसे बहुत बड़ी गलती हुई थी, जब मैं आप को छोड़कर भाजपा में चली गई। मैं इसे अपनी जिंदगी की सबसे बड़ी गलती मानती हूं। मैंने ऐसी गलती की और फिर भाजपा की सरकार बन गई। मैंने देखा कि भाजपा गरीबों पर अत्याचार कर रही थी। भाजपा ने वादा किया था कि जहां झुग्गी, वहां मकान देंगे, लेकिन बाद में उसने झुग्गीवालों को बेघर कर दिया। उनके सिर से छत छीन ली और उन्हें पूरी तरह अलग-थलग कर दिया। सुमन टिंकू रजोरा कहा कि यह देखकर मुझे बहुत दुख हुआ। मुझे महसूस हुआ कि भाजपा में जाकर मैंने बहुत बड़ी गलती की। मैंने एमसीडी के चेयरमैन में अपनी गलती सुधारने की कोशिश की और आप प्रत्याशी को वोट देकर चेयरमैन बनवाया। तब जाकर मेरे दिल को ठंडक मिली। भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो गरीबों का साथ बिल्कुल नहीं देती। बीजेपी गरीबों को जड़ से मिटाना चाहती है। भाजपा को अरविंद केजरीवाल से कुछ सीखना चाहिए। अरविंद केजरीवाल जो कहते हैं, वह करते हैं। मेरा एक सपना है और रोज प्रार्थना करती हूं कि अरविंद केजरीवाल आने वाले समय में प्रधानमंत्री बनें।

## यौन उत्पीड़न के बाद लड़की ने तेजाब पीकर आत्महत्या की कोशिश की

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में एक लड़की ने यौन उत्पीड़न के बाद तेजाब पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि लड़की जिस व्यक्ति के साथ रिश्ते में थी उसने कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न किया था। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी मोहम्मद रेहान ने कथित तौर पर शादी के बहाने लड़की का यौन उत्पीड़न किया और आपत्तिजनक तस्वीरों के जरिए उसे ब्लैकमेल किया। उन्होंने कहा कि घटना के बारे में 18 जून को उस वक्त पता चला, जब सफदरजंग अस्पताल से एमएलसी (मेडिको-लीगल केस) रिपोर्ट प्राप्त हुई। रिपोर्ट में कहा गया था कि एक लड़की को तेजाब पीने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (दक्षिण-पश्चिम) अमित गोयल ने कहा कि पुलिस की एक टीम अस्पताल पहुंची, लेकिन उस समय लड़की को बयान दर्ज करने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। स्थानीय अपराध दल को तैनात किया गया और घटनास्थल की जांच की गई। डीसीपी ने कहा, लड़की के घर से तेजाब की एक बोतल बरामद की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि लड़की रेहान नाम के एक व्यक्ति के साथ रिश्ते में थी। उन्होंने बताया कि लड़की ने जब तेजाब पिया, तब वह घर पर अकेली थी। शाम करीब चार बजकर 45 मिनट पर एक पड़ोसी ने उसे दर्द से बेहाल देखा और उसे अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने कहा कि 20 जून को उसकी हालत की गंभीरता को देखते हुए उसे आगे के इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। गोयल ने बताया, इसके बाद पीड़ित की मां ने वसंत कुंज थाने में शिकायत दर्ज कराई और रेहान पर शादी के बहाने उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न करने तथा आपत्तिजनक तस्वीरों के जरिए उसे ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता ने अपनी बेटी का मोबाइल फोन भी सौंप दिया, जिसमें कथित तौर पर आरोपों का समर्थन करने वाली आवाज की रिकॉर्डिंग है। पुलिस के अनुसार, वसंत विहार के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को सूचित किया गया था और एक तहसीलदार को अस्पताल में पीड़िता का बयान दर्ज करने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया। हालांकि, लड़की बयान दर्ज कराने की स्थिति में नहीं थी। पुलिस ने कहा कि शिकायत के आधार पर लड़की के मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच की सिफारिश करते हुए एक प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। पुलिस ने कहा कि मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच में शिकायत के अनुरूप आवाज की रिकॉर्डिंग की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इसके बाद, 25 जून को वसंत कुंज (दक्षिण) थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा छह के तहत मामला दर्ज किया गया। डीसीपी ने बताया कि रंगपुरी पहाड़ी के शंकर कैंप निवासी रेहान को गिरफ्तार किया गया है। उसने 12 वीं कक्षा तक पढ़ाई की है और पहले हवाई अड्डे पर लोडर के रूप में काम करता था।

## संक्षिप्त खबरें

### मुनक नहर में मिला युवक का शव

नई दिल्ली, । बाहरी उत्तरी जिले के समयपुर बादली इलाके में हैदरपुर स्थित मुनक नहर के पास एक अज्ञात युवक की नग्न अवस्था में लाश मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) को एक कॉल मिली जिसमें बताया गया कि हैदरपुर जल शोधन संयंत्र के पास एक शव पड़ा है। यह जानकारी प्लांट के एक कर्मचारी ने दी। सूचना मिलते ही समयपुर बादली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पुलिस को एक युवक नग्न अवस्था में मिला। शव को बाहर निकाला गया और क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। जांच के दौरान पाया गया कि मृतक की उम्र 20-22 वर्ष है। उसके गले में सफेद कपड़ा बंधा हुआ था। जिससे गला घोंटने की आशंका जताई जा रही है। इसके अलावा मृतक के पेट के दाहिने हिस्से से आंतें बाहर निकली हुई थीं। युवक के शरीर के आगे-पीछे पर किसी नुकीली चीज से किए गए गहरे घाव पाए गए। क्राइम टीम ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। फिलहाल पुलिस आसपास के थानों में संपर्क कर मृतक की पहचान करने में जुटी हुई है।

### मुठभेड़ के बाद बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली, । दक्षिण पश्चिम जिले की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और सनलाइट कॉलोनी थाने की संयुक्त कार्रवाई में तड़के सुबह कुख्यात और वांछित लुटेरा ललित उर्फ नेपाली मुठभेड़ में घायल हो गया। यह मुठभेड़ राजधानी दिल्ली के सराय काले खां बस स्टैंड इलाके के पास हुई। दिल्ली पुलिस के अनुसार,आरोपी ललित उर्फ नेपाली दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहा है और कई मामलों में अदालत द्वारा फरार घोषित किया जा चुका है। ललित एक आपराधिक मामले में 14 साल की सजा पा चुका है जो साकेत थाने में दर्ज था। उसके पास से एक अत्याधुनिक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस भी दिल्ली पुलिस ने बरामद किए हैं। डीसीपी हेमंत तिवारी के अनुसार बुधवार तड़के सुबह हुई इस मुठभेड़ के दौरान ललित द्वारा की गई गोलीबारी में एसीपी लाजपत नगर की बुलेटप्रूफ जैकेट ने उन्हें बचा लिया। जवाबी कार्रवाई में ललित घायल हो गया, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच में पता चला है कि आरोपित लगभग दो दर्जन अपराधों में शामिल है और अदालत द्वारा फरार घोषित किया जा चुका है।

### एनडीएमसी पांच जुलाई को सुविधा शिविर करेगी आयोजित

नई दिल्ली, । नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) अपना सुविधा शिविर शनिवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित करेगी। सुविधा शिविर एनडीएमसी की नागरिक आउटरीच पहल का हिस्सा है। जिसका उद्देश्य नगरपालिका सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए जानकारी, सुविधा और शिकायत निवारण करना है। एनडीएमसी क्षेत्र निवासी सेवा उपयोगकर्ता, आरडब्ल्यूए (निवासी कल्याण संघ), एमटीए (बाजार व्यापारी संघ) और एनडीएमसी कर्मचारी दोनों सेवारत और सेवानिवृत्त लोगों को संबंधित शिकायतों को हल करने के लिए सुविधा शिविर में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## थाईलैंड में चोरी के आरोपों का सामना कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तारी पूर्व जमानत

नई दिल्ली, । दिल्ली उच्च न्यायालय ने थाईलैंड में कथित चोरी के लिए प्रत्यर्पण कार्यवाही का सामना कर रहे एक व्यक्ति को अग्रिम जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने कहा कि उस व्यक्ति तक आसानी से पहुंचा जा सकता है और वह लगातार जांच में सहयोग करने की अपनी इच्छा प्रदर्शित करता रहा है। अदालत ने कहा कि लंबित प्रत्यर्पण अनुरोध को बिना उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के हनन के, वैधानिक ढांचे के तहत प्रभावी ढंग से निस्तारित किया जा सकता है। एक जुलाई के आदेश में कहा गया, चूंकि कथित अपराध थाईलैंड में हुआ था, इसलिए याचिकाकर्ता द्वारा साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ या किसी गवाह को धमकाने की कोई संभावना नहीं है। जहां तक याचिकाकर्ता के भागने का जोखिम है, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि इस न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, उसने अपना पासपोर्ट इस न्यायालय के रजिस्ट्रार को जमा कर दिया है, जिससे उसके फरार होने की संभावना कम हो गई है। याचिका में कहा गया है कि शंकेश मुथा 2013 में थाईलैंड के बैंकॉक में स्थित एक इकाई फ्लॉलेस कंपनी लिमिटेड में काम करने लगा और आठ साल पूरे करने के बाद भारत लौट आया। कंपनी ने 2021 में उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसने करीब 3.89 करोड़ रुपये मूल्य के 8 हीरे चुरा लिए और भारत भाग गया। एक आपराधिक शिकायत के बाद, सदर्न बैंकॉक आपराधिक अदालत थाईलैंड ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया और थाई अभियोजकों ने प्रत्यर्पण प्रयास शुरू किए। भारत में, राजधानी स्थित पटियाला हाउस अदालत के समक्ष कार्यवाही शुरू हुई।

## दिल्ली पंचायत संघ की गरीब, ग्रामीण,किसानों के लिए पुरानी गाड़ियों पर राहत व इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी बढ़ाने की मांग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली देहात गांव ग्रामीण व किसानों के हित में पुरानी गाड़ियों पर लगे प्रतिबंधों में समय में राहत और इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी बढ़ाने की मांग दिल्ली सरकार से की। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि देहात क्षेत्रों में ग्रामीण, किसान परिवारों के पास वाहन ही आजीविका का मुख्य साधन हैं, जो पुराने हो गए हैं। जिन पर एकदम प्रतिबंध से उनकी आजीविका प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण की समस्या के कई और स्रोत भी हैं, जिन पर गंभीरता से ध्यान देना आवश्यक है। विशेषकर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा मास्टर प्लान के तहत विकसित आवासीय क्षेत्रों को बिना उचित आधार



के व्यावसायिक श्रेणी में शामिल कर देना, जिससे इन कॉलोनियों में पार्किंग की समस्या ने मुख्य सड़कों का यातायात प्रभावित किया है। थान सिंह यादव ने आगे कहा कि दिल्ली के विकास के लिए योजनानुसार किसानों की पूर्व में अधिग्रहित की गई कृषि भूमि पर बने बैंक्वेट हॉल, टेंट पंडाल और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां भी ट्रैफिक जाम और प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई की जरूरत है। मुख्य मार्गों व फुटपाथ पर अवैध पार्किंग व अवैध विज्ञापन होर्डिंग भी यातायात बाधित करते हैं। इस पर भी कार्रवाई से प्रदूषण मुक्ति में राहत मिलेगी। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने दिल्ली सरकार से मांग की है कि पुरानी गाड़ियों की जब्ती की समयसीमा बढ़ाई जाए और गरीब, ग्रामीण क्षेत्रों में उपयोग होने वाले दोपहिया और छोटी कारों के बदले इलेक्ट्रिक वाहनों पर कम से कम 30% सब्सिडी दी जाए। इससे न केवल दिल्ली देहात व ग्रामीण किसान परिवारों को राहत मिलेगी बल्कि सरकार का प्रदूषण नियंत्रण अभियान भी गति पकड़ेगा।

## मेरे ऊपर फायरिंग की खबर अफवाह : सिरसा



नई दिल्ली, । दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा पर फायरिंग की खबरें पूरी तरह से गलत निकलीं। दरअसल, मनजिंदर सिंह सिरसा एक फैक्ट्री के विजिट पर गए थे, जहां एक सिलाई मशीन का पार्ट पड़ा हुआ था जिसे किसी ने कारतूस समझ लिया और अफवाह फैला दी कि उन पर गोली चलाई गई है। दिल्ली पुलिस ने जांच के बाद इस बात की पुष्टि की है कि फायरिंग की घटना हुई ही नहीं है। मनजिंदर सिंह सिरसा ने खुद भी इन खबरों को अफवाह बताया है। पूरे मामले में दिल्ली पुलिस ने बताया कि दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा दोपहर के वक्त ख्याला क्षेत्र में दौरे के लिए निकल रहे थे तभी गली में कुछ टुकड़ा दिखा। ये टुकड़ा दूर से देखने पर कारतूस जैसा दिखाई दे रहा था। जांच में पता चला कि जिस टुकड़े को कारतूस समझा गया था, वह दरअसल सिलाई मशीन का एक हिस्सा था। पुलिस ने इलाके की जांच की और इस तरह की घटना होने की संभावना से पूरी तरह से इनकार कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने पुष्टि की है कि मनजिंदर सिंह सिरसा पर फायरिंग की घटना हुई ही नहीं थी, और यह महज एक अफवाह थी। मनजिंदर सिंह सिरसा ने गोली चलने की खबर को पूरी तरह अफवाह बताया है। उन्होंने अपने बयान में कहा, मुझे निशाना बनाकर गोली चलाने की खबर पूरी तरह से गलत है। मेरे ऊपर गोलियां नहीं चली है। मैं बिल्कुल ठीक हूं। मनजिंदर सिंह सिरसा दिल्ली सरकार में खाद्य-आपूर्ति, उद्योग, वन और पर्यावरण मंत्री हैं। वो राजौरी गार्डन विधानसभा सीट से जीतकर आए हैं।

## ग्रेटर नोएडा स्थित मदरहुड अस्पताल में 100 डिलीवरी पुरी होने का जश्न

### महिलाओं और बच्चों की सेहत के लिए लोगों का बढता भरोसा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नोएडा महिलाओं और बच्चों की देखभाल के लिए खासतौर पर बनाए गए मदरहुड अस्पताल ने अपने नए ग्रेटर नोएडा सेंटर में १०० से अधिक महिलाओं की सफलतापूर्वक डिलीवरी की हैं। अस्पताल शुरू होकर कुछ ही महीने हुए हैं, और इतनी जल्दी ये उपलब्धि मिलना एक बड़ी बात है। इससे यह पता चलता हैं की, इस इलाके में अच्छी और भरोसेमंद मातृत्व सेवा की बहुत जरूरत है। ये १०० डिलीवरी हर एक मां की सुरक्षित और खास कहानी को दर्शाती हैं, जिसमें अच्छे डॉक्टर, नई तकनीक और मानवीय देखभाल का बड़ा योगदान है।मदरहुड अस्पताल के सीईओ मिस्टर विजयरत्न वेंकटरमण ने कहा, सिर्फ तीन महीनों में १०० से अधिक डिलीवरी करना हमारे लिए गर्व की बात है। ये दिखाता है कि हम शुरूआत से ही मां और बच्चे की अच्छी देखभाल करने के अपने वादे पर खरे उतरे हैं। हम उन सभी परिवारों के आभारी हैं जिन्होंने हम पर भरोसा किया।ह्वनोएडा में पिछले छह सालों से काम कर रहे मदरहुड अस्पताल ने अब ग्रेटर नोएडा में भी शुरूआत की है ताकि यहां की बढ़ती आबादी को बेहतर प्रेग्नेंसी, स्त्रीरोग, बच्चों और नवजात की देखभाल मिल सके। इस सुविधा की प्रमुख विशेषताएं: अत्याधुनिक लेवल ३ एनआयसीयू नवजात शिशू को देखभाल प्रदान करता हैं प्रमुख स्त्रीरोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ और नवजात विशेषज्ञों की अनुभवी टीम फैमिली-इंटिग्रेटेड केयर मॉडल, जिसमें कंगारू केयर सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं २४ घंटे जांच और इमरजेंसी सुविधाएं झ्र मां और बच्चे दोनों के लिए मिस्टर सनी किचलू, रीजनल हेड झ्र नॉर्थ ने कहा, हर डिलीवरी एक नई उम्मीद और भावनाओं की कहानी होती है। हम सिर्फ बच्चों को जन्म नहीं देते, बल्कि लोगों का भरोसा भी जीतते हैं। अस्पताल में कार्यरत प्रमुख डॉक्टर्स: डॉ. रोनक खंडेलवाल झ्र प्रसूति व स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिति जैन झ्र प्रसूति, स्त्रीरोग, लैप्रोस्कोपी और कॉस्मेटिक गाइनाकोलॉजी डॉ. कनिका गेरा ठकरेल झ्र प्रसूति व स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा चौधरी झ्र प्रसूति, स्त्रीरोग और लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. अक्षय मेहता झ्र नवजात व बच्चों के डॉक्टर बदलती हेल्थ समस्याएं और तैयारी: ३० से ४० साल की महिलाओं में समय से पहले डिलीवरी के मामले १०-१५% तक बढ़े हैं। इसकी वजह हाई ब्लड प्रेशर और गर्भावधि डायबिटीज जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां हैं। मदरहुड हॉस्पिटल्स ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए समय पर जाचं करना काफी जरूरी हैं।

## कम, कम, कम. केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया स्वस्थ जीवनशैली का मंत्र

भोपालै । एक निजी संवाद कार्यक्रम के लिए राजधानी भोपाल पहुंची केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री व अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने स्वस्थ भारत को ही समृद्ध और विकसित भारत की नींव बताते हुए कहा कि स्वस्थ्य जीवनशैली के लिए हमें तेल, चीनी और नमक थोड़ा कम करना होगा, साथ ही तेजी से बढ़ते मोटापे की समस्या को भी ध्यान में रखना होगा। उन्होंने आंकड़े पेश करते हुए अनुमान जताया कि 2050 तक देश के 44 करोड़ लोग मोटापे का शिकार हो सकते हैं। वहीं वर्तमान में देश की 24 फीसदी महिलाएं व 23 फीसदी पुरुष मोटापे से ग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि मोटापे के खिलाफ लड़ाई को हम सब को मिलकर लड़ना है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने मध्य प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि, मोटापे के खिलाफ इस लड़ाई में आप सभी



हमारा साथ दें और अपने आहार को संतुलित रखें, तेल कम, चीनी कम, नमक कम के मंत्र के साथ स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं। इस कार्यक्रम में अपना दल (एस) मध्य प्रदेश इकाई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान मध्य प्रदेश प्रभारी व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह पटेल, राष्ट्रीय महासचिव ह्ययुवा मंचह्न डॉ अखिलेश पटेल, राजनीतिक रणनीतिकार डॉ अतुल मलिकराम, वरिष्ठ पदाधिकारी अर्जुन सिंह पटेल, देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश कार्यालय सचिव रोहित चंदेल व अन्य उपस्थित रहे। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प करोड़ों देशवासियों ने साथ मिलकर लिया है। 2047 में हम विकसित भारत की बात करते हैं तो यह लाजमी हो जाता है कि जब देश आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा तब देश की सेहत कैसी होनी चाहिए, मध्य प्रदेश की सेहत कैसी होनी चाहिए। आज देश के ऐसे बहुत सारे ग्रामीण इलाके और पिछड़े इलाके हैं, उनमें खासतौर से विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता की चुनौती है। 2047 में हमें ऐसा भारत नहीं चाहिए, अगर 2047 में ऐसा भारत नहीं चाहिए तो काम तो अभी से करना पड़ेगा। इस दिशा में हमने काम शुरू कर दिया है।

## साइबर धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़ जामताड़ा से तीन लोग गिरफ्तार



नई दिल्ली, । दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति से 10.80 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में झारखंड के जामताड़ा से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। संदेह से बचने और स्थानीय लोगों की तरह दिखने के लिए पुलिस की एक टीम ने पारंपरिक आदिवासी पोशाक पहनकर आरोपियों की टोह ली और कई घंटे तक दूर से संदिग्धों पर नजर रखी। अधिकारी ने यह भी दावा किया कि आरोपियों की गिरफ्तारी से जामताड़ा से साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मुजफ्फर जिलानी (27), आफताब अंसारी (27) और मोहम्मद इकबाल रजा (24) के रूप में हुई है, जो जामताड़ा के करमाटार के रहने वाले हैं। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) अमित गोयल ने एक बयान में कहा, ह्यजामताड़ा पिछले कुछ वर्षों में भारत में संगठित साइबर धोखाधड़ी के केंद्र के रूप में कुख्यात हो गया है। हमने धोखाधड़ी में कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए पांच मोबाइल फोन, छह सिम कार्ड और एक डेबिट कार्ड बरामद किया है। दिल्ली के पालम निवासी के सी बर्थवाल (49) की शिकायत पर साइबर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज होने के बाद धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया। बर्थवाल ने आरोप लगाया कि पांच अप्रैल को उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई में एक सरकारी बैंक की क्रेडिट कार्ड शाखा का अधिकारी बताते हुए झूठा दावा किया कि उनके क्रेडिट कार्ड से 588.82 रुपये भुगतान हो गए हैं। डीसीपी ने कहा, ह्यइसके बाद फोन करने वाले ने पीड़ित पर दबाव डाला कि वह उसके फोन पर भेजे गए लिंक पर क्लिक करके अपना क्रेडिट कार्ड सक्रिय या ब्लॉक कर दे। यह लिंक एक धोखाधड़ी वाली साइट पर ले गया, जो आधिकारिक बैंक पोर्टल जैसा था। इससे अनजान बर्थवाल ने लिंक खोला और अपने कार्ड का विवरण साझा किया। एक दिन बाद बर्थवाल को एक और कॉल आया जिसमें और भी ज्यादा निजी जानकारी ली गई। अगले कुछ दिनों में, उनके क्रेडिट कार्ड और लिंक्ड बैंक खाते से कथित तौर पर 10.80 लाख रुपये के अनधिकृत लेनदेन किए गए। प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद मामले में जांच शुरू हुई। टीम ने तकनीकी निगरानी की और आरोपियों की पहचान जामताड़ा क्षेत्र में की। डीसीपी ने बताया, ह्यदो दिन की निगरानी कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया। तीनों को ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया और उनसे पूछताछ की गई।

## अदालत ने दिल्ली जल बोर्ड को दूषित पानी की आपूर्ति वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया

नई दिल्ली, । दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में अत्यधिक दूषित पेयजल की आपूर्ति संबंधी आरोपों के मद्देनजर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को निरीक्षण करने और खामी को दूर करने का बुधवार को निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने दिल्ली जल बोर्ड के प्राधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उन निवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए जिनके नलों में काले रंग का पानी आ रहा है। पीठ ने मामले की सुनवाई को पांच जुलाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा, उन्हें जो पानी मिल रहा है उसके रंग को देखते हुए हम डीजेबी के उपयुक्त प्राधिकारी को भौतिक निरीक्षण करने, एक रिपोर्ट तैयार करने और उसे अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश देते हैं। अदालत ने पेशे से वकील ध्रुव गुप्ता द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान ये निर्देश दिए। याचिका में दावा किया गया है कि पूर्वी दिल्ली में



योजना विहार, आनंद विहार, जागृति एन्क्लेव और आस-पास के अन्य इलाकों के निवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर मलजल मिश्रित अत्यधिक दूषित पेयजल की आपूर्ति के कारण बड़ा खतरा है। अदालत ने डीजेबी के वकील से कहा कि वे इस मामले पर प्राधिकारियों से निर्देश प्राप्त करें और शुक्रवार को उसे अवगत कराएं। अदालत ने निर्देश दिया कि यदि निरीक्षण के दौरान ऐसी कोई त्रुटि पाई जाती है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है तो उसे तुरंत दूर किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि आम नागरिकों के स्वच्छ पेयजल के अधिकार का गंभीर उल्लंघन किया गया है। उन्होंने कहा कि पीने योग्य पानी के रूप में मलजल के अत्यधिक दूषित पानी की आपूर्ति के कारण बुजुर्गों और बच्चों सहित निवासी गंभीर रूप से बीमार हो सकते हैं जिससे बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य संकट पैदा हो सकता है। याचिका में कहा गया है कि इन इलाकों के नलों में 12 जून से दूषित पानी आ रहा है और अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत की गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसमें कहा गया है कि पूरा विश्वास नगर निर्वाचन क्षेत्र, जिसमें योजना विहार क्षेत्र शामिल है, दूषित पानी की इस समस्या से जूझ रहा है।

## भाजपा ने लोगों को परेशान करने का कोई मौका नहीं छोड़ा :आप

नई दिल्ली, । आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हर क्षेत्र में विफल करार देते हुए बुधवार को कहा कि दिल्ली की सत्ता में आने के पांच महीने के अंदर ही जनता को परेशान करने का कोई मौका नहीं छोड़ा है। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने एक्स पर कहा, सिर्फ.पांच महीने में ही दिल्ली के बच्चे-बच्चे को समझ आ गया कि भाजपा वालों को सरकार चलाना नहीं आता। इन्हें तो बस लोगों को सताना आता है, लूटना आता है, घर उजाड़ना और बर्बाद करना आता है। श्री सिसोदिया ने कहा, ह्वदस साल पुरानी कार और मोटरसाइकिल को पेट्रोल नहीं मिलने से प्रदूषण कैसे कम होगा? इससे तो बस दिल्ली की चारों तरफ, बॉर्डर पर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के पेट्रोल पंपों की चांदी हो गई है। लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं इन पंपों पर और उनमें से 90 प्रतिशत लोग दिल्ली के वही हैं जिनकी गाड़ियाँ 10 साल पुरानी हैं। यानी जिसे अपने घर से पांचझ्र10 किलोमीटर जाना था, वो अब 15झ्र20 किलोमीटर दूर दिल्ली की सीमा से सटे पेट्रोल पंप पर जाकर तेल भरवा रहा है ताकि दिल्ली में अपनी गाड़ी चला सके। उन्होंने कहा,अब बताइए, प्रदूषण भी बढ़ेगा, सड़कों पर भीड़ भी बढ़ गई और आम आदमी परेशान हो रहा है वो अलग।इसलिए कहते हैं इनसे सरकार नहीं चलाया जाता, सिर्फ.जनता को सताना आता है। सत्ता में आए अभी सिर्फ.पांच महीने ही हुए हैं, लेकिन इतने कम समय में इन्होंने जनता को परेशान करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। आप नेता ने कहा, ना बिजली ठीक से मिल रही है,

## चीनी नागरिक से जुड़े साइबर धोखाधड़ी मामले में ईडी ने छापे मारे

नई दिल्ली, । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों द्वारा कथित तौर पर 900 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर धोखाधड़ी किए जाने से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को दिल्ली में कई स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने इस ह्यह्लधोखाधड़ीह्नह्न की जांच के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि शिनदाई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के खिलाफ जांच के सिलसिले में दिल्ली में पांच परिसरों की तलाशी ली जा रही है। आरोप है कि कंपनी ने निवेश के नाम पर आम लोगों को धोखा दिया और पूर्ण मुद्रा परिवर्तक (एफएफएमसी) का उपयोग करके धन शोधन किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अपराध के जरिए करीब 903 करोड़ रुपये प्राप्त किए जाने का आरोप है।

भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
शुद्धिपत्र संख्या 5
सं. 2024/आरएस (ई)/टीएम/2 नई दिल्ली, दिनांक 01.07.2025
विषय: 41 अदद् 'बैलस्ट रेगुलेटिंग मशीन (बीआरएम)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 02.07.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2024–टीएम–2
1. विषय निविदा बंद होने की नियत तिथि 02.07.2025 (बुधवार) से 15.07.2025 (मंगलवार) बदल दी गई है।
2. निविदा के अन्य सभी नियम और शर्तें सामान रहेंगी।
निदेशक, रेल भंडार (एफ)
रेलवे बोर्ड
1990/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-13-T-2025-26-E3 दिल्ली मंडल में दोषपूर्ण सौर संयंत्र, सौर वाटर हीटर (एसडब्ल्यूएच), सौर पंप और स्टैंड–अलोन सौर स्ट्रीट लाइट और उपरोक्त संयंत्र के सीएएमसी की मरम्मत के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 2,07,08,225.00 |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 2,53,600.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 25.07.2025, 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 25.07.2025, 12:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

1991/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाजपा की चार इंजन की सरकार होने के बावजूद भी एमसीडी में कर्मचारियों की नई भर्ती करने में विफल:अंकुश नारंग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी ने एमसीडी में कार्यरत 12 हजार कर्मचारियों को तत्काल पक्का करने की मांग की है। एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि फरवरी-मार्च में ही आप की सरकार ने इन कर्मचारियों को पक्का करने का प्रस्ताव सदन में पास कर दिया था। फिर भी बीजेपी इन्हें पक्का नहीं कर रही है। ह्यह्यआपह्लह्ल की सरकार ने इनको वेतन देने के लिए 800 करोड़ रुपए के बजट का भी प्रावधान कर दिया था। बीजेपी शासित एमसीडी जानबूझ कर इन कर्मचारियों को पक्का नहीं कर रही है, क्योंकि दलालों की बीजेपी नेताओं और अफसरों से सेटिंग है। ये चाहते हैं कि कर्मचारी मजबूर होकर दलालों के पास जाएं और पक्का होने के लिए लाखों रुपए दें। आप मांग करती है कि पक्का करने में पारदर्शिता लाने के लिए एमसीडी में सिंगल विंडो सिस्टम बनाया जाए, जहां कर्मचारी पक्का होने के लिए आवेदन दे सकें और इन दलालों से बच सकें। एमसीडी में आदमी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने बुधवार को सिविक सेंटर में प्रेस वार्ता कर कहा कि एमसीडी की आप सरकार ने फरवरी-मार्च के हाउस में 12 हजार कर्मचारियों को पक्का करने का प्रस्ताव पास किया था। ये दिहाड़ी मजदूर और संविदा कर्मचारी हैं, जो अपनी नौकरी नियमित होने का इंतजार कर रहे हैं। एमसीडी में हाउस सबसे बड़ा होता है। अगर हाउस में कोई प्रस्ताव पास हो गया, उसे वैध माना जाता है। फिर भी ये लोग चार महीने बाद भी कर्मचारियों को पक्का नहीं कर रहे हैं। ये कह सकते हैं कि 12 हजार कर्मचारियों को पक्का कर देंगे तो सैलरी कहां से देंगे? जबकि आप की सरकार ने बजट में कट मोशन लगाया था। जिसमें 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया और 300 करोड़ रुपए का दूसरा कट मोशन लगाया गया। यानी कुल 800 करोड़ पास किए गए। जब बजट में संशोधन हो गया और



कर्मचारी हाउस से पक्के हो गए, तो फिर भाजपा इन कर्मचारियों को पक्का क्यों नहीं होने दे रही? बीजेपी यह कौन सी राजनीति कर रही है। अंकुश नारंग ने कहा कि एमसीडी के कई जोनों में 1998 में नियुक्त सफाई कर्मचारी अभी तक पक्के नहीं हो पाए, उनको काम करते हुए 27 वर्ष हो गए। जब कर्मचारी को पक्का करने की फाइल जाती है, तो अपनी उपस्थिति दिखाने को कहते हैं। ये कर्मचारी दिल्ली की जनता के लिए रोज सड़कें साफ करते हैं। फिर भी ये लोग उनसे हाजिरी मांग रहे हैं। कर्मचारी अपनी अटेंडेंस रखेगा या नियोक्ता यानी एमसीडी कर्मचारी का अटेंडेंस का रिकॉर्ड अपने पास रखेगी। अगर ये पक्का नहीं होंगे तो रिटायरमेंट के बाद इनको कोई लाभ नहीं मिलेगा। अभी 60 कर्मचारी रिटायर हुए हैं। विदाई पार्टी में मेयर राजा इकबाल सिंह ने उनको खाली लिफाफा पकड़ा दिया। उनको चेक, रिटायरमेंट लाभ, कैशलेस मेडिकल योजना किसी का लाभ नहीं मिला। अंकुश नारंग ने कहा कि 2021-22 में 82 कर्मचारियों को पक्का किया गया, जबकि 2004 में पक्का होना था। इन 84 कर्मचारियों का कहना है कि उनके बाद पक्के हुए 94 कर्मचारियों को 2004 से पक्का माना जा रहा है तो उन्हें भी 2004 से पक्का माना जाए। डम्स विभाग ने 25 कर्मचारी लिया और उन्हें कस्तूरबा गांधी अस्पताल में भेज दिया। अब ये कर्मचारी पक्का करने की मांग कर रहे हैं। हेल्थ विभाग इन्हें डम्स भेज रहे हैं, जबकि डम्स वाले उनहें हेल्थ विभाग में भेज रहे हैं। इन कर्मचारियों को समझ ही नहीं आ रहा है कि उन्हें जाना कहां है। अंकुश नारंग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है कि अगर किसी कर्मचारी की एक साल में 240 दिन की हाजिरी है, तो उसे पक्का किया जा सकता है। बीजेपी की एमसीडी सुप्रीम कोर्ट की इस गाइडलाइन को भी नहीं मानती है। एमसीडी किस नियम से चलती है और भाजपा इसे किस तरह चलाना चाहती है? 15 साल भाजपा शासन में एमसीडी अंधकार में गई और अब फिर से बीजेपी इसे अंधकार में ले जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ दलालों की बीजेपी नेताओं और बड़े-बड़े अधिकारियों के साथ सेटिंग है। ये दलाल कर्मचारियों से लाखों रुपए लेकर उनको पक्का कराने की बात कहते हैं और परेशान हो चुके कर्मचारी उसकी बात मान भी जाते हैं। इस भ्रष्टाचार को प्रोत्साहन एमसीडी में बैठे अधिकारी दे रहे हैं। अधिकारी जटिल नीति लाते हैं, ताकि कर्मचारी आसानी से पक्के न हो सकें। इस भ्रष्टाचार को बीजेपी के नेता बढ़ा रहे हैं, जो मेयर, स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन बने बैठे हैं। ये लोग स्टैंडिंग कमेटी में कर्मचारियों का मुद्दा नहीं लाते हैं। इसलिए हाउस में पास होने के बाद भी इन्होंने 12 हजार कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया है, ताकि ये दलालों को पैसा दें और पक्के हों। अंकुश नारंग ने कहा कि 1998 से एमसीडी के कर्मचारी पक्के नहीं हुए हैं।

# रोटरी क्लब ने डॉक्टर्स डे पर किया डॉक्टर्स को सम्मानित




प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा ।डॉक्टर्स डे के अवसर पर रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण की तरफ से स्योहारा के डॉक्टर्स को सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब स्योहारा सम्पूर्ण ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर स्योहारा के डॉक्टर्स को उनके क्लीनिक पर जा कर उन्हें फूलों के बुके देकर सम्मानित किया गया। डॉक्टर्स डे पर सम्मानित होने वाले डॉक्टर्स में स्योहारा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मनोज कुमार वर्मा,डॉ रिसालातुल्लाह खान ,डॉ मारूफ, डॉ अदनान, डॉ के. एस.कालरा ,डॉ जेपी शर्मा, डॉ संजय विश्वकर्मा, डॉ अरुण कुमार शर्मा, डॉ विनित देवरा व गवर्नमेंट अस्पताल के सभी डॉक्टर्स रहे। रोटरी क्लब स्योहारा सम्पूर्ण की ओर से डॉक्टर्स को सम्मानित कराने में क्लब अध्यक्ष शौभित जैन,सचिव समीर रस्तौगी, लव रस्तोगी, मनोज कुमार वर्मा, डॉक्टर रिसालतुल्लाह खान, चमन भारद्वाज, हैरी गुर्जर ,महेश मिगलानी, कांता प्रसाद पुष्पक, राजू अरोड़ा आलोक कुमार अग्रवाल आदि रोटेरियन मौजूद रहे।

# परवेज ब्रादर्स ने मनाया उत्साह पूर्वक पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन

## प्रदेश में फिर बनेगी अखिलेश यादव की सरकार: बदर परवेज



प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी

स्योहारा। परेवज ब्रादर्स और डॉक्टर हम्माद परवेज ने अपने प्रतिष्ठान पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन बड़े ही उत्साह पूर्वक और धूमधाम के साथ मनाया। परवेज ब्रादर्स ग्रुप के हाजी अथर परवेज और बदर परवेज तथा डॉक्टर हम्माद अथर ने अपने प्रतिष्ठान पर अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ केक काटकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 52 वां जन्मदिन उत्साह पूर्व और हर्षोल्लास के साथ मनाया। उपस्थित कार्यकताओं और समर्थकों ने एक दूसरे को केक खिलाकर मुंह मीठा कराया और खुशियां मनाई। बदर परवेज ने उपस्थित कार्यकर्ता और समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश की जनता पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुख्या अखिलेश यादव को याद कर रही है उनके मुख्यमंत्री काल में हुई अनेकों जनहित कारी योजनाओं को आज भी प्रदेश की जनता याद कर उनकी वापसी की कामना कर रही है चाहे वे 108 एम्बुलेंस योजना हो, 112 पुलिस योजना हो या कन्या विद्या धन योजना हो या छात्र, छात्राओं को लैपटॉप, कंप्यूटर का वितरण हो ऐसी अनेकों योजनाएं थी जो प्रदेश में माननीय अखिलेश यादव ने शुरू की थी। उन्होंने कहा कि 2027 के चुनाव के बाद एक बार फिर समाजवादी पार्टी की सरकार अखिलेश यादव के नेतृत्व में बनेगी और प्रदेश का सवार्गीण विकास बिना भेदभाव के होगा। इस अवसर पर रिहान अख्तर आरिफ गांधी अफजल चौधरी जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी,युवा नेता अजीम जफर उर्फ अज्जू, कारी रियासत अली, अयान जावेद,उमेर जावेद,नदीम मलिक अनवर मलिक,दाऊद अली, हमजा परेवज, मौ.यामीन प्रधान ग्राम सफियाबाद, अयाज अहमद आदि सहित बड़ी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नगर पालिका ने किया कुपोषितों बच्चो के लिए पोषण पोटली का वितरण

## कुपोषित बच्चों के लिए पोषण पोटली है बहुत लाभकारी: विजेंद्र सिंह पाल




स्योहारा ।नगर पालिका परिषद स्योहारा द्वारा नगर के कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों को पोषण किट का वितरण किया पोषण पोटली का वितरण अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने किया। उन्होंने बताया कि कुपोषित बच्चों के लिए पोषण पोटली बहुत लाभकारी है पोषण पोटली किट के अंतर्गत भूना चना, गुड़, दलिया, देशी घी, मूंग दाल,अरहर की दाल,व बोर्नविटा को शामिल किया गया। ये एक संतुलित आहार है इसे खाकर कुपोषित बच्चे स्वास्थ्य हो जाते है। इसके साथ ही सर्वे उपरांत पाए गए कुपोषित बच्चों को नगर पालिका द्वारा तैयार एक्शन प्लान के मुताबिक पाक्षिक अवधि पर बच्चों का वजन व लम्बाई की माप कराई गई। कुपोषित बच्चों को पोषित ( सामान्य ) श्रेणी में लाने के लिए तीन महीने का टारगेट रखा गया है। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर बृजेश कुमार स्नेही, सी.डी.पी.ओ तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ नगर पालिका स्टाफ भी मौजूद रहा।

## आज शाहे बेकस की आखरी सवारी है

# छह मोहर्रम का जुलूस मौहल्ला काली पगड़ी स्थित अजाखाना मुसम्मात नूरन से बरामद

● शहीदे कर्बला हुसैन के नारों से गूंजी फिजा

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। अंजुमन-ए-तहफ्फुजे अजादारी की तदर्थ कमेटी के तत्वावधान में छह मोहर्रम का जुलूस मौहल्ला काली पगड़ी स्थित अजाखाना मुसम्मात नूरन से बरामद हुआ। जिसमे दाराब जैदी ने मरसिया पढ़ा ह्यह्यआज शाहे बेकस की आखरी सवारी है इस गमगीन माहौल में जुलूस निकला और हुसैन हुसैन की सदाये बुलंद हुई। जुलूस में अजादाराने हुसैन नंगे पैर, नंगे सिर नौहा पढ़ते हुए सफों में चल रहे थे। अंजुमने रजाकाराने हुसैनी की एक एम्बुलेंस जुलूस के साथ चल रही थी जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी अमरोहा द्वारा नियुक्त चिकित्सक दवाई देते हुए चल रहे थे। जुलूस में शामिल लोग अलग-अलग अजाखानों, घरों में की गई नियाज नजर में शामिल होते हैं। आज के जुलूस की विशेष्ता यह है कि आज का बाजा बहुत अलग होता है इसमें लगभग 22 बैंण्ड होते हैं। छह मोहर्रम के जुलूस में शामिल होने वाले अजादारान की तादादत बढ़ जाती है। आज दुलदुल व तख्त पर छतरी चलती है। जुलूस मच्छरट्टा, मण्डी चैब, दरबारे कलां, कटकुई, काली पगड़ी, घेर करम अली खां, लकड़ा, सट्टी, हक्कानी, जाफरी, काजी गली,पचदरा, काजी जादा, सद्दो, नकशबी, दरबार मीरा खाँ, चाहगोरि, मजापोता, कोट, दानिशमन्दान, बगला, शफातपोता, कटरा गुलाम अली, गुजरी होते हुए नूरन के अजाखाने पर आकर समाप्त हुआ। दुलदुल के पीछे अजादार इमाम हुसैन शहीदे कर्बला हुसैन, मेहमाने कर्बला हुसैन, राकिबे दोशे मुस्तफा हुसैन,हुसैन, हुसैन , हुसैन के नारे लगाते हुऐ चल रहे थे। जुलूस इमाम हुसैन के इस संदेश को प्रचारित व प्रसारित करते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ जंग करो। इमाम हुसैन ने कर्बला में अपनी जान कुर्बान कर दी लेकिन अपने नाना हजरत मोहम्मद सल्लाहोअलेहे व सल्लम के दीन इस्लाम को बचा लिया। यह जुलूस हमे आपस में मिलने का अवसर प्रदान करते हैं। इन जुलूसों का सामाजिक पहलू है कि हम एक दूसरे से विचारों का आदान-प्रदान कर सकें। तथा इस जुलूस का मकसद शान्ती का सन्देश देना है। अमरोहा की पहचान बाहर शहरों और मुल्कों में शान्ती और अमन के लिये आज तक बनी हुई है। नगर के हर मोहल्ले से जुलूस गुजरता है और वहां रहने वाले नागरिक जुलूस को चाय शर्बत पिलाते हैं। जुलूस में जिलाधिकारी अमरोहा द्वारा जुलूस अजा के लिए नामित अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी की तदर्थ समिति के सदस्य लियाकत अली, ज़िया एजाज, बाकर रजा नकवी, नदीम नकवी, शेजाद रजा, कासिम जैदी आदि मौजूद थे। जुलूस का संचालन अंजुमन रजाकाराने हुसैनी ने किया। रजाकारान काईद गुलाम सज्जाद, नयाब काईद इमदाद आब्दी, जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी,मौ तकी,डॉ. चन्दन नकवी, वसीम जैदी, सलीम जैदी, मोहम्मद हैदर, गालिब हुसैनी, शाने मुज्तबा, हुसैनी,कमर रजा सलीम,जाफर रजा, काशिफ जैदी आदि ने किया।

# विश्व हिंदू महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न: प्रदेश मीडिया प्रभारी संतोष मिश्रा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



विश्व हिंदू महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय महंत परिसर कालका जी मंदिर में राष्ट्रीय अध्यक्ष कालका पीठाधीश्वर परम पूज्य महंत सुरेन्द्रनाथ अवधूत महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में ज्ञानेंद त्यागी जी को गोरक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री का प्रस्ताव रखा गया। संतोष मिश्रा को प्रिंट मीडिया प्रभारी का सुझाव रखा गया। विश्व हिंदू महासंघ संगठन के कार्यकर्ताओ/पदाधिकारिओ से किसी भी वाद विवाद में न पड़ने का सुझाव भी रखा गया। विश्व हिंदू महासंघ की राष्ट्रीय टीम और प्रदेश की टीम जहाँ हिन्दुत्व के लिए मिलकर आगे बढ़ेगी वही विश्व हिंदू महासंघ संगठन के प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन करते हुए सोशल मीडिया पर मर्यादित भाषा आधिकारिक जानकारी के साथ सुसंगत डिजाइन को प्राथमिकता दी जाएगी। विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कालका पीठाधीश्वर परम पूज्य महंत सुरेन्द्रनाथ अवधूत महाराज ने कहा की विश्व हिंदू महासंघ संगठन तभी आगे बढ़ता है जब अनुशासन और समन्वय साथ साथ चले। विश्व हिंदू महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी सत्यानंद गिरि महाराज, प्रमोद त्यागी, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री योगी तेजपाल सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता विक्रम गोस्वामी, राष्ट्रीय सचिव सोमेश भारद्वाज, गोरक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुरेशचन्द्र दक्ष सहित सभी पदाधिकारी लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में तीन आरोपितों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दक्षिण-पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने जामताड़ा (झारखंड) में सक्रिय एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पदार्फाश किया है। यह गिरोह देशभर में फर्जी केवाईसी अपडेट के नाम पर लोगों से ठगी करता था। पुलिस ने इस गिरोह के तीन मुख्य आरोपित - मुजफ्फर जिलानी, आफताब अंसारी और मोहम्मद इकबाल रजा को गिरफ्तार किया है। गिरोह ने पालम निवासी एक व्यक्ति से 10.80 लाख की ठगी की थी। पीड़ित के.सी. बर्थवाल को अप्रैल महीने में एक फोन कॉल आया जिसमें खुद को एसबीआई क्रेडिट कार्ड विभाग का अधिकारी बताकर कहा कि उनके कार्ड से 588.82 डेबिट हो चुके हैं। डर और भ्रम के माहौल में उनसे एक लिंक पर क्लिक कर केवाईसी अपडेट करने को कहा गया। लिंक पर क्लिक करते ही उन्होंने अपनी क्रेडिट कार्ड जानकारी और ओटीपी साझा कर दी। अगले कुछ दिनों में उनके खाते से कुल 10.95 लाख रुपये की अवैध निकासी हो गई। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी अमित के अनुसार पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने जामताड़ा में 2 दिन तक लगातार रेकी कर, स्थानीय वेशभूषा में रहकर शातिरों की पहचान की। इसके बाद मुजफ्फर जिलानी और आफताब अंसारी को मौके से गिरफ्तार किया गया। बाद में तीसरे आरोपित इकबाल रजा को भी दबोच लिया गया।

# कारमेल पबि स्कूल में हुआ वृक्षारोपण, कला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

गजरौला। नगर के कारमेल पब्लिक स्कूल में देश भर में आयोजित हो रहे वृक्षारोपण सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को वन विभाग की तरफ से त्रिवेणी वृक्षारोपण अभियान चलाया, इसी के साथ ही कला और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उप प्रभागीय अधिकारी अमरोहा विमल किशोर ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन के रक्षक हैं। यदि पेड़, पौधे , प्रकृति और वनस्पति न हो तो हमारा जीवन जीना कठिन हो जाएगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति जीवन में पौधे जरूर रौंपे और उनका संरक्षण भी करे, ताकि यह धरा हरी भरी बनी रही। कार्यक्रम को नरेश कुमार, सुमिति व पर्यावरणविद् संजीव पाल ने भी पौधारोपण की महत्ता पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रबंधक विक्रम सिंह व प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा ने बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों से पौधारोपण का आह्वान किया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य आरपी सिंह, प्रीति चौहान, संध्या, शुभम वशिष्ठ, धनवंत सिंह, आशुतोष सिंह, विकास शर्मा, संजय कुमार, चंद्रपाल सिंह, कमलेश सिंह आदि ने अपना योगदान दिया। वहीं कला में उपासना, अंशिका व तनिष्क क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे, जबकि भाषण में उपासना का प्रथम स्थान रहा।

# अंतरराज्यीय हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, छह आरोपित गिरफ्तार



नई दिल्ली,। उत्तर जिले के एंटी-नारकोटिक्स सेल ने एक अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्कर गिरोह का पदार्फाश करते हुए 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो नाबालिग शामिल हैं। पुलिस ने इस गिरोह से कुल 14 पिस्तौल (13 देशी और 1 सेमी-ऑटोमैटिक), 18 जिंदा कारतूस और एक स्कूटी जब्त की है, जो हथियारों की सप्लाई में इस्तेमाल होती थी। उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजा बंथिया के अनुसार पुलिस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि दिल्ली में अवैध हथियारों की आपूर्ति हो रही है। सूचना के आधार कार्रवाई करते हुए बीती रात फरीदाबाद बस स्टैंड से मोहम्मद बिलाल (19) को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 4 देशी पिस्तौल और 8 जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। बिलाल से पूछताछ में पता चला है कि उसने हथियार अलीगढ़ निवासी आज़िम और हारुन से खरीदे थे और भलस्वा डेयरी व मुकुंदपुर क्षेत्र में कई बार सप्लाई की थी। पुलिस ने भलस्वा डेयरी से भी एक नाबालिग पकड़ा है, जिसके पास से 1 पिस्तौल और 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। मुकुंदपुर से गौरव कुमार झा की भी गिरफ्तारी हुई, इसके कब्जे से 2 पिस्तौल और 4 कारतूस बरामद हुए है। वहीं, अलीगढ़ से पुलिस ने आज़िम को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 1 सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल, 1 देशी कट्टा और 4 कारतूस बरामद किए हैं। इसी क्रम में पुलिस टीम ने भारत कुमार उर्फ भानु को 4 देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। आरोपितों से पूछताछ करने के बाद एक और नाबालिग को एक पिस्तौल के साथ पकड़ा गया है। डीसीपी के अनुसार पुलिस टीम अब आरोपितों के कॉल डिटेल्स, उनके परिचितों और अन्य लिंक की जांच कर रही है, ताकि इस पूरे हथियार नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचा जा सके।

# मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री शेखावत और उपराज्यपाल के साथ किया पुनर्स्थापित मध्यकालीन शीश महल का उद्घाटन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल के साथ बुधवार को शालीमार बाग स्थित पुनर्स्थापित ह्यमध्यकालीन शीश महलह्ल का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि ह्यशीश महलह्ल के संरक्षण एवं पुनरुद्धार का कार्य उपराज्यपाल के निर्देशन में संपन्न हुआ है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ह्यविकास भी, विरासत भीह्ल अभियान की भावना को साकार करने वाला एक प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी की समृद्ध विरासत को संरक्षित रखने के साथ-साथ ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण, पुनरुत्थान एवं जनसुलभ बनाने के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है। उल्लेखनीय है कि शालीमार बाग का शीश महल मुगल बादशाह शाहजहां ने 1653 में बनवाया था। यह दिल्ली के शालीमार बाग में स्थित है और इसे अकबराबादी महल के नाम से भी जाना जाता है, जो शाहजहां की तीसरी बेगम इज-उन-निसा के नाम पर रखा गया था। शीश महल, मुगल वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें दीवारों और छतों पर शीशे लगे हुए हैं, जिससे यह दर्पणों का महल कहलाता है। इससे पहले बुधवार की सुबह मुख्यमंत्री ने अपने निवास पर दिल्लीवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अनेक मामलों में त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार जनकल्याण को सर्वोपरि रखकर, जनभागीदारी से दिल्ली को एक सक्षम, समावेशी और सुशासित राजधानी बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। सेवा हमारा धर्म है, सुशासन हमारी पहचान, और दिल्ली का प्रत्येक नागरिक हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता।

# भविष्य के लिए तैयार कार्यबल जरूरी: सुमन बेरी

नई दिल्ली,। भारत को यदि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना है, तो उसे अपनी मानव संसाधन क्षमता को न केवल भविष्य की नौकरियों के लिए, बल्कि आजीवन सीखने की संस्कृति के लिए तैयार करना होगा। यह विचार नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा आयोजित 30वें प्रो. जी. राम रेड्डी स्मृति व्याख्यान में व्यक्त किए। इस वर्ष स्मृति व्याख्यान का विषय भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निमार्णः शिक्षा, कौशल और डिजिटल परिवर्तन था। सुमन बेरी ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल परिवर्तन और तकनीकी बदलावों से प्रभावित कार्य संसार में भारत के सामने यह चुनौती है कि वह युवाओं, महिलाओं और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों को समावेशी और टिकाऊ कौशल प्रणाली के जरिए सशक्त बनाए। सुमन बेरी ने कहा कि भारत की नीति प्राथमिकताओं में समान डिजिटल पहुंच, कौशल विकास के लिए मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र और सभी वर्गों के लिए अवसरों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश हमें अभूतपूर्व अवसर देता है, लेकिन यह तभी सार्थक हो सकता है जब उत्पादकता, समावेशन और नवाचार साथ-साथ आगे बढ़ें। स्मृति व्याख्यान के दौरान सुमन बेरी ने प्रो. जी. राम रेड्डी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा के एक समावेशी और शिक्षार्थी-केंद्रित मॉडल का समर्थन किया। प्रो. रेड्डी का यह विश्वास था कि शिक्षा केवल रोजगार पाने का जरिया नहीं, बल्कि व्यक्तिगत और सामाजिक सशक्तिकरण का मार्ग है। यही सोच आज विकसित भारत के निर्माण में हमारी दिशा तय कर सकती है। इस अवसर पर इग्नू की कुलपति प्रो. उमा कांजीलाल ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि विश्वविद्यालय ने हमेशा नवाचार और समावेशिता को प्राथमिकता दी है।

# अधिवक्ताओं का विरोध तेज कोर्ट में आज से भूख हड़ताल

नई दिल्ली,। राजधानी की कड़कड़डूमा अदालत में अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन अब और तीव्र हो गया है। एनआई एक्ट से जुड़ी डिजिटल कोर्ट को राउज एवेन्यू कोर्ट में स्थानांतरित किए जाने के विरोध में शाहदरा बार एसोसिएशन ने तीन जुलाई से भूख हड़ताल की घोषणा की है। कोर्ट के अधिवक्ता मंगलवार से ही हड़ताल पर हैं। शाहदरा बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बुधवार को आपात बैठक बुलाई गई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता तीन जुलाई को अदालत में न तो व्यक्तिगत रूप से और न ही वर्चुअली रूप से पेश होंगे। साथ ही, फैसिलिटेशन सेंटर के पास वकीलों द्वारा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। एसोसिएशन के सचिव नरवीर डबास ने जारी नोटिस में सभी अधिवक्ताओं से सहयोग की अपील की। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि कोई वकील अदालत में पेश होता है तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बार एसोसिएशन ने सभी न्यायिक अधिकारियों से अनुरोध किया है

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है, इसे हम सब को मिलकर पूरा करना है: जिला पदाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता




मुंगेर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, मुंगेर द्वारा आज समाहरणालय स्थित संवादकक्ष में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 को लेकर सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं से मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं गणना प्रपत्र वितरण, उसे शुद्ध रूप से भरवाने तथा जमा कराने से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस अवसर पर नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित, अपर समाहर्त्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार सहित सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे ससमय पूर्ण करना जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। सिर्फ ईआरओ, ईआरओ तथा आरओ एवं बीएलओ को ही इस कार्य को नहीं करना है, बल्कि हम सभी को पूरी तत्परता के साथ इस कार्य में अभी से ही लग जाना है और निर्धारित समय सीमा के अंदर इसे हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2025 तक जो मतदाता सूची बनी है उसके आधार पर भी सभी मतदाता सूची की जांच होनी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम हुआ था और अब पुनः वर्ष 2025 में भारतीय चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इसमें जितना रोल जिला प्रशासन तथा संबंधित पदाधिकारियों का है, उतना ही मतदाताओं का भी है। उन्होंने सभी मतदाताओं से भी अपील करते हुए कहा कि आप सभी फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा, उसका सही अध्ययन करें और शुद्ध रूप से उसे अवश्य भरें। साथ ही उसके साथ जो संबंधित दस्तावेज बीएलओ द्वारा आपसे मांगा जाए वह निश्चित रूप से उपलब्ध कराएं। यदि किसी भी कारणवश अथवा आपके भूलवश इस गहन पुनरीक्षण में कोई त्रुटिपूर्ण जानकारी ना दें। यह याद रखें के मतदाता पहचान पत्र ही एक मात्र ऐसा दस्तावेज है जो आपके भारतीय नागरिकता का प्रमाण है। इस लिए इसके लिए चलाए गए अभियान में आप सभी मतदाता भी अपनी भूमिका अवश्य रूप से निभाएं तथा आपके घर पहुंचने वाले बीएलओ को सहयोग करें। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी से कहा कि बीएलओ को घर घर जाकर भरने वाले सभी तरह के फॉर्म उपलब्ध करा दें, ताकि वह अपने क्षेत्र के संबंधित मतदाताओं को जरूरत के हिसाब से फॉर्म उपलब्ध करा सकें और उसे भरने में अपना पूर्ण सहयोग दे सकें। उन्होंने कहा कि घर घर जाकर सभी फॉर्म उपलब्ध कराना भी एक चैलेंजिंग काम है। इस लिए सभी बीएलओ के साथ विकास मित्र, आवास सहायक, टोला सेवक, सेविका, जीविका दीदी, पंचायत सहायक, वार्ड सदस्य तथा डीलरों को भी उनके सहयोग के लिए कार्यहित में प्रतिनियुक्त करने का निर्देश सभी वरीय पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्र के विद्यालयों के शिक्षकों को भी इस कार्य में लगाएं ताकि वह भी इसमें बीएलओ को सहयोग कर सकें। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों से कहा कि आप उक्त सभी कर्मियों से शीघ्र ही बैठक अथवा संपर्क कर उन्हें इस कार्य के लिए प्रतिनियुक्त करा लें। सभी बीएलओ बूथवाइज सेविका/जीविका दीदीयों के माध्यम से घर घर जाकर फार्म बटवाएंगे। उन्होंने सभी वरीय पदाधिकारियों को भी इस कार्य का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड वरीय पदाधिकारियों को अपने अपने प्रखड क्षेत्रांतर्गत जाकर बीएलओ के कार्यों की जांच अथवा निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आप सभी स्वयं भी यह जांच करें कि जो कार्य किया जा रहा है वह सही हो रहा है या नहीं। जांच के पश्चात सभी संबंधित अधिकारी शाम में होने वाले जूम मिटिंग में अद्यतन जानकारी से अवगत कराएंगे। उन्होंने नगर आयुक्त से सभी नगर निकायों के अधिकारी से भी इस संबंध में बैठक करने का निर्देश दिया। घोषणा के समर्थन में प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की सांकेतिक (संपूर्ण नहीं) सूची (यदि उल्लिखत हो तो, स्वयं, पिता और माता के लिए अलग अलग स्व-अभिप्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने हैं, सिवाय जहां अर्हता तिथि 01/01/2003 के आधार पर बिहार की निर्वाचन नामावली का उद्धरण उपयोग किया गया हो, को अपने आप में पर्याप्त दस्तावेज माना जाएगा।

**पर्याप्त दस्तावेज**

- केंद्रीय/राज्य/पीएसयू के नियमित कर्मचारी/पेंशनभोगी को निर्गत कोई पहचान पत्र/पेंशन भुगतान आदेश
- सरकार/स्थानीय प्राधिकरण/बैंक/डाकघर/एलआईसी/पीएसयू द्वारा भारत में 01/07/1987 से पूर्व निर्गत किया गया कोई भी पहचान पत्र/प्रमाणपत्र/दस्तावेज
- सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र
- पासपोर्ट
- मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालयों द्वारा निर्गत मैट्रिकुलेशन/शैक्षणिक प्रमाण पत्र
- सक्षम राज्य प्राधिकार द्वारा निर्गत स्थायी निवास प्रमाण पत्र
- वन अधिकार प्रमाण पत्र
- सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत ओबीसी/एससी/एसटी या कोई जाति प्रमाण पत्र
- राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहां उपलब्ध हो)
- राज्य/स्थानीय प्राधिकारों द्वारा तैयार किया गया पारिवारिक रजिस्टर
- सरकार की कोई भी भूमि/मकान आवंटन प्रमाण पत्र

# मोहर्रम को लेकर सभी ताजिया खलीफा के साथ तारापुर थाना में हुआ शांति समिति की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



तारापुर (मुंगेर)। बुधवार को तारापुर थाना में मोहर्रम का त्यौहार मनाए जाने को लेकर सिंधु शेखर सिंह की अध्यक्षता में सभी लाइसेंसी धारी ताजिया खलीफा सहित शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित किया गया। गौरतलब है कि इस बैठक में एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह अंचलाधिकारी संतोष कुमार सिंह थाना अध्यक्ष राज कुमार इंस्पेक्टर विवेक राज मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक के दौरान क्षेत्र के लखनपुर, गाजीपुर, खानपुर,, पुरानी बाजार, रामपुर, इत्यादि मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में मोहर्रम का त्यौहार पर सभी अखाड़ा का पहलाम विधि व्यवस्था के साथ निर्धारित समय पर शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने से लेकर पहलाम पर कई आवश्यक विषयों पर अलग-अलग क्षेत्र के एसडीपीओ से जुड़ा डाटा विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। आने वाले तिथि में चांद के अनुसार सर्वप्रथम आगामी 6 जुलाई को दसवीं एवं 7 जुलाई को एग्यारवीं सह मोहर्रम का पहलाम के पहले सभी थाना अध्यक्षों को उपरोक्त गांवों में जाकर सभी अखाड़ा कमिटि से अलग-अलग मिलकर बेहतर तालमेल के साथ सामंजस स्थापित करने से लेकर प्रत्येक अखाड़ा कमेटी से 10-10 वॉलिंटियर का आधार कार्ड के साथ मोबाइल नंबर जो समाज के प्रभावशाली व्यक्ति हो लेने का विशेष निर्देश दिया गया। जिससे मोहर्रम का त्यौहार एवं पहलगाम के दिन सीधी बातचीत हो सके |बता दें कि पहलाम के दिन जुलूस निकलने से पहले तारापुर एवं असरगंज बिजली विभाग के कनीय अभियंता को विशेष हिदायत की गई की गाजीपुर मैदान से लेकर मुख्य समारोह स्थल तक रात्रि में निकलने वाली बड़े-बड़े निशान के साथ ताजिया का जुलूस जो बिहमा कर्बला तक पहुंचता है उसके पहले उस क्षेत्र की बिजली पूरी तरह से कटे रहने का विशेष निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग तारापुर को पहलाम के दिन किसी भी तरह की कैजुअल्टी अगर होती है वैसी स्थिति में जुलूस के दिन डॉक्टर की व्यवस्था सुनिश्चित करने प्र, विशेष हिदायत किया गया। इसके पूर्व अनुमंडल की बैठक में मुख्य रूप से नगर पंचायत तारापुर के कार्यपालक पदाधिकारी को एसडीओ द्वारा विशेष हिदायत किया गया था कि लगातार श्रावणी मेला प्रारंभ होने तक प्रतिदिन शहर में अतिक्रमण अभियान को चलाने एवं थाना मोड़ मुख्य चौराहा, शहीद स्मारक, कॉलेज रोड, जिला परिषद बस पड़ाव के बाहरी हिस्सों में पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त रखने पर किसी भी तरह का पहला नहीं किया गया है। जबकि श्रावणी मेला के मात्र 10 दिन ही बचे हैं। हालांकि इस दौरान बाग्ला सावन शुरू होते ही कांवरियों का चलना शुरू हो चुका है। बैठक में सभी राजनीतिक दल, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार, लोगों से विशेष रूप से सहयोग की अपील किया है। बैठक के दौरान पहलाम को लेकर जो समय लाइसेंस में निर्धारित किया जाएगा उसका शत प्रतिशत पालन करना सुनिश्चित होगा। और अगर समय का पालन नहीं किया गया तो अखाड़ा कमिटि के लोगों पर आवश्यक करवाई की जाएगी। बैठक में लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह, हर्ष कृष्ण वर्मा, मंटू यादव,मोहम्मद कल्लू, मोहम्मद रफीकजमा उर्फभोलू, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# नवनियुक्त पुलिस कर्मियों को डीआईजी ने दिया नियुक्ति पत्र

बरियारपुर/मुंगेर। जिला में 330 पुलिस कर्मियों सहित मुंगेर रेंज में 990 पुलिस कर्मियों को नियुक्तिपत्र दिया गया है ।नियुक्ति पत्र सभी को परेड के बाद दिया गया। मुंगेर के डीआईजी एवं आरक्षी अधीक्षक ने संयुक्त रूप से पुलिस कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया इस नियुक्ति पत्र को पा कर सभी का चेहरा खिल गए। नव नियुक्त 330 पुलिसकर्मी सहित मुंगेर रेंज में 990 पुलिस कर्मियों को अब प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण केंद्र भेजा जाएगा। पुलिस कर्मियों की कमी से जूझ रहा बिहार पुलिस में भारी मात्रा में कांस्टेबल की भर्ती की गई है इससे बिहार पुलिस कर्मियों की कमी से जूझ रहा बिहार पुलिस में भारी मात्रा में कांस्टेबल की भरती की गई हैं ताकि बिहार पुलिस में कर्मियों की संख्या बढ़िया हो जाए, जिससे विधि संधारण सहित कई कार्यों में पुलिस की उपस्थिति लोगों के बीच दिखे और जिससे क्राइम कंट्रोल में मदद मिले। इसी सिलसिले में आज मुंगेर पुलिस लाइन में डीआईजी राकेश कुमार और एसपी सैयद इमरान मसूद की मौजूदगी में 330 नव नियुक्त पुलिस कर्मियों का परंपरागत परेड के बाद नियुक्ति पत्र डीआईजी और एसपी ने बांटा। डीआईजी राकेश कुमार ने बताया कि आज मुंगेर में जहां 330 पुलिस कर्मियों को परेड के बाद नियुक्ति पत्र बांटा गया तो मुंगेर रेंज के अन्य जिलों में 990 पुलिस कर्मियों को नियुक्ति पत्र बांटा गया।

# एएसआई का हुआ भव्य विदाई



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत तीन पंचायत का थाना मोहनपुर थाना परिसर में आयोजित विदाई समारोह में एएसआई कामता प्रसाद साह को भव्य विदाई दी गई है। सोमवार 30 जून को प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार, एस आई अनुप कुमार, हरिहर राय, थाना के सभी पुलिस कर्मी एवं दर्जनों ग्रामीणों की गरिमा मयी उपस्थित में अंग वस्त्र एवं फूलों का माला पहनाकर सम्मानित तरीके से एएसआई कामता प्रसाद साह को विदाई दी गई है। इनका स्थानांतरण मधेपुरा जिला में हुआ है। विदाई समारोह में एस आई राहुल कुमार ने बताया कि सरकारी नौकरी में ये अवसर समय समय पर सभी को आते हैं ।हम सब मिलकर मोहनपुर थाना क्षेत्र में शांति एवं अपराध मुक्त बनाने में अभी तक सफल रहे हैं। अनुभवी एएसआई कामता प्रसाद साह थाना क्षेत्र में गरीब लाचार लोगों को कानून का पाठ पढ़ाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने में भरपूर सहयोग किये है।इनकी उपलब्धि,इनका प्यार, स्नेह, यहां के अवाम को प्रभावित किया है। सभी गणमान्य नागरिक उत्साहित होकर इन्हें दर्जनों गाड़ियां से लेकर लक्ष्मीपुर कोहवरबा मोड़ तक छोड़ने गए हैं ।जो इनका व्यवहार कुशलता का परिचायक है। इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। ऐसे मौके पर समाजसेवी ओंकार यादव, अमरेश कुमार यादव, मोहन मंडल, विजय शर्मा, अमरेश यादव, जितेन्द्र कुमार एवं अन्य दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# आरोपी को पकड़ने गई पुलिस के साथ परिजनों और ग्रामीण ने किया हाथापाही

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर / बरियारपुर (मुंगेर)। कोतवाली थानान्तर्गत गुलजार पोखर में मंगलवार के दिन पुलिस और पब्लिक के बीच एक ऋणी को छुड़ाने के क्रम में हाथापाई हो गया। इस सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार बैंक से लोन लेने के बाद लोन को नहीं चुकाने के आरोपी नीलाम पत्र वाद के वारंटी मो. शब्बीर अहमद को पकड़ कर थाना ला रही थी। इस दरम्यान पुलिस से उलझते हुए परिजन व दुकानदारों ने हाथापाई कर पकड़ाए वारंटी को पुलिस गिरफ्त से छुड़ा लिया। इस बीच वहां हंगामा की स्थिति उत्पन्न हो गई। बाद में पुलिस पदाधिकारी की सूचना पर एसपी के निर्देश पे कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव तिवारी सहित काफी संख्या में पुलिस व पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। तत्पश्चात पुलिस गिरफ्त से छुड़ाए गए आरोपी को पुलिस ने दुबारा गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस से हाथापाई करने वालों की वीडियोग्राफी से पहचान करते हुए महिला सहित 6 और लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में कोतवाली थाना के पुअनि हरिकिशोर प्रसाद यादव के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस से हाथापाई और सरकारी कार्य में बाधा की प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें 6 नामजद सहित 25-30 अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव तिवारी ने बताया कि पुलिस से झड़प मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वारंटी के अलावा गिरफ्तार अन्य 6 लोगों में गुलजार पोखर निवासी मो. इमरान, मो. हसनैन, मो.एहतेशाम, मो. आमीर, मो.आलमगीर तथा शाहीना प्रवीण शामिल हैं। इस मामले में सदर एसपीओ अभिषेक आनंद ने बताया कि नीलाम पत्र वाद के वारंटी को पकड़ने गई कोतवाली थाना की पुलिस से उलझते हुए कुछ लोगों पुलिस के साथ हाथापाई कर आरोपी को छुड़ा लिया था। इस संबंध में पुलिस से हाथापाई व सरकारी कार्य में बाधा मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छुड़ाए आरोपी सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जो भी इस मामले में आरोपी होंगे उन सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# पर्यावरण संतुलन का संकल्प - जीविका दीदियों ने शुरू किया पौधारोपण अभियान

प्रात: किरण संवाददाता

लखीसराय। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने एवं वातावरण को शुद्ध हवा देने के उद्देश्य से जीविका दीदियों ने पौधारोपण अभियान शुरू किया है। 5 जून ,विश्व पर्यावरण दिवस के दिन से प्रारंभ हुआ पौधारोपण कार्यक्रम लखीसराय जिला अंतर्गत सभी प्रखंडो में जीविका दीदियों द्वारा जारी है। जीविका द्वारा गठित स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदियां पौधारोपण कर रही हैं और पर्यावरण की रक्षा एवम संतुलन बनाए रखने हेतु संकल्प ले रही हैं। जीविका से संबद्ध सभी सामुदायिक संगठनों की बैठकों में पौधारोपण एक अहम कार्य और जिम्मेवारी है। जीविका से संबद्ध सभी संकुल स्तरीय संघ एवं ग्राम संगठन की बैठक में पौधारोपण , पर्यावरण संतुलन एवम पौधों की रक्षा हेतु विशेष चर्चा की जा रही है । जिले में जल जीवन हरियाली अभियान को मूर्त रूप देने की कमान पिछले कई वर्षों से जीविका दीदियों ने संभाल ली है ' स्वयं सहायता समूह से जुडी हरेक जीविका दीदी ने अपने घर-आँगन में इस वित्तीय वर्ष में पर्यावरण दिवस के अवसर पर मजबूत इच्छा शक्ति और जिले को हरा-भरा बनाने के उदेश्य से जीविका दीदियों ने पौधारोपण का कार्य शुरू कर दिया है ' राज्य सरकार की ओर से जल जीवन हरियाली कार्यक्रम के अंतर्गत जीविका दीदियों ने जिले के सभी प्रखंड अंतर्गत अपने -अपने गांव में प्रत्येक स्वयं सहायता समूह की हरेक सदस्य को एक पौधा अपने घर-आँगन में लगाना है ' इन पौधों में आम, नींबू, सहजन, अमरुद और कटहल आदि हैं । पौधारोपण के प्रति जीविका दीदियों की सक्रियता और उत्साह देखते ही बन रहा है। महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान भी जीविका दीदियों ने भी बड़े ही उत्साह के साथ सड़क के किनारे, नहर, तालाब , नदी और अपने घर के आस-पास पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किया और यह संकल्प लिया कि अपने परिवार में बेटी के जन्म होने पर भी एक पौधा लगायेंगे ' जीविका से संबद्ध ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संघ की बैठक में जीविका दीदियां पर्यावरण के महत्व पर चर्चा कर रही हैं और ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण एवं उसके संरक्षण हेतु संकल्प ले रही हैं। संकुल स्तरीय संघ की बैठक में जीविका दीदियों को जीविका मित्र सभी को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा रही हैं तथा घर आंगन में पौधारोपण के लिए जागरूक भी कर रही हैं। जीविका दीदियों ने यह संकल्प लिया है कि सभी को मिलकर पवार्वारण को प्रदूषित होने से बचाना है , गाँव-घर में स्वच्छता रखनी है , कुडों का अंबार नहीं लगने देना है , पानी की खपत कम करनी है , पेड़ों की अवैध कटाई को रोकना है और ज्यादा से ज्यादा पौधा लगते हुए उनका देखभाल भी करना है। सिर्फ 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में 15 हजार से अधिक पौधा जीविका दीदियों द्वारा लगाया गया है ' 5 जून से पौधारोपण का कार्य जारी है। अब तक जिला के विभिन्न प्रखंडो में जीविका दीदियों ने 6 लाख से अधिक पौधा लगाया है ।

# विधानसभा चुनाव को ले जन सुराज ने किया अभियान तेज



● जन सुराज को सत्ता मिलने पर युवाओं का पलायन बंद होगा : सोहन झा

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जन सुराज पार्टी ने अपना अभियान तेज कर दिया है। सहरसा में पार्टी के क्षेत्रिय युवा प्रभारी सहरसा के सर्वांगीण विकास के लिए वर्षों से संघर्षरत क्रांतिकारी सोहन झा के नेतृत्व में सहरसा विधानसभा के बनगाँव नगर पंचायत में कलावती मैदान में युवाओं की बैठक आहूत की गई। वहीं उनके द्वारा सैकड़ो युवाओं को जन सुराज पार्टी से जोड़ा गया। सोहन झा ने कहा की पिछले 35 वर्षों से बिहार में राजद गठबंधन और एनडीए गठबंधन की सरकार बनती आ रही है। इतने वर्षों में किसी पार्टी ने बिहार के युवाओं के भविष्य की चिंता नहीं की सभी पार्टियो द्वारा बिहारवासियों को जाती और धर्म में उलझाकर रखा जिसका परिणाम है की आज बिहार के किसी भी गाँव में युवा मौजूद नहीं है। आठ, दस हजार की नौकरी के लिए बिहार के युवा अन्य प्रदेशों में दर-दर की ठोकरे खा रहा है। सोहन झा ने कहा की बिहार में सरकारी शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति बद से बत्तर हो चुका है। गरीब के बच्चों को ना तो अच्छी शिक्षा मिल रही है और ना ही समय पर इलाज संभव हो पा रहा है। उन्होंने पार्टी के प्रमुख वादों में युवाओं का पलायन रोकना, 15 साल तक के बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा, बुजुर्गों को 2000 मासिक पेंशन और किसानों की आय बढ़ाना आदि शामिल है। साथ ही महिलाओं को सरकारी गारंटी पर सस्ता ऋण देने का वादा भी किया गया है। वहीं सोहन झा द्वारा प्रशांत किशोर के भावनाओं से अवगत कराते हुए लोगों से कहा गया कि जन सुराज जब आएगा तो युवाओं का पलायन बंद होगा। किसानों को नकदी खेती करने के लिए मजदूरों की मुक्त व्यवस्था की जाएगी। बैठक में मौजूद सभी युवाओं द्वारा बिहार में परिवर्तन लाने की बात स्वीकार करते हुए, जाती धर्म से ऊपर उठकर जन सुराज पार्टी के साथ चलने का संकल्प लिया गया। बैठक में आनंद झा, बमकेश कुमार, चमन झा, नीरज राय, चंदन यादव, माधव ठाकुर, अमर कुमार, हर्ष कुमार, मंटू कुमार ठाकुर, गुडु कुमार, विजय कुमार, रौशन कुमार सहित सैकड़ो युवा उपस्थित थे।

# मुहर्रम पर्व के मद्देनजर लखीसराय पुलिस एक्शन मोड में,उपद्रवी व असामाजिक तत्वों की खैर नहीं

**जुलुस के दौरान डीजे व घातक हथियारों पर रहेगा पूर्णतः प्रतिबंध**



प्रात: किरण संवाददाता

लखीसराय ! हजरत इमाम हसन-हुसैन की शहादत पर आधारित गम और अकीदत का त्योहार मुहर्रम को लेकर लखीसराय जिले के पुलिस की तैयारी अभूतपूर्व है ! बिहार न्यूज से खास बातचीत करते हुए जिले के पुलिस कप्तान अजय कुमार ने कहा कि मुहर्रम गम और आस्था का त्यो हार है !उन्होंने हजरत इमाम हसन-हुसैन की शहादत का जिक्र करते हुए कहा कि ईमाम हसन-हुसैन ने जमाने को इंसानियत का सबक दिया !उनकी शहादत बुलाई नहीं जा सकती है !आज के परिवेश में सभी मनुष्य को चाहिए की हजरत ईमाम हसन-हुसैन की शहादत व बलिदान से प्रेरणा लें !एसपी अजय कुमार ने कहा कि प्रत्येक पर्व-उत्सव की भांति मुहर्रम के मद्देनजर भी पुलिस प्रशासन ने बड़ी तैयारी की है ! उन्होंने कहा की मुहर्रम के जुलूस के दरमियान डीजे और घातक हथियारों पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा ! अ सामाजिक और शरारती तत्वों पर पैनी नजर रहेगी !सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं !उन्होंने कहा कि जगह-जगह पर पुलिस की प्रतिनियुक्ति की जाएगी ! सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है !एसपी अजय कुमार ने जिले वासियों से भाईचारे व आपसी सद्भाव के साथ मुहर्रम का त्योहार मनाने की अपील की है !

# रायभीर पंचायत भवन जाने वाली ग्रामीण सड़क का ढलाई कार्य प्रारंभ

प्रात: किरण संवाददाता




शंकरपुर (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रायभीर पंचायत के वार्ड नंबर 9 और वार्ड नंबर 8 के बीचों बीच होते हुए रायभीर पंचायत भवन जाने वाली ग्रामीण सड़क का हालत काफी जर्चर स्थिति में कई वर्षों से बना हुआ था, जिस वजह से स्थानीय ग्रामीणों के अलावे राहगीर चालक काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, खासकर बुजुर्ग महिलाएं ओर बुजुर्ग व्यक्ति को पंचायत भवन जाने के लिए काफी दिक्कतों को झेलना पड़ता था, जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने प्रातः किरण दैनिक अखबार के संवाददाता को बताया था, जिसे प्रमुखता के साथ प्रातः किरण दैनिक अखबार के पृष्ठों पर प्रकाशित किया गया था, जिसके कुछ ही दिन बाद पंचायत के प्रतिनिधि ने अधिकारियों से मिलकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली, वही दिनांक 02 जुलाई 2025 गुरुवार के दिन पंचायत के वार्ड नंबर 9 के वार्ड सदस्य राजेश कुमार दास ने कस्टम योजना से 350 मीटर लंबी पक्की सड़क के ढलाई कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने बताया कि पहले जहां स्थानीय लोगों के साथ साथ राह चलते राहगीरों को रात के अंधेरे की बात तो दूर दिन के उजाले में भी दुर्घटना का आशंका बना रहता था। जहां अब सड़क के निर्माण होने से पंचायत वासियों ओर राहगीर को इसका सीधा लाभ मिलेगा, ग्रामीणों ने वार्ड सदस्य राजेश कुमार दास के प्रति आभार प्रकट किया। वहीं वार्ड सदस्य राजेश कुमार दास ने सड़क ढलाई कार्य से पहले उत्तर बिहार के देव स्थल बाबा नगरी सिंहेशवर नाथ मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना किया। वहीं उन्होंने कार्य स्थल का प्रसाद चढ़ा कर पूजा पाट किया और कार्य में लगे मजदूर के साथ ग्रामीण के अलावे राहगीरों को प्रसाद ग्रहण करवा कर मुंह मिटा किया, जिसके बाद उन्होंने कार्य को प्रारंभ करवाया।

# म वि हरेली में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत वितरित किए जा रहे गणना फार्म का डीएम ने किया निरीक्षण



प्रात: किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह मधेपुरा के द्वारा 71-बिहारीगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत बुथ संख्या-281, मध्यविद्यालय हरेली, बांया भाग में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत वितरित किए जा रहे गणना फार्म का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित बी.एल.ओ को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को गणना फार्म भरने एवं उसके साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों के विषय में जानकारी दी गयी। उक्त मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, उदाकिशुनगंज, डी.सी.एल.आर, उदाकिशुनगंज, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, उदाकिशुनगंज एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सदर अस्पताल सहरसा में सफाई कर्मियों का विरोध प्रदर्शन


प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा सरकार की नई नीति के तहत 1 जुलाई 2025 से सदर अस्पताल सहरसा में सफाई कार्य का जिम्मा अब जीविका दीदियों को सौंप दिया गया है। इसके चलते ठेकेदारी प्रथा के अंतर्गत कार्यरत करीब 40 महिला और पुरुष सफाईकर्मियों को काम से हटा दिया गया। सभी पूर्व कर्मचारी पिछले कई वर्षों से एजेंसी के माध्यम से अस्पताल में सफाई का काम कर रहे थे, जिनका वेतन भी एजेंसी ही देती थी। काम से निकाले जाने के विरोध में आज सभी पूर्व सफाई कर्मियों ने अस्पताल परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने आपत्ति स्वरूप अस्पताल के इमरजेंसी, जनरल वार्ड, डीएस कार्यालय, अस्पताल प्रबंधक कार्यालय समेत कई जगहों पर कचरा फेंक दिया। यहां तक कि जहां-जहां जीविका दीदियों ने सफाई की थी, वहां दोबारा गंदगी फैलाकर काम को रोक दिया गया। विरोध करने वाले सफाईकर्मी अस्पताल के मातृ एवं शिशु रोग विभाग के मुख्य द्वार पर धरने पर भी बैठ गए। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना था कि, 20 वर्षों से हम सेवा दे रहे थे, अब अचानक काम छीन लिया गया। हमारे बच्चे क्या खाएंगे? हमें न्याय चाहिए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस बल के साथ अस्पताल के जिम्मेदार पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और सफाईकर्मियों को समझा-बुझाकर शांत कराया। वहीं, जीविका सहरसा की मैनेजर ने आश्वासन दिया है कि उनकी समस्याओं पर विचार किया जाएगा और यथासंभव समाधान निकालने की कोशिश की जाएगी।

# अनुमंड़ल पदाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों के साथ किया बैठक ,दिए अवश्यक निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



बरियारपुर (मुंगेर)। अंम्बेदकर भवन के सभागार मे अनुमंडल पदाधिकारी कौशलेंद्र कुमार के अध्यक्षता मे जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहुत किया गया। इस अबसर पर प्रखंड बिकास पदाधिकारी स्वेता कुमारी, अंचलाधिकारी रविना गुप्ता,प्रखंड आपुर्ति पदाधिकारी सना आलम के साथ मतदाता सूची के गहण पूनरीक्षण पर बिशेष रुप से चर्चा किया गया ।उन्होंने कहा आप अपने वार्ड सदस्यों के साथ साथ बी एल औ के साथ बैठक कर अपने अपने वार्ड के तमाम मतदाताओं को समझते हुए बताये फार्म बितरण किया जा रहा है जिनमे आप अपने जन्म प्रमाण पत्र के तिथि स्पष्ट रूप से अंकित होनी चाहिये के साथ एक रंगीन फोटो उप्लब्ध करेंगे दो दिनो के बाद यह फार्म भरकर उप्लब्ध करना होगा ।इस अबसर पर अपस्थित झोवाबहियार पंचायत के मुखिया चन्दशेखर रजक बरियारपुर उत्तरी पंचायत के उप मुखिया अखलेश कुमार मंडल, करहरिया पुर्वी पंचायत के मुखिया नंन्दलाल मंडल, करहरिया पच्छिमी पंचायत के मुखिया अशोक कुमार मंडल, वार्डसदस्य बरियारपुर दक्षिणी पंचायत के एक नंम्बर मनोहर दास,वार्ड सदस्य दो उपस्थित रहे।

# 15 जुलाई तक लाइट आरओबी होगा चालू, जाम से मिलेंगी आंशिक राहत

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा जंक्शन पहुंचे डीआरएम ने कहा कि सहरसा में लाइट आरओबी का वर्क लगभग पूरा हो चुका है मेस्टीक का कार्य चल रहा है 15 जुलाई तक चालू होने की संभावना है। वही पूछने पर डीआरएम ने कहा की अमृत भारत स्टेशन बनकर पूरी तरह से तैयार है थोड़ा काम शेष बचा है इसे जल्दी पूरा कर लिया जाएगा। रेलवे बोर्ड से आदेश आने के बाद उद्घाटन किया जाएगा। डीआरएम ने कहा कि सहरसा में दो और नए अतिरिक्त वाशिंग पिट का निर्माण होगा प्रस्ताव अभी-विचारधीन है जमीन उपलब्ध नहीं है नए-वाशिंग पिट के निर्माण के लिए कितनी जमीन चाहिए और कितना जमीन अधिग्रहण किया जाएगा स्टडी करके प्रस्ताव इसी महीने रेलवे बोर्ड भेजा गया है।

# मुस्लिम देश कजाकिस्तान में हुआ बुर्का बैन

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



21वीं सदी में जब विश्व ग्लोबलिजेशन, तकनीक और मानवाधिकारों की नई परिभाषाओं से गुजर रहा है, वहीं कई देश अपनी सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को बनाए रखने के लिए कट्टर धार्मिक परंपराओं पर पुनर्विचार कर रहा है। इसी संदर्भ में मध्य एशिया के पांच मुस्लिम देशों ने सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं द्वारा चेहरा ढंकने यानि बुर्का या नकाब पहनने पर प्रतिबंध लगाया है। हाल ही में कजाकिस्तान ने इस सिलसिले में नया कानून पारित कर यह स्पष्ट संदेश दिया कि धार्मिक कट्टरता के नाम पर किसी भी विदेशी परिधान या परंपरा को स्वीकार नहीं किया जाएगा। 2025 में कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम जोमार्ट तोकायेव ने एक ऐतिहासिक कानून पर हस्ताक्षर किया है, जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर चेहरा पूरी तरह ढकने वाले कपड़ों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस कानून के पीछे मुख्य तर्क दिया गया है कि यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा, सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक कट्टरवाद के खिलाफ एक कदम है। राष्ट्रपति ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह कानून इस्लाम विरोधी नहीं है, बल्कि देश की पारंपरिक संस्कृति को संरक्षित करने का प्रयास है। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम जोमार्ट तोकायेव ने अपने संबोधन में कहा है कि- काले पर्दे और चेहरे को छुपाने वाले वस्त्र हमारी कजाक संस्कृति का हिस्सा नहीं हैं। यह विदेशी धार्मिक प्रभावों की देन हैं, जिन्हें अब हम अपनी पहचान पर हावी नहीं होने देंगे। मध्य एशियाई क्षेत्र में धार्मिक कट्टरता और विदेशी धार्मिक परंपराओं के प्रसार को रोकने के लिए कई देश पहले ही बुर्का और नकाब पर प्रतिबंध लगा चुका है। किर्गिजस्तान में राष्ट्रपति सदिर जापारोव की सरकार ने जनवरी 2025 में बुर्के पर प्रतिबंध लागू किया है। सरकार ने इसे देश की पारंपरिक संस्कृति की रक्षा का मामला बताया है। कानून में उल्लंघन करने वालों पर जुमार्ना तय किया गया है। ताजिकिस्तान में राष्ट्रपति इमोमाली राखमोन की सरकार ने 2023 में विदेशी पोशाकों पर रोक लगाई थी। ताजिक सरकार ने कहा था कि नकाब और बुर्का ताजिक संस्कृति का हिस्सा नहीं हैं और यह कट्टर धार्मिक संगठनों के प्रभाव का परिणाम हैं। उजबेकिस्तान ने पहले ही नकाब और बुर्का पहनने को प्रतिबंधित किया हुआ है। देश में इसे सार्वजनिक स्थलों पर पहनने की अनुमति नहीं है। वहाँ की सरकार इसे महिलाओं की स्वतंत्रता और सामाजिक समरसता के लिए आवश्यक मानती है। तुर्कमेनिस्तान में आधिकारिक तौर पर बुर्का बैन नहीं किया गया है, लेकिन वहाँ की सरकार अनौपचारिक रूप से इस पर रोक लगाती है। देश में धार्मिक कट्टरता के किसी भी रूप को प्रोत्साहित नहीं किया जाता है। 2025 में नया कानून बनाकर कजाकिस्तान ने इस सूची में औपचारिक रूप से प्रवेश कर लिया है। सरकार ने पारंपरिक वस्त्रों को बढ़ावा देने की बात कही और नकाब-बुर्के को विदेशी धार्मिक प्रभाव बताया। इस प्रतिबंध को लेकर मुस्लिम जगत में दो तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। एक ओर इसे धार्मिक स्वतंत्रता के हनन के रूप में देखा जा रहा है, तो दूसरी ओर इसे कट्टरवाद पर नकेल कसने की पहल कहा जा रहा है। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया है कि नकाब या बुर्का इस्लाम में अनिवार्य नहीं है। यह एक सामाजिक परंपरा है जिसे समय-समय पर धार्मिक पहचान से जोड़ दिया गया है। प्रश्न उठता है कि क्या महिलाओं के वस्त्र चयन को सरकार नियंत्रित कर सकती है? क्या बुर्का पहनना धार्मिक स्वतंत्रता है या सामाजिक दबाव? और क्या ऐसे प्रतिबंध धर्मनिरपेक्षता और संविधान के अनुकूल हैं?

# कैंसर के मरीजों के व्यापक हित में भारतीय रेल द्वारा दिशा-निर्देश जारी

भारतीय रेल द्वारा टाटा मेमोरियल सेंटर अस्पताल, राष्ट्रीय महत्व के चिकित्सा संस्थानों, सरकारी अस्पतालों और रेलवे द्वारा सूचीबद्ध अस्पतालों में कैंसर रोगी मरीजों के बेहतर इलाज के लिए नए प्रावधान किए गए हैं। कैंसर उपचार के लिए सरलीकृत रेफरल प्रक्रियाः सभी कैंसर मामलों में रेफरल/प्रतिपूर्ति आदि के लिए एक रेलवे डॉक्टर को नोडल प्राधिकारी के रूप में नामित किया जाएगा । सेवारत रेलवे कर्मचारी और उनके आश्रित लाभार्थी एवं रेलवे पेंशनभोगी यूएमआईडी कार्ड लाएंगे और लाभार्थी की पात्रता रेफरल यूएमआईडी में इंगित की जाएगी। चल रहे उपचार (जहां पिछला रेफरल दिया गया हो) के संबंध में फॉलोअप उपचार के लिए दोबारा रेफरल की आवश्यकता नहीं होगी। रोगी अपने यूएमआईडी कार्ड द्वारा टाटा मेमोरियल अस्पताल/राष्ट्रीय महत्व के चिकित्सा संस्थानों/सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों रेलवे से सूचीबद्ध चिकित्सा संस्थानों में सीधे इलाज के लिए जा सकते हैं। 1.कैंसर रेफरल की वैधता - रेलवे डॉक्टर द्वारा कैंसर रेफरल की वैधता 90 दिनों की अवधि के लिए होगी और रेफरल की 90 दिनों की अवधि के दौरान रोगी दो और विशेषज्ञों से परामर्श कर सकता है यानी कुल तीन विशेषज्ञों द्वारा । यदि प्राथमिक विशेषज्ञ द्वारा सिफारिश की जाती है तो इसे 3 महीने की अवधि के दौरान अधिकतम 6 परामर्श तक की अनुमति दी जा सकती है। रोगी उक्त वर्णित चिकित्सा संस्थानों में निर्धारित मानदंडों को पूरा कर इलाज करा सकते हैं। 2.टाटा मेमोरियल सेंटर अस्पताल में कैंसर के मरीजों के इलाज हेतु प्रोटोकॉलः (ं) टाटा मेमोरियल सेंटर अस्पताल में प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजी शाखा या ओपीडी में प्रारंभिक डायग्नोस्टिक्स/टेस्ट/परामर्श/जांच के लिए कोई रेफरल/अनुमति/समर्थन की आवश्यकता नहीं है। (ं) इलाज के लिए चिकित्सा प्रतिपूर्ति टीएमसीएच के साथ भारतीय रेल के समझौता ज्ञापन में निर्धारित दरों के अनुसार या वास्तविक दर, जो भी कम होगी और इसमें ओपीडी में पंजीकरण, परामर्श, प्रारंभिक टेस्ट/दवाइयों आदि की लागत शामिल होगी ।(ं) रेलवे डॉक्टर द्वारा रेफर की स्थित में इन हाउस उपचार, जांच, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, सर्जरी आदि शामिल हैं । (ं5) ऑपरेशन के बाद भी निर्धारित दवाइयां एवं अन्य देखभाल दवाएं टीएमसीएच द्वारा प्रदान की जाएंगी। टीएमसीएच द्वारा दवाएं प्रदान नहीं किए जाने की स्थिति में रोगी के दवा वटक्ळकार्ड से संबंधित रेलवे चिकित्सालय या हेल्थ यूनिट द्वारा प्रदान किया जाएगा। 3.एम्स, पीजीआई/चंडीगढ़, पीजीआई/पुडुचेरी और निमहंस/बेंगलुरु एवं सरकारी अस्पतालों में कैंसर के मरीजों के इलाज हेतु प्रोटोकॉलः (ं) यहां कैंसर के उपचार के लिए ओपीडी/आईपीडी/परामर्श/जांच/उपचार/परीक्षण आदि के लिए रेफरल/अनुमति/समर्थन की आवश्यकता नहीं है। (ं) ऐसे मामलों में प्रतिपूर्ति वास्तविक या शहर विशेष सीजीएचएस दरों के अनुसार (जो भी कम हो) होगी और इसमें ओपीडी में पंजीकरण, परामर्श, प्रारंभिक उपचार/दवा आदि की लागत शामिल होगी। 4.भारतीय रेल और सीजीएचएस द्वारा पैनल में शामिल चिकित्सा संस्थानों में कैंसर के मरीजों के इलाज हेतु प्रोटोकॉलः (ं) इन चिकित्सा संस्थानों में कैंसर ओपीडी परामर्श/जांच/निदान/परीक्षण (आईपीडी को छोड़कर) के लिए रेफरल/अनुमति की आवश्यकता नहीं है। (ं) ऐसे मामलों में प्रतिपूर्ति वास्तविक या शहर विशेष सीजीएचएस दरों के अनुसार (जो भी कम हो) और इसमें ओपीडी में पंजीकरण, परामर्श, प्रारंभिक उपचार, दवा आदि की लागत शामिल होगी । (ं) यदि रोगी को कैंसर के इलाज के लिए इंडोर भर्ती की आवश्यकता होगी तो रोगी के न्डप्ड कार्ड के क्षेत्राधिकार वाले रेलवे चिकित्सालय द्वारा ओपीडी/परामर्श/जांच/ निदान/परीक्षण के आधार पर रेफर किया जाएगा ।(ं5) पोस्ट-ऑपरेटिव प्रोटोकॉल/दवाएँ रोगी के वटक्ळकार्ड से संबंधित रेलवे चिकित्सालय या हेल्थ यूनिट द्वारा दवाइयां प्रदान की जाएगी ।

# हिन्दू राष्ट्र का ढोल और जातिवाद का आतंक

**सत्ता संरक्षित नफरती लोग धर्म विशेष के विरुद्ध जमकर जहर उगल रहे हैं और इसी बहाने देश के बहुसंख्य समाज को हिंदुत्व के नाम पर संगठित होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिस देश में सभी धर्मों के लोग सदियों से मिलकर रहते आ रहे हों उस देश के बहुसंख्य समाज को अब अल्पसंख्यक समाज का भय दिखाकर शेष बहुसंख्य समाज को एकजुट होने का पाठ केवल और केवल अपने राजनैतिक लाभ के लिए पढ़ाया जा रहा है। और इन्हीं दक्षिणपंथी शक्तियों द्वारा इसी हिन्दू राष्ट्रवाद के नाम पर छेड़ी गयी मुहिम के मध्य, देश के उस संविधान को भी बदलने का प्रयास किया जा रहा है जो भारतवसियों को समानता, समरसता, समाजवाद व धर्मनिरपेक्षता का अधिकार देता है। साथ ही इन्हीं स्वयंभू हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा विवादित मनुस्मृति को भातीय संविधान के रूप में थोपे जाने की वकालत भी की जा रही है। यह शक्तियां उसी मनुस्मृति को देश पर थोपने के लिये प्रयासरत हैं जिसे संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने 25 दिसंबर 1927 को महाराष्ट्र के महाड में सार्वजनिक रूप से जलाया था। मनुस्मृति का विरोध करने वाले लोग आज भी उस ऐतिहासिक दिन को ह्यमनुस्मृति दहन दिवसह्न के रूप में याद करते हैं।**





निर्मल रानी

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

स्वयंभू हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा गत एक दशक से देश के बहुसंख्यक समाज को भारत को ह्यहिन्दू राष्ट्रह्न बनाने का सपना दिखाया जा रहा है। देश के अनेक दक्षिणपंथी नेताओं से लेकर तमाम कथावाचक व संत समाज से जुड़े लोग इसी ह्यप्रोपेगण्डेह्य को प्रचारित करने में जुटे हुये हैं। इसी हिन्दू राष्ट्र की दुहाई देकर समाज में धर्म के आधार पर नफरत फैलाई जा रही है। सत्ता संरक्षित नफरती लोग धर्म विशेष के विरुद्ध जमकर जहर उगल रहे हैं और इसी बहाने देश के बहुसंख्य समाज को हिंदुत्व के नाम पर संगठित होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिस देश में सभी धर्मों के लोग सदियों से मिलकर रहते आ रहे हों उस देश के बहुसंख्य समाज को अब अल्पसंख्यक समाज का भय दिखाकर शेष बहुसंख्य समाज को एकजुट होने का पाठ केवल और केवल अपने राजनैतिक लाभ के लिए पढ़ाया जा रहा है। और इन्हीं दक्षिणपंथी शक्तियों द्वारा इसी हिन्दू राष्ट्रवाद के नाम पर छेड़ी गयी मुहिम के मध्य, देश के उस संविधान को भी बदलने का प्रयास किया जा रहा है जो भारतवसियों को समानता, समरसता, समाजवाद व धर्मनिरपेक्षता का अधिकार देता है। साथ ही इन्हीं स्वयंभू हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा विवादित मनुस्मृति को भातीय संविधान के रूप में थोपे जाने की वकालत भी की जा रही है। यह शक्तियां उसी मनुस्मृति को देश पर थोपने के लिये प्रयासरत हैं जिसे संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने 25 दिसंबर 1927 को महाराष्ट्र के महाड में सार्वजनिक रूप से जलाया था। मनुस्मृति का विरोध करने वाले लोग आज भी उस ऐतिहासिक दिन को ह्यमनुस्मृति दहन दिवसह्न के रूप में याद करते हैं। डॉ अंबेडकर ने मनु स्मृति का दहन इसलिये किया था क्योंकि यह ग्रंथ सामाजिक असमानता और जाति व्यवस्था को प्रोत्साहित करने वाली शिक्षाओं को बढ़ावा देता है। जबकि मनु स्मृति का विरोध व इसके दहन का उद्देश्य दलितों और शोषित वर्गों के लिए समानता और न्याय की मांग को प्रतीकात्मक रूप से व्यक्त करना था। सवाल यह है कि दक्षिणपंथियों द्वारा जिस मनुस्मृति की पैरवी की जा रही है क्या वह हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा दिखाये जा रहे हिन्दू राष्ट्र निर्माण के स्वप्न को पूरा करने में सहायक साबित हो सकती है? यदि हाँ तो पहला सवाल तो यही की बाबा साहब जैसी शख़्सियत को इसे जलाने की नौबत ही क्यों आई? और दूसरे यह कि आखिर हिन्दू धर्म में वह कौन सी व्यवस्था थी जिसका विरोध करते हुये डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में एक ऐतिहासिक धर्म परिवर्तन समारोह में बौद्ध धर्म स्वीकार किया। और इस सामूहिक धर्म परिवर्तन समारोह में डॉ. आंबेडकर के साथ उनके लगभग 3, 80, 000 अनुयायियों ने जिनमें मुख्य रूप से दलित समुदाय के लोग शामिल थे, बौद्ध धर्म स्वीकार किया। आज भी इस सामूहिक धर्म परिवर्तन को भारत में सामाजिक समानता और दलित आंदोलन का एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है। परन्तु दुःख का विषय तो यह है कि शोषित वर्ग द्वारा किये गये इस धर्म परिवर्तन के बावजूद आज भी मनुवादियों की सोच में कोई अंतर नहीं आया है। बल्कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह जातिवादी विचारधारा गत दस वर्षों में और भी सिर चढ़ कर बोलने लगी है। और तो और अब इस जातिवादी सोच का शिकार केवल दलित समाज के लोग ही नहीं बल्कि पिछड़ी जातियों के लोग भी होने लगे हैं। इसका जीता जागता प्रमाण पिछले दिनों उत्तकर प्रदेश के इटावा जिले में केवर थाना क्षेत्र के दादरपुर गांव में देखने को मिला। यहाँ भागवत कथा कहने आए यादव समाज से सम्बन्ध रखने वाले एक कथावाचक भागवताचार्य व्यास मुकुट मणि के साथ ब्राह्मण समाज के लोग अत्यंत क्रूरता से पेश आये। कथावाचक को अपमानित किया उनके साथ मारपीट की और उनकी चोटी काटकर इस क्रूरता का वीडियो भी वायरल कर दिया गया। उनका कुसूर यही बताया गया कि कथा वाचन कर रहे व्यास, ब्राह्मण समुदाय के नहीं थे इसलिए उनकी चोटी काट दी गई और उनका वीडियो वायरल किया गया। इतना ही नहीं बल्कि बाल काटने के बाद 5 घंटे तक उन्हें बंधक बनाकर भी रखा गया। जातिवादी क्रूरता का अध्याय यहीं समाप्त नहीं हुआ बल्कि पीड़ित कथावाचक के अनुसार भागवत कथा के दौरान जो ब्राह्मण महिला परीक्षित थी, उसके पैरों पर कथावाचक की जबरन नाक रगड़वाई गई और उसी ब्राह्मण महिला के मूत्र से उस पर छिड़काव भी किया गया। उस पंडितानी महिला का मूत्र छिड़कने के बाद इन जातिवादियों द्वारा उससे कहा गया कि ह्यब्राह्मण का मूत्र तुम्हारे ऊपर पड़ गया अब तुम पवित्र हो गएह्न। जरा सोचिये कि कौन सी शिक्षा व संस्कार हैं जो इस क्रूरता के लिये जाति विशेष के लोगों दूसरी जातियों के विरुद्ध प्रोत्साहित करते हैं ?दलितों के साथ तो ऐसी घटनाएं गोया आम बात हो चुकी हैं। पिछले दिनों ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना उड़ीसा में हुई जहाँ गोतस्करी का आरोप लगाकर कुछ जातिवादी गुंडों द्वारा पहले तो उनसे पैसे वसूलने की कोशिश की गयी। जब दलित युवक पैसे देने में असमर्थ हुये तो उन दोनों युवाओं को 2 किलोमीटर तक घुटने के बल चलने के लिये मजबूर किया गया। इनके सर के बाल भद्दे तरीके से काटे गये उन्हें मारा पीटा गया, उनके कपड़े फाड़े गये, उन्हें घास फूस खिलाई गयी। इतना ही नहीं बल्कि उन्हें नाले का गन्दा पानी पीने के लिए भी मजबूर किया गया। इस तरह की घटनाएं भी आम हो चुकी हैं। अफसोस यह कि ऐसी क्रूर सोच व घृणित संस्कार रखने वाले लोगों को अनेक संतों व नेताओं का समर्थन भी मिल जाता है और वह मनुस्मृति जैसे जातिवादी धर्म ग्रंथों व संहिताओं से ही ढूंढ कर इन जातिवादियों के पक्ष में तर्क भी पेश कर देते हैं। और ऐसे ही जातिवादी लोगों के पैरोकार व समर्थक ही हिन्दू राष्ट्र व हिन्दू एकता जैसी विरोधाभासी बातें भी करते हैं। और इससे भी बड़ी हास्यास्पद बात यह है कि यह शक्तियां अपनी कुरीतियां छुपाने के लिये अपने धर्म ग्रंथों व संहिताओं का जिक्र करने के बजाये मुगलों का नाम लेने लग जाती हैं। यानी एक ओर तो यह हिन्दू धर्म व संस्कृति को विश्व का सबसे प्राचीन धर्म बताते हैं जिसमे वर्ण व्यवस्था का जिक्र और इस व्यवस्था का महिमामंडन जगह जगह किया गया है दूसरी ओर मात्र 1400 वर्ष पुराने इस्लाम धर्म पर अपनी जातिवादी व्यवस्था का ठीकरा फोड़ने की कोशिश करते हैं। दरअसल स्वयंभू उच्च जाति वालों की यह एक सोची समझी रणनीति है जिसके तहत यह लोग हिन्दू राष्ट्र का ढोल पीटते रहते हैं इसी बहाने हिन्दू समाज को एकजुट कर इनका राजनैतिक लाभ उठाने की भी कोशिश करते हैं। परन्तु इनके ग्रन्थ व संस्कार इन्हें जातिवाद का आतंक फैलाने से रोक नहीं पाते।

# महिला आरक्षण की दहलीज पर लोकतंत्रः अब दलों को जिम्मेदारी उठानी होगी

**केवल आरक्षित सीटें देना पर्याप्त नहीं; दलों को आंतरिक कोटा, वित्तीय सहयोग, प्रशिक्षण, मेंटरशिप और निर्णयकारी भूमिका में महिलाओं को प्राथमिकता देनी होगी। अगर यह मौका चूक गया तो आरक्षण भी दिखावा बन जाएगा। समावेशी और सशक्त लोकतंत्र के लिए अब निर्णायक और नीतिगत पहल जरूरी है.... 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम, यानी संविधान का 106वां संशोधन, भारत के लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने का ऐतिहासिक प्रयास है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित करता है, लेकिन इसकी सफलता महज संविधान में दर्ज होने से नहीं होगी-बल्कि इस पर अमल करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति से तय होगी। वर्ष 2029 के आम चुनावों में यदि यह आरक्षण प्रभावी होता है, तो यह न केवल भारत के लोकतंत्र के लिए निर्णायक मोड़ होगा, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व की दिशा भी तय करेगा।**





प्रियंका सौरभ

लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार

2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत में राजनीति के स्वरूप को बदलने का ऐतिहासिक अवसर है। हालांकि इसका क्रियान्वयन 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले संभव है, लेकिन यह तभी सफल होगा जब राजनीतिक दल अभी से महिलाओं के लिए अनुकूल वातावरण बनाएँ। केवल आरक्षित सीटें देना पर्याप्त नहीं; दलों को आंतरिक कोटा, वित्तीय सहयोग, प्रशिक्षण, मेंटरशिप और निर्णयकारी भूमिका में महिलाओं को प्राथमिकता देनी होगी। अगर यह मौका चूक गया तो आरक्षण भी दिखावा बन जाएगा। समावेशी और सशक्त लोकतंत्र के लिए अब निर्णायक और नीतिगत पहल जरूरी है.... 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम, यानी संविधान का 106वां संशोधन, भारत के लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने का ऐतिहासिक प्रयास है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित करता है, लेकिन इसकी सफलता महज संविधान में दर्ज होने से नहीं होगी-बल्कि इस पर अमल करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति से तय होगी। वर्ष 2029 के आम चुनावों में यदि यह आरक्षण प्रभावी होता है, तो यह न केवल भारत के लोकतंत्र के लिए निर्णायक मोड़ होगा, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व की दिशा भी तय करेगा। इसके लिए राजनीतिक दलों को अभी से व्यापक और दूरदर्शी कदम उठाने होंगे। भारतीय राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति हमेशा सीमित रही है। 2024 में चुनी गई 18वीं लोकसभा में सिर्फ 74 महिलाएं चुनकर आईं, जो कुल सीटों का मात्र 13.6% हैं। यह आंकड़ा 2019 की तुलना में भी घटा है और वैश्विक औसत 26.9% से काफी पीछे है। राज्य विधानसभाओं की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां औसतन केवल 9% ही महिलाएं विधायक हैं। यह न केवल लैंगिक असमानता को दशार्ता है बल्कि नीति-निर्धारण की उस प्रक्रिया को भी प्रभावित करता है जिसमें आधी आबादी की हिस्सेदारी नगण्य है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के निम्न स्तर के कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है भारतीय समाज की गहरी पैठी हुई पितृसत्तात्मक सोच। महिलाओं को पारिवारिक भूमिकाओं तक सीमित कर दिया जाता है, जिससे नेतृत्व के अवसर स्वाभाविक रूप से पुरुषों को मिलते हैं। ह्यसरपंच पतिह्न जैसी प्रथाएँ इस सोच को और भी स्पष्ट करती हैं। राजनीतिक दलों के भीतर भी यह धारणा प्रचलित है कि महिलाएं चुनाव जीतने की दृष्टि से कमजोर प्रत्याशी होती हैं। लेकिन यह एक मिथक है, जिसे हाल के आंकड़े खारिज करते हैं। उदाहरण के लिए, 2024 लोकसभा चुनाव में महिलाएं केवल 9.6% उम्मीदवार थीं, लेकिन उनकी सफलता दर पुरुषों से अधिक थी झ उन्होंने 13.6% सीटें जीतीं। महिलाओं के सामने आर्थिक संसाधनों की कमी भी एक बड़ी बाधा है। भारत में चुनाव लड़ना अत्यंत महंगा है, और अधिकांश महिलाएं-खासकर ग्रामीण व पिछड़े वर्गों से-स्वतंत्र रूप से इतने संसाधन नहीं जुटा सकतीं। इसके अलावा, राजनीति का वातावरण भी महिलाओं के लिए असुरक्षित और शत्रुतापूर्ण रहता है। उन्हें ट्रोलिंग, चरित्र हनन, और मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जिससे उनका आत्मविश्वास डगमगाता है। राजनीतिक दलों में महिलाओं के लिए मार्गदर्शन, प्रशिक्षित नेतृत्व विकास, और निर्णय लेने वाली इकाइयों में शामिल करने जैसी संस्थागत व्यवस्थाएँ भी अक्सर अनुपस्थित रहती हैं। महिला मोर्चा बनाकर उन्हें पार्टी के मुख्य ढांचे से अलग कर दिया जाता है, जिससे वे सत्ता के निर्णायक केंद्रों से दूर रह जाती हैं। 2029 के आरक्षण को सार्थक बनाने के लिए राजनीतिक दलों को अब से ही तैयारी करनी होगी। सबसे पहला कदम है-स्वैच्छिक आंतरिक कोटा। टिकट वितरण में 33% महिला उम्मीदवारों को प्राथमिकता देना केवल आरक्षण की तैयारी नहीं, बल्कि समावेशी लोकतंत्र की दिशा में पहल होगी। ऑस्ट्रेलिया की लेबर पार्टी जैसी मिसालें बताती हैं कि आंतरिक कोटा राजनीति की संस्कृति को सकारात्मक रूप से बदल सकते हैं। दूसरा आवश्यक कदम है-वित्तीय सहायता और संरचित प्रशिक्षण। राजनीतिक दलों को महिला उम्मीदवारों के लिए अलग चुनावी फंड बनाना चाहिए ताकि वे चुनावी खर्च का बोझ उठा सकें। कनाडा का जूडी लामार्श फंड इसका अच्छा उदाहरण है। साथ ही, पंचायतों और नगरपालिकाओं में सक्रिय महिला प्रतिनिधियों को विधानसभा और संसद स्तर के लिए तैयार करने का नेतृत्व कार्यक्रम भी चलाया जाना चाहिए। महिलाओं को पार्टी की कोर कमेटियों, नीति निर्माण इकाइयों और प्रवक्ता मंडल में भी सक्रिय भूमिका देनी चाहिए। केवल महिला मोर्चा या सांस्कृतिक आयोजनों तक सीमित रखकर नेतृत्व नहीं उभरेगा। आईयूएमएल जैसी पार्टियों ने हाल ही में कोर नेतृत्व में महिलाओं को शामिल किया है-अन्य दलों को भी यही दिशा लेनी चाहिए। मेंटोरशिप भी एक सशक्त उपकरण हो सकता है। अनुभवी महिला नेता अगर नवोदित उम्मीदवारों को मार्गदर्शन दें, तो आत्मविश्वास, नीति की समझ, और रणनीतिक कौशल विकसित हो सकता है। इसके साथ ही, पार्टी के भीतर महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न या असम्मानजनक व्यवहार को रोकने के लिए सख्त आचार संहिता और त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था जरूरी है। राजनीतिक दलों के प्रयासों के साथ-साथ मीडिया और नागरिक समाज की भी भूमिका अहम है। मीडिया को महिला नेताओं की नीतिगत भूमिका, वैचारिक दृष्टिकोण और सामाजिक योगदान पर केंद्रित करना चाहिए-ना कि उनके पहनावे, निजी जीवन या विवादों पर। नागरिक संगठनों को भी प्रशिक्षण, जनजागरण और महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने की दिशा में पहल करनी चाहिए।

# महिला क्रूरता की घटनाएं व उनका समाधान

चर्चित समाचारों के मुताबिक देश में कुछ महिलाओं द्वारा अपने प्रेमियों के साथ साजिश करके कई पतियों की जीवनलीला खत्म करने की घटनाएं बड़ी तेजी से बढ़ रही हैं। मनोवैज्ञानिक और समाजशास्त्री इस तरह कि घटनाओं को लेकर चिंतित हैं। ऐसा क्यों हो रहा है कि आजकल न केवल कुछ पुरुष, बल्कि कुछ महिलाएं भी क्रूर व्यवहार का रास्ता अपनाती जा रही हैं। क्रूरता शारीरिक और मानसिक दोनों हो सकती है। जीवनसाथी को शारीरिक चोट पहुंचाना जैसे शरीर, अंग या स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाना या मृत्यु शारीरिक क्रूरता मानी जाएगी। अगर किसी व्यक्ति को एक या दो कामों से गंभीर चोट पहुंचती है तो उसे शारीरिक क्रूरता माना जाएगा। किसी व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाना, नाम पुकारना, व्यक्ति की प्रतिष्ठा को बदनाम करना, झूठे आरोप लगाना, जीवनसाथी के साथ वैवाहिक संबंध बनाने से इनकार करना, मानसिक रूप से अस्वस्थ होना, व्यक्ति की सामाजिक और आर्थिक भलाई को खतरे में डालना मानसिक क्रूरता मानी जाएगी। किसी व्यक्ति के खिलाफ शारीरिक क्रूरता साबित करना अपेक्षाकृत आसान है, मानसिक क्रूरता साबित करना मुश्किल है और यह व्यक्ति की संवेदनशीलता और सामाजिक स्थिति के आधार पर अलग-अलग होता है। क्रूरता, उत्पीड, यातना और पीड़ा की अवधारणा हमारे समाज में लंबे समय से प्रचलित है। मनोविज्ञान के अनुसार हालात इत्यादि के चलते कुछ महिलाओं की सोच में प्यार की जगह नफरत, भरोसे ही जगह धोखा और साथ निभाने के बजाय रिश्तों को खत्म कर देने की सोच ने जन्म ले लिया है। बल्कि पिछले कुछ समय में ऐसे कई केस सामने आए हैं, जहां महिलाएं रिश्तों से उबरने की बजाय उन्हें खत्म करने का रास्ता चुन रही हैं। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण है स्ट्रेस, प्रेशर या अंदर दबी भावनाएं, नई-नई शादियों में जब ऐसा होता है तो इसके पीछे का कारण या तो ये होता है कहीं शादी जबरदस्ती कराई गई है या फिर उसका पति उसे पसंद नहीं है। ऐसे में महिलाओं के मन में बैठ जाता है कि उनकी पसंद और नापसंद को जरूरी नहीं समझा जा रहा है। ऐसे में वे क्रूर होने का रास्ता चुन लेती हैं। जब कोई महिला अपने पति की हत्या करवा देती है, तो क्या ये सिर्फ क्राइम है या कोई मानसिक बीमारी? मनोवैज्ञानिक मत है कि इसे सिर्फ क्राइम नहीं कहा जा सकता है। इसे दिमागी रूप से बीमार होना भी कह सकते हैं। ऐसे में महिलाएं अपनी भावनाओं और गुस्से को बैलेंस नहीं कर पाती हैं। और गुस्से में तो इनसान हमेशा गलत कदम ही उठाता है। इसके पीछे भी यही कारण है। हम एक और बात पर ध्यान दें। हालिया घटनाओं में अधिकतर मध्यम वर्ग की ऐसी महिलाएं हैं, जो छोटे शहरों से हैं। ये देखना इसलिए जरूरी है क्योंकि हमारे समाज के ढांचे में मध्यम वर्ग की महिलाओं पर ही सारे नियम लादे गए थे। वही सालों से दबी रही हैं। छोटे शहरों की ये महिलाएं सालों से बंधनों में बंधी रही हैं। अब सोशल मीडिया का एक्सेस हर किसी के पास है, इसमें सामाजिक स्तर का या छोटे शहरों का कोई कनेक्शन नहीं है। लेकिन इन महिलाओं ने अपनी माओं को, दादियों को मर्द प्रभावी समाज से शोषित होते हुए देखा है। ऐसे में ये वो पहली जनरेशन है जो इस सामाजिक दबाव से, बंधन से बाहर निकली है। तो ऐसे में अगर किसी गुस्सैल पर्सनैलिटी वाली लडकी ने पिता से उसकी मां को प्रताड़ित होते देखा है, तो उसके दिमाग में ये और भी ज्यादा पुख्ता हो जाता है कि ह्यमैं खुद के साथ ये हरगिज नहीं होने दूंगी।ह्न ऐसे में कई बार 10 फीसदी बंधन पर भी वह ऐसे बर्ताव करती हैं जैसे उन्हें बुरी तरह दबा रखा है। मनोविज्ञान के मुताबिक यह क्षण उनके लिए असहनीय हो जाते हैं और क्रूरता को जन्म देते हैं। ऐसे में क्रूरता के जन्म के लिए किसी महिला को जिम्मेवार ठहराना एकतरफा फैसला होगा। किसी भी रिश्ते में भरोसा एक महत्वपूर्ण रोल अदा करता है। इसके साथ ही भरोसा जीतने में समय भी लगता है। आज के समय में रिश्ते मूड पर डिपेंड हो गए हैं। महिला हो या फिर पुरुष, ये भावना आ चुकी है कि मेरी मर्जी नहीं चलेगी तो रिश्ता भी नहीं चलेगा। मूड के वशीभूत होकर, महिला हो या पुरुष, कोई भी हो, समझौता करने के बजाय रिश्तों को तोड ज्यादा पसंद करते हैं। आजकल बहुत लोग सोशल मीडिया पर रील्स देखकर ही उसे अपनी लाइफ मान लेते हैं। वे अपने रिश्तों की तुलना रील से करने लगते हैं और घर से बाहर सुख तलाशना शुरू कर देते हैं। पुरुष भी इसका अपवाद नहीं है। अंत में कुछ महिलाओं में नशे की आदत भी बहुत बढ़ गई है। शराब, स्मोकिंग, ड्रग्स आदि का इस्तेमाल अब कुछ महिलाओं में भी बहुत ज्यादा पिछले कुछ सालों में बढ़ा है। इस तरह की लत भी महिला क्रूरता की वजह बनती है। क्या ऐसे व्यवहार को नियंत्रित किया जा सकता है। महिलाओं के ऊपर क्रूरता को लेकर कुछ पुरुष भी कम नहीं होते। हर रोज महिलाओं को थप्पड़ों, लातों, पिटाई, अपमान, धमकियों, यौन शोषण और अनेक अन्य हिंसात्मक घटनाओं का सामना करना पड़ता है। इन सबके बावजूद हमें इस प्रकार की हिंसा के बारे में अधिक पता नहीं चलता है, क्योंकि शोषित व प्रताड़ित महिलाएं इसके बारे में चर्चा करने से घबराती, डरती व झिझकती हैं। महिला को चोट पहुंचाने के लिए पुरुष अनके बहाने दे सकता है, जैसे कि वह शराब के नशे में था, वह अपना आपा खो बैठा या फिर वह महिला इसी लायक है। परंतु वास्तविकता यह है कि वह हिंसा का रास्ता केवल इसलिए अपनाता है क्योंकि वह केवल इसी के माध्यम से वो सब प्राप्त कर सकता है, जिन्हें वह एक मर्द होने के कारण अपना हक समझता है।

# भ्रष्टाचार के आरोप में जिला परिवहन कार्यालय के तीन सरकारी पदाधिकारी/कर्मी एवं चार दलालों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज

## सरकारी पदाधिकारी/कर्मियों के विरूद्ध निलम्बन की अनुशंसा के साथ प्रपत्र-क गठित करने का आदेश

● किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे भ्रष्टाचारी : जिलाधिकारी

● दायित्वों का निष्ठापूर्वक करें निर्वहन, अन्यथा होगी सख्त कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिला प्रशासन को विगत दिनों मीडिया एवं अन्य माध्यमों से एक वायरल ऑडियो संज्ञान में आया, जिसमें परिवहन कार्यालय, पश्चिम चम्पारण में पदस्थापित मोटरयान निरीक्षक एवं अन्य कर्मी द्वारा अनैतिक कृत्य किए जाने संबंधी वार्ता थी। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार द्वारा इसे अत्यंत गम्भीरता से लेते हुए वायरल ऑडियो की सत्यता हेतु त्रि-सदस्यीय कमिटि का गठन करते हुए मामले की जाँच कराई गई। उक्त के आलोक में त्रि-सदस्यीय कमिटि के द्वारा जाँचोंपरात वायरल ऑडियो में दर्ज अवैध लेन-देन की बात को प्रथम दृष्टया सत्य प्रतिवेदित करते हुए पूरे मामले में पुजा कुमारी, मोटरयान निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया एवं जिला परिवहन कार्यालय के अन्य कर्मियों की संलिप्तता प्रतिवेदित किया गया। प्रतिवेदन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार के द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया को वायरल ऑडियो एवं जांच दल के प्रतिवेदन में अंकित सभी लोगों के विरूद्ध नाम सहित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश दिया गया। साथ ही सरकारी पदाधिकारी/कर्मियों के विरूद्ध निलम्बन की अनुशंसा के साथ प्रपत्र-क गठित करने का आदेश दिया गया। उक्त का अनुपालन करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण बेतिया के द्वारा पुजा कुमारी, मोटरयान निरीक्षक जिला परिवहन कार्यालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया, संतोष दास, मोटरयान निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया सम्प्रति प्रतिनियुक्त परिवहन विभाग, बिहार, संजय राव, तत्कालीन लिपिक, जिला परिवहन कार्यालय सम्प्रति भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, बगहा एवं इस प्रकरण में संलिप्त बिचौलियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करा दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निदेश दिया गया कि सभी कर्मी और पदाधिकारी सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। भ्रष्टाचार संबंधी किसी भी प्रकार की पुष्ट और साक्ष्य आधारित शिकायत मिलने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आदर्श मध्य विद्यालय खैरा एवम श्रीली स्कूल ऑफ एक्सीलेंस छपरा में शुरू हुआ भारत स्काउट और गाइड शिविर

● जिले में चल रहे विभिन्न शिविरों का जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज ने किया निरीक्षण



छपरा: जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के निर्देश पर प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आदर्श मध्य विद्यालय खैरा एवम जिला कार्यक्रम पदाधिकारी(समग्र शिक्षा) के निर्देश पे श्रीली स्कूल ऑफ एक्सीलेंस छपरा मे किया गया शिविर में भाग लेने वाले स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा, गांठ विद्या, ध्वज शिष्टाचार, ड्रिल सफाई और सिटी संकेत व ताली के माध्यम से शिक्षा दिया जाएगा। उदघाटन समारोह में श्रीली स्कूल ऑफ एक्सीलेंस छपरा के प्राचार्य चुनमुन सिंह ने कहा कि आज के परिवेश में बच्चों को स्काउटिंग गाइडिंग की शिक्षा बहुत ही जरूरी हैं स्काउटिंग शिक्षा बच्चों को स्वालंबन और अनुशासन के साथ साथ देश प्रेम की भावना का विकास करता है वहीं जिला आयुक्त स्काउट सह शिविर प्रधान अरूण परासर ने कहा कि स्काउट गाइड से बच्चों में शारीरिक मानसिक और नैतिक विकास होता है जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज ने कहा कि ग्रामीण और शहरी परिवेश में बच्चों को प्रशिक्षण देने का मुख्य उद्देश्य छिपे हुए प्रतिभा को निखारना है उन्होंने कहा की भारत स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण भी सैन्य प्रशिक्षण का एक लघु रूप है, प्रशिक्षित स्वयंसेवक देश हित में अपनी सेवा देंगे इसी मौके पर स्काउट के प्रशिक्षक प्रणव सिंह, आशुतोष कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका कृति सिंह, अनीश, रंजना, अलका, अंकित कुमार आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चायनास्ते की दुकान में चोरों ने ताला काटकर चोरी को अंजाम दिया

बगहा। वाल्मीकिनगर थाने में राजमोहन चौधरी ने आवेदन देकर चोरी की घटना की जानकारी देते हुए केस दर्ज कराया है।इन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया है कि मैं बेतिया बानू छापर का निवासी हूँ और वाल्मीकिनगर में रानी टाइल्स गेस्टहाउस के सामने सुरेंद्र साह के दुकान को भाड़े पर लेकर चलता हूं। सोमवार की रात्री दुकान का ताला काटकर दुकान में रखा सामान अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### अपहरण के मामले में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

परसा।थाना कांड संख्या 192/25 नबालिक लड़की के अपहरण के मामले परसा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए परसा बाजार से अपहरण हुई नबालिक लड़की व नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर छपरा व्यवहार न्यायालय भेज दिया. गिरफ्तार गिरफ्तार नामजद युवक विशुनपुर गाव निवासी जयनाथ शर्मा का पुत्र आकाश कुमार बताया जाता है.

### शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

परसा।थाना कांड संख्या 187/25 शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर बुधवार को भेजा जेल. गिरफ्तार नामजद अभियुक्त डेरनी थाना क्षेत्र के पोझी गाव निवासी स्व वकील राय का पुत्र सोनू कुमार बताया जाता है.इस संबन्ध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गिरफ्तार नामजद अभियुक्त कई दिनों से पुलिस के पकड़ से फरार चल रहा था जिसको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है.

### घर वाले सोए रहे घर में हुई चोरी,लाखों के सामान गायब

तरैया। थाना क्षेत्र के गलिमापुर गांव निवासी सत्येंद्र सिंह के घर में चोरी हो जाने को लेकर थाने में लिखित आवेदन दिया है।आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि 01 जुलाई को रात्रि 11 बजे घर के सभी परिवार खाना खाकर सो गए।सुबह चार बजे नींद खुली तो देखा कि जिस घर में सोए हुएं थे उस घर का दरवाजा बाहर से कपड़ा से बांध दिया गया था।किसी तरह दरवाजा खोलकर बाहर निकले तो देखे कि दो रूम का गेट खुला हुआ है।घर के अंदर गए तो गोदरेज,आलमीरा और लॉकर खोलकर अज्ञात चोरों द्वारा सोने,चांदी,एक छोटा मोबाइल, 82000 हजार रुपए सहित अन्य वस्तुओं की चोरी कर ली गई है। गांव में चोरी की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई।घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन करते हुए डॉग स्क्वायर टीम को सूचित किए।सूचना मिलते ही डॉग स्क्वायर टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन किया।

### पुलिस ने चार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

परसा। थाना कांड संख्या 92/24 के तहत पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में एक वर्षो से फरार चल रहे चार अप्राथमिकी अभियुक्तों को परसा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्तों में एक महिला भी शामिल है. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर डेरनी थाना क्षेत्र के खोजौली गांव में छापेमारी कर चारो को हिरासत में लिया.गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्तों की पहचान खोजौली गांव निवासी स्व. राम नरायण प्रसाद के पुत्र सुगेंद्र प्रसाद,पंकज कुमार की पत्नी गीता देवी, स्व बीरन सिह का पुत्र ब्रजेश सिह,जनार्दन सिह का पुत्र सुमन कुमार के रूप में की गई है. चारो पर पूर्व में पुलिस दल पर ईट पत्थर लाठी डंडे से हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप है.घटना के बाद से ही चार फरार चल रहे थे.पुलिस ने चारो को छपरा व्यवहार न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

# खबर का हुआ असर मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति के इलाज के लिए आगे आए मेडिकल और सेवा दल टीम

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। प्रातः किरण में खबर चलने के बाद वाल्मीकिनगर स्वास्थ विभाग और सेवा दल टीम एक साथ उक्त व्यक्ति को खोज उसके उपचार में लग गए हैं। बतादें की वाल्मीकिनगर स्थित टंकी बाजार के आसपास रामेश्वर नाम का एक 30 वर्षीय मानसिक विक्षिप व्यक्ति पिछले एक माह से पैर की घाव की पीड़ा से तड़प रहा था। उसकी तरफ किसी की भी नजर नहीं जा रही थी। ऐसे में प्रातः किरण ने एक खबर प्रकाशित की जिसकी वाल्मीकिनगर स्वास्थ और सेवा दल टीम ने की सदस्यों ने मानसिक विक्षिप्त रामेश्वर की घाव का इलाज करने का बीड़ा उठाया और उसे ढूंढ निकाला। सेवा दल सदस्यों नेआपस में धन एकत्रित कर विशेषज्ञ डॉक्टर से उसका इलाज शुरू किया। स्वास्थ्यकर्मी श्री ठाकुर ने बताया कि इसका एक पैर बुरी तरह से सड़ गया है इसका पैर काटना पड़ेगा तभी इसकी जान बचाई जा सकती है।वही वाल्मीकिनगर स्वास्थ केंद्र के परिचारी पुच्चू ने बताया कि हमलोग इसका इलाज कर रहे थे लेकिन यह वहां से भाग निकला।अब इसे एम्बुलेंस से बगहा अनुमंडल अस्पताल भेजने की तैयारी की जा रही है। बताते चलें कि पहले इसके बाल मुंडवाया गया फिर नहलाया धुलवाया गया,उसके बाद विशेषज्ञ डॉक्टर से इलाज करा उसके लिए दवाइयां खरीदी गई। इस पुनीत कार्य में मुख्य रूप से अरुण कुमार सोनी,सुनील कुमार,संतोष कुमार जायसवाल, अभिषेक कुमार संतोष रौनियार सहित मेडिकल की टीम शामिल रही।

# घर में घुसे 15 फीट लंबे किंग कोबरा का वनकर्मियों ने किया रेस्क्यू, सुरक्षित घने जंगल मे छोड़ा गया

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। बारिश शुरू होने के बाद रिहायशी इलाकों में वन्य जीवों की चहलकदमी बढ़ गई है। इसी क्रम में वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी अशोक राम के घर में बुधवार की सुबह वन कर्मियों ने एक 15 फीट लंबे विशालकाय किंग कोबरा का रेस्क्यू किया। बताया जा रहा है कि किंग कोबरा घर में घुसकर लगातार अपना जगह बदल रहा था जिसके बाद इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। जिसके बाद वनकर्मी शंकर यादव,धर्मेंद्र कुमार व मणिभूषण ने बड़ी मुश्किल से किंग कोबरा को काबू में किया और उसे पकड़कर वीटीआर के घने जंगल में छोड़ दिया गया। रेंजर श्रीनिवासन नवीन ने बताया कि अशोक राम लक्ष्मीपुर निवासी के घर में विशालकाय 15 फीट लंबा किंग कोबरा घुस गया था। घंटों तक घर में इधर-उधर जगह बदलता रहा। सूचना मिलने पर वन कर्मियों की टीम को वहां भेजा गया। किंग कोबरा इतना विशाल था कि उसका रेस्क्यू करने में वनकर्मियों को काफी मशक्कत करना पड़ा। अंततः सफल रेस्क्यू कर किंग कोबरा को जंगल में छोड़ दिया गया है। किंग कोबरा एक बहुत जहरीला सांप होता है। लेकिन उसमें खासियत है कि वह बिना छेड़छाड़ किए किसी पर हमला नहीं करता है। उसकी लंबाई 20 फीट तक हो सकती है।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ एसएसबी 21वी बटालियन ने मनाई 23 वां स्थापना दिवस,कई कार्यक्रम हुए आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। बगहा स्थित एसएसबी 21 वीं बटालियन के हेडक्वॉर्टर परिसर में 23 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वधर्म सामूहिक प्रार्थना से की गई इसके बाद गार्ड ऑफ ऑनर,बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट द्वारा सभी बलकर्मियों के साथ मिष्ठान ग्रहण एवं शुभकामना संदेश का कार्य हुआ।इस दौरान श्वान दस्ता का प्रदर्शन हुआ और संदीक्षा सदस्याएं,स्थानीय स्कूल के बच्चों और थारू कल्चरल, झूमटा नृत्य,बच्चों व बलकर्मियों के द्वारा भांगड़ा,बिहू जैसे अन्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कुमार देवेंद्र अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,प्रमोद सिंह पूर्व मुखिया वाल्मीकिनगर, सतीश वर्मा,राजन गिरी,निप्पू पाठक,प्रधानाध्यापक,सन फ्लावर स्कूल बगहा,इसके साथ कोजाराम लोमरोर द्वितीय कमान कमांडेंट 65 वीं बटालियन बेतिया,विशाल कुमार उपकमांडेंट 21वीं वाहिनी बगहा,भोलानाथ उपकमांडेंट 21वीं वाहिनी बगहा,भूषण चंद्र राय उपकमांडेंट,21वीं वाहिनी बगहा, विवेक सिंह डांगी सहायक कमांडेंट 21वीं वाहिनी बगहा, जिष्णु यम सी सहायक कमांडेंट ( चिकित्सा),आदर्श चौहान सहायक कमांडेंट (संचार), समेत अधिनस्थ अधिकारी व बलकर्मी,संदीक्षा सदस्याएं व बच्चे मौजूद रहे

# मीना बाजार में सुगमता पूर्वक आवागमन के लिए मानक स्तर का पहुंच पथ जरूरी: गरिमा

## जल ग्रहण क्षेत्र के जाम और अतिक्रमित नालों को दुरुस्त करने का सफाई निरीक्षक को दिया निर्देश

● नगर के मीना बाजार परिसर में 6.62 लाख की लागत से नव निर्मित पहुंच पथों का महापौर ने किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया।नगर के मीना बाजार परिसर में 6.62 लाख की लागत से नव निर्मित दो पहुंच पथों का महापौर ने दल बल सहित निरीक्षण किया। इस मौके पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि मीना बाजार में सुगमता पूर्वक आवागमन के लिए मानक स्तर के और गुणवत्तापूर्ण पहुंच पथों का बनना बहुत जरूरी है। स्थानीय लोगों की मांग पर मीना बाजार में पानी टंकी से संतोष जी सोना चाँदी दुकान तक सड़क निर्माण कार्य एवं लोहरपट्टी में प्रदीप जी (टॉफी दुकान) से जंगली मिस्त्री के दुकान तक सड़क निर्माण कार्य निगम द्वारा कराया जा रहा है। वही मौके पर मौजूद स्थानीय दुकानदार लोगों ने मीना बाजार क्षेत्र में जल ग्रहण क्षेत्र को ऊंचा करने की मांग की। इसके साथ ही कहा कि आसपास में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से प्रायः पूरे दिन जाम की स्थिति बने रहने की शिकायत की। दुकानदारों के द्वारा जाम और अतिक्रमित नालों को दुरुस्त कराने के साथ नियमित नाला सफाई की मांग दुकानदारों द्वारा की गई। साथ ही स्थानीय दुकानदारों ने महिला पुरुष शौचालय और मुत्रालय निर्माण में तेजी लाने की भी मांग की। इसको लेकर महापौर श्रीमती सिकारिया ने नगर निगम के सफाई निरीक्षक को दुकानदारों की मांग को लेकर जरूरी पहल और कार्रवाई का निर्देश दिया।

# पीसीसी सड़क निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, कार्य बंद

● प्रखंड विकास पदाधिकारी बगहा 2 व संबंधित कनीय अभियंता से ग्रामीणों ने की शिकायत



बगहा। इंडो नेपाल सीमा स्थित पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर के विजयपुर में कराया जा रहा पीसीसी सड़क निर्माण में बरती जा रही है घोर अनियमितता।इस घटिया निर्माण के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। विजयपुर निवासी मोहम्मद सेराज,मोहम्मद मेराज सहित उप मुखिया रवि प्रकाश गुप्ता ने भी संबंधित अधिकारियों के पास वीडियो और फोटो भेजकर पीसीसी सड़क निर्माण पर रोक लगाने की गुहार लगाई है। मोहम्मद सिराज ने बताया कि जब तक संबंधित अधिकारी आकर जांच नहीं करेंगे,हम लोग काम नहीं होने देंगे।इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बातचीत के दौरान बताया कि सड़क निर्माण में अनियमित की शिकायत मिली थी,संबंधित कनीय अभियंता को जांच करने का आदेश दे दिया गया था। अभी तक जांच क्यों नहीं हुआ, इसके बारे में कनीय अभियंता से स्पष्टीकरण लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत के मुखिया से बात कर काम में बरती जा रही अनियमित के कारण काम को रोकने का आदेश दिया जाएगा। सूत्रों से मिली खबर के अनुसार यह पीसीसी सड़क निर्माण किसी भी योजना से नहीं है। उप मुखिया रवि प्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस काम को किसी भी योजना में डालकर पैसे की निकासी कर ली जाती है। ऐसा बहुत काम पंचायत में हुआ हैं, जिसमें भारी अनियमित बरती गई थी और पैसे की भी निकासी हो गई लेकिन किसी अधिकारी ने उस पर संज्ञान नहीं लिया।

# अवैध एंबुलेंस पार्किंग को ले चलाया गया चेकिंग अभियान

## दोपहिया वाहन मालिकों से भी वसूला गया जुमार्ना



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी के निदेशानुसार सदर अस्पताल छपरा के परिसर में निजी एम्बुलेंस का अवैध पार्किंग के विरुद्ध जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा औचक चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके साथ ही अस्पताल के आस-पास हेलमेट के उपयोग को लेकर भी दोपहिया वाहनों की चेकिंग की गई। इस क्रम में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन मालिकों पर लगभग 50 हजार रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी कमर आलम ने कहा कि इस तरह का अभियान निरंतर जारी रहेगा। परिवहन विभाग द्वारा इस अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ सहायक परिवहन पदाधिकारी सुलेमान आलम भी शामिल थे।

# दरगाह पर शांति समिति की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



परसा। मोहर्रम पर्व को लेकर बुधवार को माड़र प्राथमिक विद्यालय उर्दू परिसर में सोनपुर इंस्पेक्टर रामबाबू प्रसाद सीओ अनुज कुमार व थानाध्यक्ष सुनील कुमार के उपस्थित में शांति समिति की वैठक आयोजित की गई.जिसमे मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के अपील किया गया. दौरान सोनपुर इंस्पेक्टर रामबाबू प्रसाद ने बताया कि मोहर्रम पर्व पर ताजिया जुलूस निकालना को लेकर पहले थाने में आवेदन देकर परमिशन लेना अति जरूरी है परमिशन नहीं लेने वाले कमेटी पर प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगी.सीओ अनुज कुमार ने बताया कि सभी समुदाय के लोगों आपस में मिलजुल करते हुए को मनाया किसी भी अफवाह में नहीं पड़े किसी तरह की सूचना मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें जिस पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी. इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि ताजिया रखने वाले कमेटियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य है बिना लाइसेंस के ताजा रखने वाले व्यक्ति पर प्रशासन कार्रवाई करेगी वहीं जुलूस में डीजे किसी प्रकार के शास्त्र वर्जित रहेगा इस तरह के कोई व्यक्ति पकड़े जाते हैं तो उसे पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इस मौके पर जिला परिषद सदस्य विनोद राय मुखिया प्रतिनिधि आसिफ असलम पैक्स अध्यक्ष लालबाबू राय राजेंद्र राय विमल प्रसाद मो मनान आदम अली हैदर अली मो आरिफ आलम सैयद कमर अब्बास, सैयद शकील अब्बास, दिलबर अब्बास, इंतेखाब मेहदी, सर्फराज रिजवी, अल्तमश अब्बास, इरफान हुसैन, काज़िम हुसैन मेहदी अब्बास टुनटुन समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे.

# दादा के पहल पर संतोष बने प्रदेश राजनैतिक सलाहकार समिति के सदस्य

## सीएम नीतीश कुमार, वशिष्ठ नारायण सिंह, संजय झा एवं उमेश कुशवाहा के प्रति जताया आभार



छपरा। पूर्व राज्यसभा सांसद व जदयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह उर्फ दादा के पहल पर बिहार प्रदेश जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा द्वारा नीतीश कुमार के समर्पित सिपाही संतोष कुमार सिंह को बिहार प्रदेश जदयू राजनैतिक सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने उम्मीद जताया है कि इनके मनोनयन से पार्टी को मजबूती मिलेगी। बता दें कि संतोष कुमार सिंह वशिष्ठ नारायण सिंह उर्फ दादा के काफी करीबी और उनके शुभचिंतकों में से एक हैं। प्रदेश राजनैतिक सलाहकार समिति के सदस्य मनोनयन किए जाने पर संतोष कुमार सिंह ने इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जदयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के प्रति आभार जताया है। प्रदेश में जदयू राजनैतिक सलाहकार समिति सदस्य बनाए जाने पर संतोष कुमार सिंह को जदयू प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के महासचिव डॉ हरिशंकर चौधरी, प्रदेश युवा जदयू उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, मुन्ना सिंह,मनीष रंजन, जितेंद्र सिंह, लगनदेव तिवारी एवं मनोज मिश्रा ने मुबारकबाद देते हुए खुशी का इजहार किया है।

# डेंगू के रोकथाम और जागरूकता के लिए जिले में मनाया जायेगा एंटी डेंगू माह

● सिविल सर्जन और डीएमओ ने किया शुभारंभ

● फॉगिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग और नगर निकाय समन्वय बनाकर करेगा कार्य

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिले में डेंगू के रोकथाम और जागरूकता को लेकर पूरे जुलाई माह में एंटी डेंगू माह मनाया जायेगा। सारण के सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा और डीएमओ डॉ दिलीप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से अभियान का शुभारंभ किया गया। इस महीने में गांव से लेकर शहर तक जलजमाव स्थल को चिह्नित कर यहां कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि घर के फ्रीज, कुलर ,सड़क पर फेंके गए पुराने टायर , नारियल के ढाब से लेकर छत के गमला में डेंगू अधिक पनपने का खतरा है। सड़क पर नारियल का डाब नहीं फेंके जाएं व पुराने टायर भी खुला सड़क पर लोग नहीं रखें। कुलर और गमला का पानी रोज बदलें। फ्रीज का गंदा पानी बॉक्स से बदलने की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रचार प्रसार करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि डेंगू के रोकथाम को लेकर विभाग पूरी तरह से सतर्क है। जिले में नगर निकाय और स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा समन्वय स्थापित कर फॉगिंग किया जायेगा। इसके लिए जिलाधिकारी अमन पहल करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों को भी नगर पंचायत से टैग किया गया। सीएस ने बताया कि वर्ष 2023 में सबसे अधिक 823 केस, 2024 में 213 केस मिला था। अभी तक मात्र 5 केस मिला है। जिले में डेंगू के रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारी की गयी है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू के जांच के लिए कीट की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है। एडीज मच्छर के काटने से होता है डेंगू: सीएस डॉ सिन्हा ने बताया कि एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह मच्छर दिन में काटता है और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द और आंखों के पीछे दर्द हो तो सतर्क हो जाएं। त्वचा पर लाल धब्बे या चकते का निशान, नाक-मसूढ़ों से या उल्टी के साथ रक्तस्त्राव होना और काला पखाना होना डेंगू के लक्षण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो तत्काल सदर अस्पताल जाएं और अपना इलाज करवाएं। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को पहले डेंगू हो चुका है तो उसे ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे व्यक्ति दोबारा डेंगू बुखार की आशंका होने पर सरकारी अस्पताल या फिर डॉक्टर से संपर्क करें। सभी अस्पतालों में बनाया गया डेडिकेटेड वार्ड:जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि डेंगू और चिकनगुनिया से निपटने के लिए सदर अस्पताल में 10 बेड, अनुमंडलीय अस्पताल में 5 बेड तथा सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 2 बेड सुरक्षित रखा गया है । सभी बेड को मच्छरदानी युक्त रखने का निर्देश दिया है। संबंधित मरीजों के उपचार के लिए पर्याप्त मात्रा में दवा की व्यवस्था सभी अस्पतालों में उपलब्ध है । डेंगू के मरीज की पुष्टि होने पर मरीज के निवास स्थान के 500 मीटर के रेडियस में फागिंग कराने का निर्देश दिया गया है। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के द्वारा एक्टिव सर्विलांस कराने का निर्देश भी दिया गया है ताकि नए मरीजों की खोज की जा सके। मेडिकल कॉलेज से समन्वय स्थापित कर प्लेटलेट्स की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार सुधीर कुमार, वीडीसीओ सतीश कुमार, वीडीसीओ पंकज तिवारी, सभी वीबीडीएस, पिरामल के प्रोग्राम लीड चंदन कुमार, पीओसीडी पंकज कुमार, सिफार के डीपीसी गनपत आर्यन, प्रोग्राम एसोसिएट कृष्णा सिंह समेत अन्य मौजूद थे। इन बातों का रखे ध्यानः घर के आसपास पानी जमा न होने दें। कूलर, टायर, गमलों आदि की सप्ताह में कम से कम एक बार सफाई करें। मच्छरदानी का उपयोग करें और पूरी बाजू के कपड़े पहनें। लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें।

# जिलाधिकारी ने फीता काट कर वाल ऑफ डेमोक्रेसी का किया लोकार्पण

## डीएम ने जागरूकता फ्लैक्स पर प्रकाशित क्युआर कोड को स्वयं अपने मोबाईल से स्कैन कर किया जांच

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर ने बुधवार को एक अनूठी पहल करते हुए समाहरणालय परिसर में वाल ऑफ डेमोक्रेसी का लोकार्पण फीता काट कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के महत्वकांक्षी अभियान स्वीप के तहत इसकी शुरूआत की जा रही है। यह एक ऐसी दीवार है जिससे लोगों को चुनाव के संबंध में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के साथ चुनाव संबंधी सभी जानकारी मिल सकती है। कोई मतदाता 2003 के मतदाता सूची में अपना या संबंधियों का नाम कैसे खोजें, अपना गणना फॉर्म कैसे डाउनलोड करें या उपयुक्त कागजात के साथ फॉर्म को कैसे अपलोड करें सभी तरह की सूचना प्राप्त हो सकेगी। यह आम आदमी के लिए पथ प्रदर्शक की भूमिका निभाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम सूची में शामिल होना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित उप विकास आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रविन्द्र कुमार आदि की उपस्थिति में जिलाधिकारी श्री समीर ने जागरूकता फ्लैक्स पर प्रकाशित क्युआर कोड को स्वयं अपने मोबाईल से स्कैन कर जांच किया कि कोई मतदाता कैसे सीधे आयोग के पोर्टल पर लॉगइन कर सकता है। और किस प्रकार वह ऑनलाईन स्वयं अपना गणना पत्रक भर कर आपलोड करने की कार्रवाई कर सकता है। मौके पर उपस्थित उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल को उन्होंने निर्देश दिया कि इस प्रकार की जानकारी वाले फ्लैक्स और बैनर सभी अनुमंडल और प्रखंडों में भी इआरओ और एईआरओ के माध्यम से लगाने की व्यवस्था करें।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### महिला से दुष्कर्म का आरोपी तांत्रिक गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने जिले के सिवाईपट्टी थाना अंतर्गत एक गांव में गर्भवती महिला से दुष्कर्म का आरोपी तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया है। महिला तरियानी थाना क्षेत्र की बताई जाती है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़िता ने इस मामले में बीते ,30 जून को सिवाईपट्टी थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पीड़िता ने अपने फर्दबयान में झाड़-फूंक के नाम पर अभियुक्त शिवशंकर साह पिता बिन्देश्वर साह ग्राम मधेपुरा थाना सिवाईपट्टी के द्वारा दुष्कर्म करने का जिक्र किया था।कांड की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के अनुश्रवण एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी-1 के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। उक्त टीम में सिवाईपट्टी थाना की टीम को भी शामिल किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त अपराधकर्मी . शिवशंकर साह को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस से पूछताछ में आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। यह जानकारी ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह प्रभाकर ने संवाददाताओं को दी है।

### राजद के प्रखंड उपाध्यक्ष के निधन पर शोक

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के महथी निवासी सह राजद प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष सिंह के निधन पर महागठबंधन कार्यकर्ताओं में शोक की लहर है ' उनके निधन पर समस्तीपुर विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, राजद जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती, विपीन सहनी, वरीय उपाध्यक्ष मोझ्न अरमान सदरी, जिला राजद प्रधान महासचिव राकेश कुमार ठाकुर, कांग्रेस के वरीय नेता सरोज सिंह, कांग्रेस महासचिव ठाकुर मनोज भारद्वाज, कांग्रेस नगर अध्यक्ष डोमन राय, जिला राजद महासचिव राकेश यादव, जिला महासचिव मोझ्न परवेज आलम, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, राजद नेता ज्योतिष महतो, मनोज पटेल, राकेश कुशवाहा, रविन्द्र कुमार राय, हरेंद्र कुमार राय, सोनी सिंह, रवि आनंद, तिलो यादव, मनोज कुशवाहा, महेश राय, सतीश यादव, मनोज कुमार राय, रंजीत कुमार रंभू, जयलाल राय, मोझ्न अमरोज आदि ने शोक व्यक्त किया है '

### विधानसभा चुनाव को लेकर समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तुफान का जनसंपर्क अभियान जारी

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के चर्चित समाजसेवी सह पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान का आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जनसंपर्क अभियान जारी है इसी कड़ी में आज वे सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण पंचायत के शिवनाथपुर स्थित अभिषेक नर्सरी पहुंचे। जहां विभूतिपुर प्रखंड के पूर्व आत्मा कमिटी के अध्यक्ष रामनाथ सिंह तथा पूर्व आत्मा सदस्य मनोज कुमार से मिलकर अपनी उम्मीदवारी के विषय में चर्चा किया। अपनी कार्यशैली के विषय में जानकारी भी दिया। वहीं प्रखंड पूर्व आत्मा कमिटी के अध्यक्ष सह अभिषेक नर्सरी के प्रोपराइटर रामनाथ सिंह ने अपने हाथो उत्पादित ओरिजनल मोती विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान को भेट किया तथा मोती उत्पादन एवं गुणवत्ता के बारे में जानकारी दिया। मौके पर शिवाजी प्रसाद, राम उचित पासवान आदि मौजूद थे।

### मजदूर का शव हैदराबाद से चकहबीब पहुंचते ही मचा चित्कार

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के चकहबीब वार्ड 14 में चार दिन के मातमी सन्नाटा के बाद बुधवार को जैसे ही हैदराबाद से मजदूर मनोज का शव एम्बुलेंस से चकहबीब पहुंचा एक पुनः चित्कार से पूरा गांव दहल उठा। एम्बुलेंस की सायरन बजते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मृतक के माता फूलों देवी एवं पत्नी सुधा देवी चित्कार मारकर रो रो कर बेसुध हो रही थी हर कोई का आंखें नम हो रहा था। बता दें कि चकहबीब निवासी शंकर राय के पुत्र मनोज कुमार हैदराबाद में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। रविवार की संध्या वह तीन मंजिला मकान के छत पर टहल रहा था। अचानक पैर फिसल गई और व मकान से निचे गिर गया इस घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव एम्बुलेंस से हैदराबाद से चकहबीब घर भेजा। बुधवार की अहले सुबह उसका शव घर पहुंचा। जहां अंतिम संस्कार के लिए उसका शव ले जाया गया। मृतक के दो पुत्र राम कुमार 14 वर्ष एवं देव कुमार 12 वर्ष है।

# आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत मुजफ्फरपुर को मिला देश में प्रथम स्थान

प्रात: किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर।आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत मुजफ्फरपुर जिला को आधारभूत संरचना प्रक्षेत्र में पूरे देश में प्रथम स्थान मिला है। नीति आयोग द्वारा इसकी रिपोर्ट जारी की गई है।आधारभूत संरचना प्रक्षेत्र अंतर्गत मुजफ्फरपुर जिले का डेल्टा स्कोर 84 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। इसके अंतर्गत सभी सूचकांक में मुजफ्फरपुर जिला द्वारा शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त किया गया है। शहरों की भांति ग्रामीण क्षेत्रों में भी नेट कनेक्टिविटी द्वारा संचार सेवाओं को सरल, सुगम एवं त्वरित बनाया गया है। पंचायत में भी आरटीपीएस के माध्यम से सरकारी सेवाओं का लाभ आम लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है तथा इसके लिए ग्रामीणों को दूरस्थ प्रखंड एवं जिला मुख्यालय जाने की जरूरत नहीं है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा सभी पंचायत में इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध करा दिया गया। सभी पंचायतों में गांवों के सड़क कनेक्टिविटी का काफी विस्तार किया गया है जिससे न केवल एक गांव से दूसरे गांव को बल्कि ग्रामीण क्षेत्र को शहर से जोड़कर विकास एवं जीवन की गुणवत्ता में व्यापक सुधार लाया गया है। साथ ही सड़क , ग्रामीणों के आवागमन का सुगम एवं सुरक्षित साधन बन गया है। जिले ने सभी पंचायत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सभी मुख्य सड़क से जोड़े जाने संबंधी सूचकांक को शत प्रतिशत प्राप्त कर लिया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 99 फीसदी लक्ष्य की प्राप्ति कर ली गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्र कि जरूरतमंद एवं गरीब लोगों को भी रहने के लिए घर उपलब्ध करा दिए गए हैं जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार आया है।पिछले साल स्वास्थ्य एवं पोषण प्रक्षेत्र में मुजफ्फरपुर जिला को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। साथ ही दिसंबर 2024 में भी ओवरऑल थीम अंतर्गत मुजफ्फरपुर जिला को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ , फलस्वरूप जिले को वर्ष 2024--25 में 10 करोड़ की राशि पुरस्कार में मिली। जिलाधिकारी ने जिला की इस महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय उपलब्धि को जिलावासियों तथा इस कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मियों को समर्पित किया है, जिनके लगन और मेहनत के बलबूते जिले ने यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल किया है।

**सभी बीएलओ 9 जुलाई तक फार्म संग्रहण कर शत-प्रतिशत करें अपलोडिंग : जिलाधिकारी**

मुजफ्फरपुर।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का योजनाबद्ध तरीके से सभी कार्य ससमय पूरा करने एवं फार्म के संग्रहण, अपलोडिंग एवं रिपोर्टिंग कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है । उन्होंने सभी एइआर ओ, चारों को को फील्ड विजिट कर हर बीएलओ को सक्रिय एवं तत्पर रह कर निर्धारित समय सीमा के भीतर अभियान के रूप में कार्य पूरा करने को कहा है।। इसके लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आज संबंधित अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की तथा प्रखंडवार गणना प्रपत्र के वितरण, संग्रहण एवं अपलोडिंग की न केवल अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की बल्कि प्रखंडवार क्षेत्रभ्रमण कर सभी कार्य पूरी जवाबदेही से सुनिश्चित करने को कहा।उन्होंने दिन भर का टास्क देते हुए कहा कि 9 जुलाई तक सभी बीएलओ समर्पित भाव से इस कार्य को फोकस करें तथा प्रथम पाली में अपने-अपने बूथ पर फार्म के वितरण एवं संग्रहण का कार्य करें तथा द्वितीय पाली में प्रखंड मुख्यालय जाकर भरे हुए प्रपत्र का अपलोडिंग करना सुनिश्चित करें। यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर मिशन मोड में पूरा करना है। अन्यथा 9 जुलाई के बाद बीएलओ को अपने मूल दायित्व के अतिरिक्त गहन पुनरीक्षण के कार्य का भी निष्पादन जवाबदेही से पूरा करना होगा। उन्होंने इसके लिए सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को अपने-अपने प्रखंडों में बीएलओ के बैठने तथा आवश्यक संसाधन से युक्त बनाने का निर्देश दिया। इस कार्य में बीएलओ को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने हेतु आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त कर्मी के रूप में किसान सलाहकार, विकास मित्र, पंचायत सचिव आदि की प्रतिनियुक्ति करने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने प्रतिदिन न्यूनतम 20 हजार फार्म अपलोडिंग का टास्क दिया है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उक्त कार्य की प्रगति की प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की जायेगी। बैठक में नगर आयुक्त विक्रम विरकर, उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी श्रीमती श्रेया श्री, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी अमित कुमार, प्रखंडों के सभी एइआरओ , ईआरओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबद्ध थे।

## जिलाधिकारी ने जयनगर शहीद चौक के पास बनने वाले रेल ओवर ब्रिज का किया स्थल निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी माननीय मुख्यमंत्री की मधुबनी यात्रा के क्रम में कुल नौ घोषणाओं में एक जयनगर शहीद चौक के पास यातायात को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से एक रेल ओवर ब्रिज का निर्माण की घोषणा भी थी,जिसकी स्वीकृति 04 फरवरी 2025 को प्रदान की गई थी।इस परियोजना की अनुमानित लागत 178 करोड़ निर्धारित की गई है।उक्त के आलोक जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा ने संबंधित पदाधिकारियों के साथ कार्यस्थल का निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी ने निर्माण स्थल पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, निर्धारित समय-सीमा में पूर्णता एवं सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।यह रेल ओवर ब्रिज न केवल जयनगर शहर के नागरिकों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत दिलाएगा, बल्कि संपूर्ण सीमावर्ती क्षेत्र में आवागमन को भी सुगम बनाएगा। यह परियोजना स्थानीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।उक्त अवसर एडीएम मुकेश रंजन झा,डीपीआरओ परिमल कुमार,एसडीओ जयनगर सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण का मूल उद्देश्य पारदर्शिता व त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना : डीएम

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा।लहेरियासराय स्थित प्रेक्षागृह में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कौशल कुमार द्वारा जीविका ग्राम संगठन की 16 सौ सबसे अधिक (तीन चरणों में) दीदियों के साथ मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को बेहतर ढंग से संपन्न करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जीविका दीदियों को बीएलओ को मदद करने और जन-जन तक संदेश पहुंचाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। विशेष गहण पुनरीक्षण कार्यक्रम को तीन पालीयों में आयोजित की गयी,जिसमें बहादुरपुर,सदर, हनुमाननगर,हायाघाट,तारडीह,जाले, केवटी व सिंहवाड़ा प्रखण्ड के ग्राम संगठनों की हजारों लीडर दीदियों सम्मिलित हुई । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि इस बैठक का मूल उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण का शुद्ध,पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना जिसमें आपका सहयोग भी अपेक्षित है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जीविका दीदी से कहा कि ग्राम स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रति जागरूक करें। कोई भी मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे।

जिलाधिकारी ने जीविका दीदियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा,जीविका दीदी का नेटवर्क बिहार का सबसे सशक्त नेटवर्क है जो घर-घर से जुड़ी हुई है।जब भी राज्य में जन-जागरूकता की बात होती है, सबसे पहले जीविका का नाम सामने आता है। उन्होंने कहा कि अगर जीविका दीदी कोई काम ठान लें,तो उसे पूरा करना संभव हो जाता है।जिलाधिकारी ने उपस्थित दीदियों को भारतीय मतदाता बनने की प्रक्रिया,आवश्यक दस्तावेजों जैसे जन्म तिथि,निवास प्रमाण आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिए।गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य है कि सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हों ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें,कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो और मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहे।उन्होंने दीदियों से आग्रह किया कि वे जमीनी स्तर पर पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करें और अपने ग्राम संगठन क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को मतदाता जागरूकता अभियान से जोड़ें।इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार सब इलेक्शन ऑफिसर प्रिया ने भी जीविका दीदी को विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी से अवगत कराया।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालयों की साफ सफाई जीविका दीदियों के हवाले

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।राज्य के अस्पतालों , बैंकों एवं विभिन्न विभागों में जीविका दीदी की रसोई के सफल क्रियान्वयन के बाद अब सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई की जिम्मेवारी जीविका दीदियाँ संभालेगी। ग्रामीण विकास विभाग के निदेशानुसार राज्य के प्रखंड सह अंचल कार्यालयों एवं परिसर की साफ-सफाई जीविका द्वारा संपोषित सामुदायिक संगठनो द्वारा कराया जाना है । राज्य के प्रत्येक प्रखंड में जीविका द्वारा उनके नोडल संकुल स्तरीय संघ द्वारा प्रतिदिन साफ-सफाई क्रियान्वित किया जाएगा । इसके लिए स्थानीय स्तर पर जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के बीच समझौता ज्ञापन का कार्य भी शुरू कर दिया गया है । यह समझौता तीन वर्ष के लिए किया जा रहा है । दरअसल प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थान है और यहाँ स्वच्छता को विशेष ध्यान रखना होता है। प्रखंड कार्यालय में आम-जनो का आना-जाना अधिक होता है लिहाजा परिसर को स्वच्छ रखना प्रखंड प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होती है । साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने से गन्दगी फैलती रहती है । इससे आने- जाने वालों के साथ ही कर्मियों को भी बीमारी का खतरा बना रहता है । लिहाजा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बेहतर कार्य हेतु वातावरण निर्माण एवं स्वच्छता संधारण के लिए जीविका दीदियों ने कमान संभाल ली है। वही नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड मुजफ्फरपुर के 6 कार्यालय में भी जीविका दीदियाँ साफ सफाई का काम करेंगी। यहां पर करीब 12 दीदियाँ साफ-सफाई का जिम्मा संभालेंगी. इसी कड़ी में मुजफ्फरपुर जिला के आठ प्रखंडों में मंगलवार से प्रखंड सह अंचल कार्यालय के साफ-सफाई की जिम्मेवारी जीविका दीदियों ने शुरू कर दी है। मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में साफ-सफाई कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। बाकी सभी आठ प्रखंड कार्यालय में दो से तीन दिनों में साफ सफाई का कार्य शुरू कर दिया जाएगा.प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सफा-सफाई के लिए सभी प्रखंड में एक नोडल संकुल स्तरीय संघ को साफ-सफाई की जिम्मेदारी दी गई है। प्रखंड परियोजना प्रबंधक समेत अन्य कर्मियों और दीदियों ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय में साफ-सफाई कार्यक्रम की शुरूवात की। अब प्रतिदिन जीविका दीदियाँ परिसर में साफ-सफाई का कार्य निर्धारित मापदंड और समझौते के अंतर्गत करेंगी। विकास कुमार पाण्डेय , प्रबंधक गैर कृषि , जीविका ने बताया कि साफ -सफाई के लिए प्रत्येक प्रखंड में चार जीविका दीदियों को अधिकृत किया गया है, आवश्यकतानुसार कुछ प्रखंडो में पांच जीविका दीदियाँ भी कार्य करेंगी। इनमे से एक जीविका दीदी सुपरवाइजर होंगी। समय-समय पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक, जीविका इनके कार्यों की समीक्षा एवं सहयोग प्रदान करेंगे ' डीपीएम अनिशा ने कहा किप्रखंड सह अंचल कार्यालयों में जीविका दीदियों द्वारा सफा-सफाई का कार्य शुरू किये जाने से उन्हें रोजगार तो मिला ही सरकार के स्वच्छता अभियान को भी रफ़्तार मिलेगी।

## नेपाल सीमा से सटे कमला बलान तटबंध और टैगिंग बाँध का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी मधुबनी आनंद शर्मा ने मंगलवार की संध्या जयनगर क्षेत्र स्थित दायां कमला बलान तटबंध एवं नेपाल टैगिंग दायां बाँध का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने नेपाल टैगिंग योजना के अंतर्गत दाएं और बाएं बाँध की वर्तमान स्थिति तथा तृतीय चरण के तहत कराए जा रहे बाँध के ऊचाईकरण, मजबूतीकरण एवं पक्कीकरण कार्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।कार्यपालक अभियंता द्वारा नेपाल टैगिंग बाँध के बाएं हिस्से से संबंधित भूमि अर्जन की समस्या से अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने जयनगर के अनुमंडल पदाधिकारी को शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया।बाढ़ पूर्व तैयारियो की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने तटबंध पर बालू से भरे बोरे के भंडारण की स्थिति का भी निरीक्षण किया और तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया।गौरतलब है कि नेपाल टैगिंग योजना के अंतर्गत नेपाल क्षेत्र में निर्मित दायां एवं बायां कमला बाध को भारत की सीमा में स्थित दायां एवं बायां कमला बलान तटबंध से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। इस योजना के तहत दाएं भाग में 600 मीटर एवं बाएं भाग में 1200 मीटर की लंबाई में कार्य प्रस्तावित है। दाएं भाग का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।तृतीय चरण के अंतर्गत दाये कमला बलान तटबंध पर शून्य किलोमीटर से 23.20 किलोमीटर तक (भटगामा, बाबूबरही प्रखंड तक) पक्कीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में कंक्रीट के नीचे की आधार परत (ग्रेनुलर परत) बिछाने का कार्य प्रगति में है। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता मुकेश रंजन, जिला जन संपर्क पदाधिकारी परिमल कुमार, जयनगर के अनुमंडल पदाधिकारी, तथा बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-2, झंझारपुर के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## खाद-बीज दुकानदार को लाठी व रॉड से पीट पीटकर कर हत्या

प्रात: किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। थाना क्षेत्र के बहेड़ा गांव में मंगलवार को पुरानी रंजिश में 33 वर्षीय मदन यादव की पीट-पीटकर घायल कर दिया जिसका इलाज के दौरान डीएमसीएच में मौत हो गई, मृतक बहेड़ा गांव के ही लालो यादव के बड़े पुत्र मदन यादव है, मृतक के चचेरा भाई ललित यादव ने बताया कि मदन के भाई का 7 जुलाई को सादी था वह गांव में अपने छोटे भाई सुशील यादव की शादी की तैयारी के लिए आया था। मृतक मदन खाद-बीज की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके दो बेटे और एक बेटी हैं। मदन यादव को गांव से करीब 500 मीटर दूर खींचकर ले जाया गया। फिर लाठी, ईंट, रॉड से बुरी तरह पीटा गया। गंभीर हालत में उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से डीएमसीएच रेफर किया गया। इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, जनवरी मे भूपी यादव के बड़े पुत्र जो मध्य विद्यालय अदलपुर के सहायक शिक्षक रामाश्रय यादव की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस मामले में मृतक के पिता लालो यादव और भाई हीरा यादव जेल में हैं।तभी से गांव में तनाव बना हुआ है। बताया जा रहा है कि पहले से ही दोनों पक्षों में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।मृतक के छोटे भाई सुशील कुमार यादव ने बताया कि वह गांव गए हुए थे। पूरा परिवार कुशेश्वरस्थान बाजार में रहता है। वही चचेरा भाई ललित ने बताया कि मदन को बेहरमी से मारपीट कर कपड़ा सब फार दिया और देशी कट्टा लेकर उसके कमर में डाल दिया जान कर फसाया गया है, अगर मृतक मदन यादव बन्दूक लेकर जाता तो अपनी जान बचाने के लिए फेर करता लेकिन सिर्फ देशी कट्टा ही था नबतो कोई गोली न तो कुछ इससे साफ होता है कि मृतक के कमर में कट्टा देकर फसाया जा रहा है, पुलिस प्रशाशन इसकी जाँच करें और दोषी को सजा दे, उन्होंने बताया कि कुछ लोग लाइनिंग का काम किया और मदन को जान से मारने के लिए पूरी लाइनिंग कर ऐसा घटना का अंजाम दिया है। थाना अध्यक्ष अंकित चौधरी ने बताया कि मृतक के भाई के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है जिसमे 17 नामजद एवं 8 से 10 अज्ञात लोगों पर की गई है। पुलिस छापामारी कर रही है जल्द ही आरोपी सलाखों के अंदर होगा।

## गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर जिलाधिकारी का क्षेत्रीय निरीक्षण



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने झंझारपुर स्थित रामकृष्ण मध्य विद्यालय, पंचायत भवन परसा, उच्च माध्यमिक विद्यालय सिमरा तथा लखनौर प्रखंड के कैथनीया पंचायत अंतर्गत महादलित टोला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाताओं को पुनरीक्षण से जुड़ी प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले की सभी पंचायतों में जन सेवा केंद्रों पर सहायता कक्ष स्थापित किए जा रहे हैं, जहां मतदाताओं को संबंधित जानकारी व सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। लखनौर प्रखंड के कैथनीया पंचायत में बीएलओ सहायक की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्यों में लापरवाही मानते हुए जवाब-तलब का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जिले के 22 बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ एवं सहायकों से भी निर्वाचक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत जवाब मांगा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन से संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु जिन दस्तावेजों की आवश्यकता है, उनकी सूची में सरकार अथवा प्राधिकरण द्वारा जारी पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर आदि शामिल हैं। बिहार राज्य के लिए एक जनवरी 2003 तक की तिथि को मान्य माना जाएगा।निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला, वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं से संवाद करते हुए फार्म भरने की प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ बताया। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों में से कोई एक संलग्न कर बीएलओ को जमा करना होगा। पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य एक शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना है।जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

## बासोपट्टी प्रखंड के बड़कुरवा गांव में जिलाधिकारी ने की मतदाता पुनरीक्षण कार्य की गहन समीक्षा

**जीविका दीदियों के साथ जमीन पर बैठकर लिया फीडबैक, दिए आवश्यक निर्देश**

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखंड अंतर्गत सेलिबेली पंचायत के बड़कुरवा गांव में सोमवार को जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी आनंद शर्मा ने विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान वे जीविका दीदियों के साथ जमीन पर बैठकर न केवल संवाद में जुटे बल्कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित व पारदर्शी बनाने हेतु फीडबैक भी प्राप्त किया।जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद जीविका दीदियों से मतदाता गणना प्रपत्र के वितरण, फार्म भरने में सहयोग, संग्रहण एवं अपलोडिंग की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से महिला मतदाताओं को जागरूक करने और फार्म भरवाने में सहयोग देने की दिशा में जीविका समूहों की भूमिका की सराहना की।

जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि एक भी योग्य मतदाता छूटे नहीं। हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाए।

उन्होंने बीएलओ एवं जीविका दीदियों को निर्देश दिया कि डोर-टू-डोर जाकर शत-प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कई स्थानीय मतदाताओं से सीधे संवाद कर उनके अनुभव और सुझाव भी सुने। उन्होंने मतदाताओं को बताया कि फार्म भरने की प्रक्रिया सहज है, इसमें आयोग द्वारा मान्य 11 में से कोई एक पहचान पत्र संलग्न कर फार्म जमा किया जा सकता है। उन्होंने यह भी अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क करें।इस अवसर पर एडीएम मुकेश रंजन, डीपीआरओ परिमल कुमार, एसडीओ जयनगर सहित कई अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## मिलन सह संवाद समारोह आयोजित

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

जिले के उजियारपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित जननायक कपूर्री सभागार में, जिले के चर्चित युवा समाजसेवी सह उजियारपुर विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय निवासी राजू सहनी ने एक जुलाई को द्वितीय मिलन सह संवाद समारोह का आयोजन किया। आयोजित इस कार्यक्रम का मंच संचालन, शिक्षक पंकज कुमार ने किया। आयोजित इस मिलन सह संवाद कार्यक्रम में उजियारपुर प्रखंड व दलसिंहसराय प्रखंड सहित इनकी बढ़ती लोकप्रियता के कारण समस्तीपुर प्रखंड के भी दर्जनों पंचायतों के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। आयोजित इस मिलन सह संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि, आखिर कब तक उजियारपुर विधानसभा के स्थानीय लोग उजियारपुर से बाहर के लोगों के हाथों में उजियारपुर विधानसभा का बागडोर सौंपते रहेगी। आखिर कोई भी दल उजियारपुर के स्थानीय लोगों को अपना उम्मीदवार क्यों नही बनाती है। इसके पीछे कई वजह क्या है ? इसलिए बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में उन्हें युवा समाजसेवी राजू सहनी के रूप में स्थानीय उम्मीदवार चाहिए। वक्ताओं ने यह भी कहा कि, विगत पांच सालों से उनलोगों ने देखा है कि, कोई भी हादसा हो, परेशानी हो, पीड़ित व्यक्ति के पास राजू सहनी की टीम के लोग तुरंत पहुंचकर उनकी मदद करते हैं, लेकिन स्थानीय विधायक या सांसद पिड़ित परिवार को पुछने तक नही जाते हैं। अभी तक भाई राजू सहनी ने उजियारपुर विधानसभा ही नही, समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के भी दर्जनों परिवारों के बीच लाखों रूपए की राहत सामग्री उपलब्ध करा चुके हैं। वहीं इस बाबत पुछे जाने पर युवा समाजसेवी राजू सहनी ने बताया कि, इस तरह के काम से उन्हें काफी आत्मसंतुष्टि मिलती है। इसलिए उन्हें अपने जिलावासियों से कुछ नही, बस उनका प्यार और आशीर्वाद चाहिए। क्योंकि जितनी शक्ति गरीब व लाचार लोगों के आशीर्वाद में होती है, उतनी ताकत किसी और चीज में नही होती है। पत्रकारों के द्वारा पुछे गये एक सवाल के जबाव में युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी ने बताया कि, विधानसभा चुनाव लड़ने जैसी उनकी अभी कोई इच्छा नही है।

## एसएसबी जवानों ने मादक पदार्थों और तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त करते हुए मामले में दो तस्कर गिरफ्तार किया




प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर एसएसबी जवानों ने मादक पदार्थो के साथ मामले में दो तस्करों को।गिरफ्तार किया गया। मामले में एसएसबी के द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर दी गई जानकारी के मुताबिक 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जयनगर के जी समवाय की बीओपी बेतौन्हा के सतर्क जवानों द्वारा विवेक ओझा उप कमांडेंट के सूत्रों के आधार पर चलाए गए विशेष नाका चेकिंग अभियान के दौरान महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।इस कार्रवाई के तहत भारत-भारत सीमा के अंदर, सीमा स्तम्भ संख्या 269/6 से लगभग 800 मीटर की दूरी पर, दो भारतीय नागरिकों को मादक पदार्थों एवं तस्करी में प्रयुक्त वाहन के साथ पकड़ा गया।बरामद की गई सामग्री जब्त नशीले पदार्थ में ब्राउन शुगर 11.79 ग्राम और गांजा 18.75 ग्राम अन्य जब्त सामग्री में एक चार पहिया वाहन जब्त है। मामले में गिरफ्तार आरोपियों में लदनिया थाना क्षेत्र के योगिया कमलाबाड़ी निवासी 25 वर्षीय मो.शारुक एवं 23 वर्षीय मो. चांद बताया जाता है। जब्त की गई सामग्री एवं दोनों अभियुक्तों को आगे की कार्रवाई हेतु जयनगर थाना पुलिस को सुपुर्द किया जा रहा है।कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने इस कार्रवाई में शामिल दल की सराहना करते हुए कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल सदैव सजग एवं कटिबद्ध है। भविष्य में भी इस प्रकार के प्रयास पूरी मुस्तैदी से जारी रहेंगे।

## जल और हरियाली के बिना नहीं बचेगा जीवनी

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर बुधवार को प्रखंड के शिक्षा विभाग ने जल - जीवन - हरियाली पखवाड़े की शुरूआत की।इस पखवाड़े के अंतर्गत विभागीय निदेर्शानुसार वाद - विवाद, भाषण और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। जल - जीवन - पखवाड़े की शुरूआत में उच्च माध्यमिक विद्यालय,खदियाहीं के परिसर में पौधरोपण किया गया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे बीडीओ चंद्रमोहन पासवान ने कहा कि जल - जीवन - हरियाली सिर्फ औपचारिक आयोजन नहीं, हमारा धर्म और चरित्र है।बिना हरियाली और जल के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि हम पौधे लगायें और उन्हें संरक्षित करें,तभी स्वास्थ्य और सौंदर्य की रक्षा कर सकेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि प्रखंड के सभी विद्यालयों के परिसरों में पौधारोपण करने का निर्देश तो दिया ही गया है,यह भी कहा गया है कि बच्चे अपने घरों के आसपास पौधे लगायें और अपने परिजनों को इस ओर सचेष्ट करें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए बीआरसी के लेखा सहायक योगेश कुमार ने विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जल संरक्षण और पर्यावरण से संबंधित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी हैं,इनसे बच्चों की रचनात्मकता को बल मिलेगा और आनेवाली पीढ़ियों को जल एवं हरियाली की अहमियत पर सोचने का भी अवसर मिलेगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 03 जुलाई, 2025





## हॉरर कॉमेडी के साथ स्त्री की दुनिया में कदम रखेंगे रणवीर सिंह?

**बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म धुरंधर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसके अलावा एक्टर अक्सर अपने अतरंगी पहनावे से चर्चा में बने रहते हैं। ताजा जानकारी के अनुसार, अब रणवीर स्त्री यूनिवर्स का हिस्सा बन चुके हैं।**

स्त्री यूनिवर्स में रणवीर सिंह की एंट्री? 123 तेलुगु डॉट कॉम की एक खबर के अनुसार, स्त्री यूनिवर्स की इस आगामी फिल्म का निर्माण दिनेश विजन की मैडॉक फिल्म्स के तरह किया जाएगा। यह फिल्म हंसी और डर का मिश्रण होगी, जो स्त्री, रूही और भेड़िया जैसी फिल्मों के ब्रह्मांड को और विस्तार देगी। प्रशंसक रणवीर की अनोखी ऊर्जा को इस डरावनी-मजेदार दुनिया में देखने के लिए उत्साहित हैं।

रणवीर का करियर और वर्कफ्रंट

रणवीर सिंह ने अपने करियर में बैंड बाजा बारात, पद्मावत, सिम्बा, बाजीराव मस्तानी, लुटेरा, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जैसी कई सफल फिल्में की हैं। वहीं अब रणवीर सिंह इन दिनों निर्देशक आदित्य धर की एक्शन-ड्रामा फिल्म धुरंधर की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में रणवीर के अलावा आर माधवन, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना और संजय दत्त भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। धुरंधर एक जासूसी थ्रिलर फिल्म है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इसकी कहानी पाकिस्तान में 1970 और 1980 के दशक के दौर पर आधारित होगी। फिल्म की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। इस फिल्म के बाद वह फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 में नजर आएंगे।



# कंगना ने की तन्वी द ग्रेट के ट्रेलर की तारीफ, बोलीं- फिल्म का बेसब्री से इंतजार

अनुपम खेर के निर्देशन में तैयार फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' का ट्रेलर सोमवार को जारी हो चुका है। फिल्म के ट्रेलर की एक्टर शाहरुख खान-अनिल कपूर ने तारीफ की और इसे शानदार बताया। मंगलवार को एक्ट्रेस और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। कंगना ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर ट्रेलर को पोस्ट कर फिल्म देखने की उत्सुकता जताई। उन्होंने लिखा, अनुपम खेर और तन्वी द ग्रेट की पूरी टीम को बधाई। ट्रेलर बहुत पसंद आया, फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।




शाहरुख खान ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लिखा, मेरे दोस्त अनुपम खेर, हमेशा से चांस लेते आए हैं, चाहे सवाल एक्टिंग-फिल्म मेकिंग हो या फिर लाइफ का, वह चुनौतियों को स्वीकार करते हैं। तन्वी- द ग्रेट का ट्रेलर शानदार है, फिल्म के लिए मेरी ढेरों शुभकामनाएं। अनिल कपूर ने तन्वी- द ग्रेट का ट्रेलर शेयर किया और लिखा, कुछ कहानियां पर्दे से हटने के बाद भी हमसे जुड़ी रहती हैं, तन्वी- द ग्रेट उनमें से एक बनने वाली है, अभी जाकर ट्रेलर देखो, यह दिल को छूने वाली कहानी है, जो अंदर से प्रेरित करती है। तन्वी- द ग्रेट का ट्रेलर के साथ मेरी शुभकामनाएं।

30 जून को तन्वी द ग्रेट के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया। ट्रेलर में 'तन्वी' नाम की एक ऐसी लड़की की कहानी की झलक दिखाई गई, जो अपने मजबूत और दृढ़ निश्चय के कारण खास मुकाम पाती है। तन्वी द ग्रेट का संगीत ऑस्कर विजेता एमएम कीरावानी ने तैयार किया है और अनुपम खेर स्टूडियोज और एनएफडीसी के साथ मिलकर बनाई गई है। इसके ग्लोबल डिस्ट्रीब्यूशन की जिम्मेदारी अनिल थडानी की एए फिल्म्स और एक्सेल एंटरटेनमेंट संभाल रहे हैं।

फिल्म में अनुपम खेर, इयान ग्लेन, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ, अरविंद स्वामी, पल्लवी जोशी, करण टैकर जैसे एक्टर्स अहम भूमिका में हैं। तन्वी द ग्रेट 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# एक्टिंग के मामले में विक्की को सलाह देती हैं कैटरीना लेकिन नहीं करती ये काम

विक्की कौशल ने हाल ही में बॉलीवुड इंडस्ट्री में बतौर एक्टर 10 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ से शादी की है। ऐसे में उन्होंने अपनी एक्टिंग और कैटरीना कैफ के बारे में कई बातें शेयर की हैं। विक्की कौशल ने बताया कि उनकी पत्नी कैटरीना उनके काम पर प्रतिक्रिया देती हैं। हालांकि वह अपने काम के बारे में उनकी प्रतिक्रिया नहीं सुनती हैं। करीना कपूर ने इस पर प्रतिक्रिया दी है।

## विक्की ने कैटरीना को लेकर किया खुलासा

हाल ही में विक्की कौशल करीना कपूर के साथ बैठे। दोनों ने हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बातचीत में कई अनुभव साझा किए। जहां विक्की कौशल ने हाल ही में बॉलीवुड इंडस्ट्री में 10 साल पूरे कर लिए हैं, वहीं करीना कपूर ने भी इस इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं। आइए जानते हैं दोनों ने क्या बात की।

## विक्की कौशल को सलाह देती हैं कैटरीना

बातचीत में विक्की कौशल ने अभिनेत्री और अपनी पत्नी कैटरीना कैफ के बारे में बताया कि वह उनके काम को लेकर बहुत ही सजग रहती हैं और उनके काम पर सलाह देती हैं। उन्होंने कहा वह बहुत ईमानदार हैं। वह बताती हैं कि मेरा काम कैसा है। हालांकि मेरे काम को लेकर वह थोड़ा सावधान होती हैं क्योंकि चाहे जो भी हो इस काम में बहुत मेहनत लगी होती है। हालांकि अकसर वह मेरे काम को लेकर बहुत मुखर होती हैं। जब वह मेरे काम पर प्रतिक्रिया देती हैं तो वह मुझे अच्छा लगता है। वह बताती हैं कि मेरे काम में कहां कमी रह गई और क्या बेहतर हो सकता था।

## कैटरीना नहीं लेतीं सलाह

इसी बातचीत में करीना कपूर शामिल हुईं। उन्होंने विक्की की बातों को सुनकर कहा कि काश मेरे पति भी ऐसे होते कि मेरे काम पर प्रतिक्रिया दिया करते। इस पर विक्की कौशल ने उनसे कहा कि हालांकि कैटरीन कैफ को यह पसंद नहीं कि मैं उनके काम के बारे में कुछ कहूं। उन्होंने कहा बिल्कुल इसी तरह। वह भी नहीं चाहती कि मैं उनके काम पर टिप्पणी करूं। सबसे पहले तो यह होना चाहिए कि हम एक दूसरे का हौसला बढ़ाएं।



# अंशुला कपूर का द ट्रेटर्स में सफर खत्म, शो चुनौती भरा रहा



करण जौहर के रियलिटी शो द ट्रेटर्स का फिनाले आने वाला है। इसी बीच बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर शो से बाहर हो गई हैं। उन्होंने बात करते हुए शो के अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि शो का सफर चुनौती भरा था। अंशुला कपूर ने बताया कि शो द ट्रेटर्स में उनकी चाची महीप कपूर उनके साथ थीं, जिससे उन्हें सामान्य और सुरक्षित महसूस हुआ। जब उनसे पूछा गया कि चाची महीप की मौजूदगी उनके लिए कितनी अहम थी, अंशुला ने कहा कि इससे उन्हें भावनात्मक सहारा मिला। उन्होंने बताया, मैंने पहले कभी रियलिटी टीवी शो या इतना लंबा कोई प्रोजेक्ट नहीं किया था। आमतौर पर जब शूटिंग होती है, तो आप घर जाकर आराम कर लेते हैं। लेकिन, इस शो में हम सब एक ही जगह पर बंद थे और बाकी सभी कंटेस्टेंट मेरे लिए अजनबी थे। शो का सफर चुनौती भरा था। ऐसे में चाची का साथ होना बहुत सुकून और हिम्मत देने वाला था।

बता दें कि सर्किल ऑफ शक राउंड में महीप कपूर और आशीष विद्यार्थी को वोट देकर शो से बाहर कर दिया गया। वहीं, ट्रेटर्स ने मुकेश छाबड़ा को टारगेट करके एलिमिनेट कर दिया। इस एपिसोड में बड़ा मोड़ तब आया, जब रफ्तार ने अचानक शो छोड़ दिया। यह फैसला सूफी मोतीवाला के इमोशनल ब्रेकडाउन के बाद हुआ, जिसने सभी को भावुक कर दिया। अपने एविक्शन के बारे में बात करते हुए अंशुला कपूर ने बताया, जब मुझे वोट देकर बाहर किया गया, तो मेरे दिल या सोच ने कभी नहीं कहा कि एलनाज नौरोजी ट्रेटर हो सकती है। मैंने उसे पूरी तरह से सपोर्ट किया, हालांकि टीवी पर सब कुछ नहीं दिखाया गया। शायद इसी वजह से जो लोग मेरे बारे में पहले से कन्फ्यूज थे, उन्होंने मुझ पर शक करना शुरू कर दिया। अंशुला ने कहा, एक तरह से मेरा गेम एलनाज के साथ ही खत्म हो गया था, लेकिन मैं मुस्कुराते हुए शो से बाहर निकली। मैं घर लौटकर खुश हूं। रियलिटी शो द ट्रेटर्स का पहला सीजन अपने आखिरी चरण में पहुंच गया है। इस हफ्ते शो में बड़ा मोड़ आया, जब एक साथ पांच कंटेस्टेंट्स अंशुला कपूर, जानवी गौर, एलनाज नौरोजी, सूफी मोतीवाला और जन्नत जुबैर को बाहर कर दिया गया। इस शो का ग्रैंड फिनाले 3 जुलाई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा।



# काजोल की नई फिल्म 'सरजमीं' का टीजर रिलीज, सरप्राइज पैकेज की तरह हैं इब्राहिम अली खान

**इब्राहिम अली खान, काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन की नई फिल्म 'सरजमीं' का टीजर सामने आया है। इस टीजर में तीनों कलाकारों की झलक देखने को मिली है। कहानी देश भक्ति और आतंकवाद से जुड़ी मालूम होती है। टीजर में सरप्राइज पैकेज के रूप में इब्राहिम अली खान नजर आए हैं। टीजर में इब्राहिम ने जबरदस्त बॉडी दिखाई है। उनका लुक टीजर रिलीज होते ही वायरल हो गया है।**

## कश्मीर पर आधारित है फिल्म की कहानी

टीजर की शुरुआत सेना के कई जवानों से होती है, जो जंगल में किसी मुठभेड़ के दौरान हाथों में हथियार लिए नजर आते हैं। इसके बाद एक बड़ा सा धमाका होता है। इसके बाद काजोल की झलक दिखती है जो उदास नजर आती हैं। फिर दिखते हैं सेना की वर्दी में पृथ्वीराज सुकुमारन। 1 मिनट 30 सेकंड लंबे इस टीजर में सेना का एक्शन और जवान नजर आते हैं, जो ये दर्शाता है कि फिल्म आतंकवाद पर आधारित है। साथ ही काजोल और पृथ्वीराज के बीच लव एंगल भी देखने को मिलता है। टीजर के अंत में इब्राहिम अली खान नजर आते हैं, जो फिल्म में संभवतः आतंकवादी के किरदार में नजर आ रहे हैं। टीजर के लास्ट सीन में इब्राहिम और पृथ्वीराज का आमना-सामना होता है। कहानी कश्मीर पर आधारित मालूम पड़ती है।

## बोमन ईरानी के बेटे कायोज ने किया है निर्देशन

फिल्म की स्टारकास्ट ही नहीं बल्कि निर्देशक भी काफी खास हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के तले बन रही 'सरजमीं' को कायोज ईरानी ने निर्देशित किया है। कायोज दिग्गज अभिनेता बोमन ईरानी के बेटे हैं। 'सरजमीं' 25 जुलाई को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है।

## चॉकलेटी बॉय से खूंखार आतंकी बने इब्राहिम

इस टीजर में सरप्राइज पैकेज के रूप में इब्राहिम अली खान नजर आए हैं। 'नादानियां' जैसी लव स्टोरी से अपना डेब्यू करने वाले इब्राहिम अपनी दूसरी ही फिल्म में खूंखार आतंकवादी के किरदार में नजर आएंगे। जो उनकी पहली फिल्म के किरदार से पूरी तरह से अलग है। हमेशा क्लीन शेव्ड और चॉकलेटी बॉय जैसे दिखने वाले इब्राहिम 'सरजमीं' के टीजर में एक बिल्कुल अलग रूप में दिखे हैं। दाढ़ी वाले लुक में इब्राहिम ने टीजर में अपनी बॉडी भी दिखाई है, जिससे पता चलता है कि इब्राहिम ने फिल्म के लिए काफी मेहनत की है। हालांकि, टीजर में इब्राहिम का कोई डायलॉग नजर नहीं आता है। ऐसे में देखना ये होगा कि 'नादानियां' में आलोचना झेलने वाले इब्राहिम क्या 'सरजमीं' में इस अंदाज से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे या नहीं।






**बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट**

# अमेरिकी फेड सितंबर से पहले ब्याज दरों में कटौती फिर से शुरू नहीं कर सकता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से सितंबर 2025 से पहले अपने सहजता चक्र (ब्याज दर घटाने के दौर) को फिर से शुरू करने की संभावना नहीं है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। यह उम्मीद हाल में जारी जॉब ओपनिंग और लेबर टर्नओवर सर्वे के आधार पर जताई गई है।

सर्वे में मई 2025 के दौरान उम्मीद से अधिक मजबूत जॉब ओपनिंग दिखी है। डेटा से पता चला है कि मई 2025 में अमेरिका में जॉब ओपनिंग बढ़कर 7.76 मिलियन हो गई। यह अप्रैल 2025 में 7.39 मिलियन थी। हालांकि, हेल्थकेयर और बिजनेस सर्विसेज सेक्टर में बड़ी गिरावट के साथ हायरिंग घटकर 5.5 मिलियन रह गई।

रिपोर्ट में बताया गया है कि मिश्रित श्रम बाजार डेटा के अनुसार नौकरी की उपलब्धता मजबूत बनी हुई है, लेकिन वास्तविक हायरिंग गतिविधि धीमी हो रही है। रिपोर्ट में यूएस फेडरल रिजर्व चेयर की टिप्पणियों पर भी प्रकाश डाला गया, जिन्होंने दोहराया कि फेड प्रतीक्षा करें और देखें मोड में रहना जारी रखेगा।

केंद्रीय बैंक ब्याज दरों पर कोई भी निर्णय लेने से पहले



हाल के टैरिफ उपायों के आर्थिक प्रभाव का सावधानीपूर्वक आकलन कर रहा है। इस बीच, अमेरिकी विनिर्माण क्षेत्र में सुधार के कुछ संकेत दिखाई दिए। आईएसएम मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) जून में बढ़कर 49 हो गया, जो मई में 48.5 से छह महीने का उच्चतम स्तर है। सुधार के बावजूद, सूचकांक 50 अंक से नीचे बना हुआ है, जो निरंतर संकुचन को दर्शाता है। आईएसएम मैन्युफैक्चरिंग डेटा के मूल्य सूचकांक घटक में परिलक्षित मुद्रास्फीति जोखिम बना हुआ है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि निवेशकों से अब श्रम बाजार की प्रवृत्ति के बारे में अधिक जानकारी के लिए आगामी अमेरिकी रोजगार रिपोर्ट पर अपना ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में यूके के बारे में बताया गया है कि औसत आवास मूल्य वृद्धि मई में 3.5 प्रतिशत से जून में 2.1 प्रतिशत तक धीमी हो गई। यह नरमी कमजोर मांग को इंगित करती है, संभवतः स्टांप ड्यूटी में हाल ही में हुई बढ़ोतरी के कारण। वैश्विक बॉन्ड बाजार के मोर्चे पर, रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका और चीन को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में पैदावार में गिरावट आई है। सीनेट की ओर से ट्रम्प प्रशासन के खर्च विधेयक को पारित करने के बाद यूएस 10-वर्षीय ट्रेजरी पैदावार में 1 आधार अंक की वृद्धि हुई। भारत में, वैश्विक तेल की कीमतों में गिरावट के बाद 10-वर्षीय सरकारी बॉन्ड पैदावार में 3 आधार अंकों की गिरावट आई। हालांकि, अब यह थोड़ा बढ़कर 6.30 प्रतिशत पर कारोबार कर रहा है, जो वैश्विक बांड बाजारों में हलचल का संकेत है।

## वैश्विक अर्थव्यवस्था की इंक्रीमेंटल ग्रोथ में भारत की हिस्सेदारी 6.7 प्रतिशत

- अकेले एसबीआई का योगदान 1.1 प्रतिशत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने वित्त वर्ष 25 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया और अकेले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की वृद्धिशील वृद्धि में 1.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर भारत के मजबूत प्रदर्शन पर प्रकाश डाला गया है, जिसने वित्त वर्ष 25 के दौरान वैश्विक जीडीपी में कुल वृद्धि में 297 बिलियन अमरीकी डॉलर जोड़े। इसमें कहा गया है, वैश्विक स्तर पर, भारत ने वित्त वर्ष 25 में वृद्धिशील वैश्विक जीडीपी में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया।

वित्त वर्ष 25 में विश्व अर्थव्यवस्था में 4,118 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि हुई और इसमें भारत की हिस्सेदारी 297 बिलियन अमरीकी डॉलर थी। इसका मतलब है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में कुल वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 7 प्रतिशत था, जो वैश्विक विकास में अग्रणी योगदानकर्ताओं में से एक के रूप में इसके बढ़ते महत्व और ताकत को दर्शाता है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत के योगदान में से, अकेले एसबीआई ने अपनी संपत्ति के आकार के माध्यम से 44 बिलियन अमरीकी डॉलर जोड़े। एसबीआई का यह योगदान वित्त वर्ष 25 में वैश्विक जीडीपी में कुल वृद्धि का लगभग 1.1 प्रतिशत है।

# सोने के गिरे भाव, 1000 से अधिक सस्ती हुई चांदी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने के भाव आज जहां नरम हैं वहीं, चांदी के रेट में बड़ी गिरावट दर्ज की जा रही है। आज 2 जुलाई बुधवार को 24 कैरेट सोना 173 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर 97257 रुपये पर खुला है। यह जीएसटी समेत एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार चला गया है। चांदी के भाव में 1063 रुपये की बड़ी गिरावट है और यह 105900 रुपये प्रति किलो पर आ गई है। जीएसटी के साथ 24 कैरेट सोना जहां 100174 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से बिक रहा है तो चांदी 109077 रुपये किलो बिक रही है।



**बिना जीएसटी सोने के भाव-** आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी 172 रुपये टूटकर 96868 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव 159 रुपये गिरकर 89087 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर खुला। 18 कैरेट गोल्ड का भाव भी 130 रुपये सस्ता होकर 72943 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 102 रुपये कमजोर होकर 56895 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। इसमें जीएसटी और मेकिंग चार्ज नहीं जुड़ा है। सोने-चांदी के हाजिर भाव इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं। इनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास।

**इस साल कितने बढ़े सोने-चांदी के दाम-** सर्राफा बाजारों में इस साल सोना करीब 21517 रुपये और चांदी 19883 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 76045 रुपये प्रति 10 के रेट से खुला था और चांदी 85680 रुपये प्रति किलो से। इस दिन सोना 75740 रुपये पर बंद हुआ। चांदी भी 86017 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। वहीं, केवल जून में ही सोने के भाव में जहां, 2103 रुपये की उछाल रही वहीं, चांदी ने 9624 रुपये उछली।

# तेजी से उद्यमी बन रहे इन्फ्लुएंसर

**3375 करोड़ का होगा उद्योग; फिल्मी कलाकारों से ले रहे टक्कर**



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लाखों फॉलोअर्स, कहानियों को गढ़ने और लोगों के दिमाग में विश्वास के साथ अपनी छाप छोड़ रहे इन्फ्लुएंसर अब तेजी से उद्यमी बन रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में इन्फ्लुएंसर से संस्थापक बनने की कहानी एक स्वाभाविक विकास है। यह प्रभावशाली मार्केटिंग के अलावा नए मूल्य को भी जन्म दे सकती है। कंसल्टेंसी फर्म अर्न्स्ट एवं यंग (ईवाई) के अनुसार, इस क्षेत्र का मार्केटिंग उद्योग 2026 तक 3,375 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। ट्रेंडिंग ऑडियो, वायरल फिल्टर से शुरुआत करने वाले अब भारत के शीर्ष सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अब फैशन की दुनिया में भी आ रहे हैं। ब्यूटी, फैशन और उससे भी आगे के ब्रांड के मालिक बन रहे हैं। कुशा कपिला, नितिभा कौल, नीतू बिष्ट और सनी चोपड़ा जैसे कंटेंट क्रिएटर उद्यमिता में अपना हाथ आजमा रहे हैं। ये अब कैटरीना कैफ और कृति सनोन जैसी लोकप्रिय बॉलीवुड हस्तियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इन इन्फ्लुएंसर की रणनीति यह है कि फॉलोअर्स के सूक्ष्म समुदायों को आकर्षित किया जाए, जिनकी संख्या 10 लाख से एक करोड़ तक हो सकती है।

### सबसे बड़ा विज्ञापन चैनल बनने के लिए प्रेरित किया

वैश्विक शोध फर्म इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग हब के अनुसार, इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग ने सोशल मीडिया को दुनिया का सबसे बड़ा विज्ञापन चैनल बनने के लिए प्रेरित किया है। 2024 में 247.3 अरब डॉलर के वार्षिक खर्च के साथ पेड सर्च को पीछे छोड़ दिया है। भारत प्रमुख बाजारों में तीसरे स्थान पर रहा। इन्फ्लुएंसर से उद्यमी बनना क्रिएटर इकनॉमी में एक स्वाभाविक विकास है। जो चीज उन्हें अलग बनाती है, वह है उनके दर्शकों के साथ उनका गहरा, प्रामाणिक संबंध। यह संबंध विश्वास में बदल जाता है, जो आज किसी ब्रांड को लॉन्च करते समय सबसे मूल्यवान है।

## 112 ग्रामीण जिलों में प्रति व्यक्ति औसत आय 2000 डॉलर के पार

**बढ़ेगी खरीदारी**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रामीण भारत में आर्थिक प्रगति के मजबूत संकेत दिख रहे हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार, 112 ग्रामीण जिलों में प्रति व्यक्ति औसत आय अब 2,000 डॉलर को पार कर गई है। इन इलाकों में 29.1 करोड़ लोग रहते हैं। आय वृद्धि से स्मार्टफोन, वाहन और ब्रांडेड सामान जैसे गैर जरूरी उत्पादों और सेवाओं की मांग में वृद्धि होने की उम्मीद है।

रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे राज्य अपनी मजबूत अर्थव्यवस्थाओं और विकास योजनाओं के कारण ग्रामीण उत्थान की इस कहानी का नेतृत्व कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश को छोड़कर लगभग हर राज्य में ग्रामीण प्रति व्यक्ति आय 2,000 डॉलर से अधिक है। ग्रामीण उद्योग क्षेत्र का मूल्य 2024-25 में 29 लाख करोड़ था। यह तीन वर्षों में 7.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। विनिर्माण क्षेत्र में 5 फीसदी की धीमी वृद्धि रही। निर्माण (8.7 प्रतिशत), यूटिलिटी (6.9 प्रतिशत) और खनन (13.5 प्रतिशत) ने अच्छा प्रदर्शन किया।

**अन्य क्षेत्रों से कम रही कृषि की वृद्धि दर-** ग्रामीण सेवा क्षेत्र में प्रति व्यक्ति औसत आय अब ज्यादातर राज्यों में 3,000 डॉलर के पार है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 61 लाख करोड़ रुपये का योगदान देने वाली कृषि अन्य क्षेत्रों की तुलना में धीमी गति से बढ़ी। 2021-22 और 2024-25 के बीच इसकी वृद्धि दर 3.9 प्रतिशत रही।

# अयोध्या बाईपास का 1200 करोड़ का ठेका सीजल इंडिया को मिला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सीजल इंडिया को उत्तर प्रदेश में बड़ा प्रोजेक्ट मिला है। अयोध्या बाईपास बनाने की जिम्मेदारी इस इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी को मिली है। एनएचएआईने कंपनी को 35 किमी लंबी बाईपास सड़क बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस अच्छी खबर का असर सीगल इंडिया के शेयरों पर भी दिखा। कंपनी के शेयर बीएसई पर मंगलवार को 271.45 पर बंद हुए, जो पिछले भाव से 17.80 यानी 7.02 प्रतिशत की तेजी दर्शाता है। आज भी इस पर निवेशकों का फोकस रहेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी सीगल इंडिया ने मंगलवार, 1 जुलाई को बताया कि उसकी सहायक कंपनी सीगल नॉर्दर्न अयोध्या बाईपास प्राइवेट लिमिटेड को एनएचएआईसे अयोध्या में एक बड़ा सड़क प्रोजेक्ट मिला है। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 1,199.30 करोड़ रुपये है। कंपनी को उत्तर प्रदेश में 35.40 किलोमीटर लंबा 4/6 लेन वाला उत्तरी अयोध्या बाईपास बनाना होगा।

**कब शुरू होगा प्रोजेक्ट**



सीगल इंडिया ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि एनएचएआई ने 1 जुलाई का लेटर भेजकर 9 जुलाई, 2025 को इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक शुरुआत की तारीख घोषित कर दी है। इसका मतलब है कि काम औपचारिक रूप से इसी दिन से शुरू हो जाएगा। यह सीगल का एनएचएआई से मिलने वाला हालिया प्रोजेक्ट नहीं है। पिछले मार्च में भी कंपनी को एनएचएआई ने पंजाब में लुधियाना का साउदर्न बाईपास बनाने का ठेका दिया था। यह 25.24 किमी लंबा 6-लेन ग्रीनफील्ड बाईपास होगा, जो लुधियाना-अजमेर इकॉनामिक कॉरिडोर का हिस्सा है। इसकी अनुमानित लागत 864.97 करोड़ थी, लेकिन ठेके की कीमत 1,063.79 करोड़ है। सीगल ने इसे 923 करोड़ में जीता था और इसे 24 महीने में पूरा करना है।

## एक्सारो टाइल्स लिमिटेड को सालाना लगभग 5.67 करोड़ की ऊर्जा लागत में बचत की उम्मीद

**अहमदाबाद, एजेंसी।** भारत की अग्रणी विट्रीफाइड और ग्लेज़्ड टाइल्स निर्माता कंपनीएक्सारो टाइल्स लिमिटेड ने गुजरात केगोरल, ईडरमें5 मेगावाटडीसी सौर ऊर्जा परियोजनाकीस्थापना की घोषणा की है। यह परियोजना कंपनी की स्थिरता, परिचालन कुशलता और उत्तरदायी निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। यह सौर परियोजना 25 वर्ष और 4 महीने की लीज़ पर ली गई भूमि पर स्थापितकी गई है और कंपनी कीतालोद, गुजरात स्थित निर्माण इकाईके लिए कैप्टिव उपयोग हेतु समर्पित है। वर्तमान में यह इकाईप्रति वर्ष लगभग2.1 करोड़ यूनिट बिजलीकी खपत करती है। सौर ऊर्जा के इस उपयोगसे कंपनी कोसालाना 5.67 करोड़तक की संभावित बचत की उम्मीद है,जिससे ऊर्जा लागत में लगभग30 प्रतिशत कीकमीहोगी।

एक्सारो टाइल्स लिमिटेडके मैनेजिंग डायरेक्टरश्री मुकेश कुमार बी. पटेलने कहा-यह सौर परियोजना हमारे व्यवसाय को वैश्विक सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# करूर वैश्य बैंक और क्षेमा जेनरल इंश्योरेंस ने की गेम-चेंजिंग बैंकेश्योरेंस गठजोड़ की घोषणा

**करूर, तमिलनाडु।** करूर वैश्य बैंक (केवीबी) और क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने आज एक महत्वपूर्ण बैंकाश्योरेंस गठबंधन की घोषणा करते हुए भारत के ग्रामीण और कृषि-केंद्रित समुदायों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए दोहरे लाभ वाले बीमा उत्पाद-क्षेमा किसान साथी-की पेशकश की। यह गठबंधन ग्रामीण और अर्ध-शहरी बैंकिंग के क्षेत्र में केवीबी की मज़बूत पकड़ और क्षेमा के उत्कृष्ट तकनिक से संचालित बीमा योजनाओ को जोड़ता है ताकि लाखों ग्राहकों को समग्र वित्तीय सुरक्षा प्रदान करके सशक्त बनाया जा सके।यह साझेदारी भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास के लिए केवीबी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। करूर वैश्य बैंक 109 वर्षों से अधिक की विरासत, और विश्वसनीयता तथा सेवा के प्रति अपनी गहन आस्था रखते हुए अपने ग्राहकों की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए निरंतर बदलाव को अपनाता रहा है। यह गठजोड़ एक ख़ास साझेदारी है और कृषि समुदाय के लिए विशेष रूप से तैयार उत्पाद के ज़रिये भारत के बैंकेश्योरेंस के क्षेत्र में मौलिक बदलाव लाएगा। दो विनियमित निजी संस्थाओं की यह संयुक्त पहल सिर्फ भागीदारी ही नहीं बल्कि यह क्षेमा की प्रौद्योगिकी प्लैट्फ़ॉर्म और केवीबी के ग्रामीण ग्राहकों की तादाद का लाभ उठाकर कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, बीमा करने और उसका उत्थान करने का मिशन है।




## एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी तिरुचिरापल्ली और डसॉल्ट सिस्टम्स ने एडवांस्ड इंजीनियरिंग की शिक्षा, नवप्रवर्तन और अनुसंधान के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

**तिरुचिरापल्ली/दिल्ली एजेंसी।** भारत में अग्रणी इंजीनियरिंग संस्थानों में से एक एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, तिरुचिरापल्ली और डसॉल्ट सिस्टम्स ने एक सहयोगी पारिस्थिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह तंत्र इंजीनियरिंग नवप्रवर्तन को बढ़ावा देगा, कौशल विकास करेगा, स्टार्टअप इनक्यूबेशन करेगा और स्थानीय अनुसंधान को बढ़ावा देगा। इस गठबंधन का लक्ष्य डसॉल्ट सिस्टम्स के 3जी एक्सपीरियंस प्लेटफॉर्म और टेक्नोलॉजी विशेषज्ञता का उपयोग विद्यार्थियों, शिक्षकों और शुरुआती चरण के उद्यमियों को उद्योग प्रासंगिक डिजिटल कौशल और एप्लीकेशंस से युक्त करना है।




इस समझौता ज्ञापन के तहत एडवांस्ड डिजाइन और इंजीनियरिंग एप्लीकेशंस को अकादमिक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में एकीकृत कर विद्यार्थियों को प्रासंगिक डिजिटल क्षमताओं से लैस करके उद्योग के लिए कुशल कार्यबल तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अलावा, यह विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के नेतृत्व वाले ऐसे स्टार्टअप्स को सपोर्ट प्रदान करता है जो

# बिरला ओपस पेंट्स ने रंगों के ज़रिए भारतीय विरासतों का दिखाया एक नया अंदाज़

**एक भावनात्मक फिल्म, जो दिखाती है कि खूबसूरती कैसे बदल सकती है आपकी दुनिया 9**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आदित्य बिरला ग्रुप की ग्रासिम इंडस्ट्रीज़ के अंतर्गत आने वाले बिरला ओपस पेंट्स ने अपने नए ब्रांड कैंपेन 'दुनिया को रंग दो' की शुरुआत की है। दुनिया को रंग दो की सोच पर आधारित यह राष्ट्रीय स्तर की एक भावनात्मक पहल है, जिसकी शुरुआत देश की ऐतिहासिक धरोहर गेटवे ऑफ इंडिया से हुई है। यह कैंपेन बताता है कि रंगों की ताकत न केवल स्मारकों को नया रूप दे सकती है, बल्कि देशभर में गर्व, सौंदर्य और सकारात्मक बदलाव की भावना भी जगा सकती है।

पिछले कैंपेन की सफलता और 'ओपस बॉय' की लोकप्रिय शुरुआत के बाद अब बिरला ओपस पेंट्स अपनी मूल सोच 'दुनिया को रंग दो' को नए अंदाज़ सेलिब्रेटिंग कलर्स ऑफ में सामने ला रहा है। इस बार भी एनीमेशन के ज़रिए तैयार की गई यह भावनात्मक फिल्म ओपस बॉय को दोबारा पेश करती है, जो रंगों के माध्यम से दुनिया को

BIRLA opus PAINTS

सजाने और लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने की कोशिश करता है। इस बार कहानी देश की प्रतिष्ठित ऐतिहासिक इमारतों के इर्द-गिर्द बुनी गई है। रंगों और डिज़ाइनों की कल्पनाशीलता के ज़रिए ये स्मारक नई रोशनी में नज़र आते हैं, जो दिखाता है कि खूबसूरत सोच को भी बदल सकती है। यह प्रस्तुति ब्रांड की मूल फिलॉसफी 'दुनिया को रंग दो' का विस्तार है, जो लोगों को अपने आस-पास की दुनिया को नए नज़रिए से देखने के लिए प्रेरित करती है।

बिरला ओपस पेंट्स के सीईओ रक्षित हरगावे ने इस मौके पर कहा, पिछले कैंपेन को मिली शानदार प्रतिक्रिया ने हमें और आत्मविश्वास दिया। आज हम गर्व के साथ एक नई कहानी पेश कर रहे हैं, जो रंगों और डिज़ाइन के ज़रिए भारत की विरासत को एक नई दृष्टि से देखने का प्रयास है। यह फिल्म रंगों की ताकत को फिर से दर्शाती है और हमारे उस संकल्प को भी दोहराती है कि हम सिर्फ दीवारों को ही नहीं, सोच और आत्मगौरव को भी रंगना चाहते हैं।

## वॉलमार्ट वृद्धि ने मध्यप्रदेश सरकार के साथ किया गठजोड़

**भोपाल।** वॉलमार्ट वृद्धि ने अपने प्रोग्राम पार्टनर आइडियाज टु इम्पैक्ट फाउंडेशन के माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। रतलाम, मध्य प्रदेश में 27 जून को आयोजित रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट (राइज) कॉन्क्लेव के दौरान एमओयू को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई। इस समझौते के तहत अगले तीन साल तक इच्छुक एवं चुनिंदा एमएसएमई को वॉलमार्ट वृद्धि के माध्यम से निशुल्क ट्रेनिंग सपोर्ट प्रदान करते हुए राज्य के एमएसएमई इकोसिस्टम को मजबूत किया जाएगा। वॉलमार्ट इंटरनेशनल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ऑफ सप्लायर डेवलपमेंट, सोर्सिंग जेसन फ्रेमस्टैड ने कहा भारत का एमएसएमई सेक्टर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के मुहाने पर खड़ा है।

## ब्लू क्लाउड सॉफटेक सॉल्यूशंस लिमिटेड को मिला 9.36 मिलियन अमेरिकी डॉलर का कोस्टल सर्विलांस प्रोजेक्ट

**हैदराबाद, एजेंसी।** ब्लू क्लाउड सॉफटेक सॉल्यूशंस लिमिटेड, जो बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध एक अग्रणी वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनी है, ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। कंपनी को अमेरिका में अपने क्लाइंट के माध्यम से 9.36 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 78 करोड़) का एक बड़ा कोस्टल सर्विलांस प्रोजेक्ट मिला है। यह परियोजना 18 महीनों में पूरी की जाएगी और इसका उद्देश्य दक्षिण अमेरिका के तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा को मजबूत बनाना है। इस प्रोजेक्ट के तहत अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली विकसित की जाएगी, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और क्लाउड टेक्नोलॉजी का उपयोग कियाजाएगा। मजबूत उद्योग परिदृश्य के समर्थन के साथ, वैश्विक सुरक्षा और निगरानी उद्योग जिसका मूल्य 2024 में 17.23 अरब अमेरिकी डॉलर था, उसके 2033 तक 36.85 अरब डॉलर तक पहुँचने की उम्मीद है, जिसमें 8.8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की गई है। कंपनी की चेयरपर्सन श्रीमती जानकी यर्लगड्डा ने कहा- हम 9.36 मिलियनअमेरिकी डॉलर के इस प्रोजेक्ट को हासिल करके बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। यह हमारे लिए एक बड़ा कदम है, जिससे हम वैश्विक सुरक्षा बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहे हैं। हमारी उन्नत टेक्नोलॉजी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्सऔर क्लाउड के माध्यम से हम तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा को और बेहतर बनाएंगे। हम दुनिया भर के समुदायों को सुरक्षित और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

शिखर धवन का खुलासा

## जब ईशान ने 200 रन बनाए, तो मैं समझ गया था, मेरा करियर समाप्ति की ओर



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के धमाकेदार ओपनर शिखर धवन ने पिछले साल 2024 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था जबकि बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने टीम के साथ अंतिम बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के तौर पर सफर किया था। इस दौरान उन्होंने तीन पारियों में केवल 18 रन बनाए। इसी दौरे में 24 वर्षीय ईशान किशन ने वनडे में दोहरा शतक जड़कर रिकॉर्ड बनाया और ऐसा करने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बने। धवन ने खुलासा किया कि जब उन्होंने ईशान को 200 रन बनाते देखा तो उन्हें समझ आ गया था कि अब उनका करियर खत्म हो गया है।

धवन ने एक मीडिया हाउस को इंटरव्यू में कहा, %मैं बहुत सारे 50 रन बना रहा था, मैंने 100 रन नहीं बनाए लेकिन मैंने बहुत सारे 70 रन बनाए। जब ??ईशान किशन ने 200 रन बनाए, तो मेरी अंतरात्मा ने मुझसे कहा, ठीक है बेटा यह तुम्हारे करियर का अंत हो सकता है। मेरे अंदर से एक आवाज आई। और वही हुआ। फिर मुझे याद है कि मेरे दोस्त मुझे भावनात्मक सहारा देने आए थे। उन्हें लगा कि मैं बहुत उदास हो जाऊंगा। लेकिन मैं शांत था, मैं आनंद ले रहा था।%

धवन ने बांग्लादेश के खिलाफ उस मुकाबले में 3 रन बनाए और भारत ने 227 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। यह आखिरी बार था जब बाएं हाथ का यह बल्लेबाज भारत की तरफ से खेलेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या टीम से बाहर किए जाने के बाद भारतीय टीम के किसी साथी ने उनसे संपर्क किया, तो 39 वर्षीय धवन ने नकारात्मक जवाब दिया और कहा कि टीम में अपनी जगह खोना उनके लिए कोई झटका नहीं है, क्योंकि वह आयु वर्ग के क्रिकेट से ही इसके आदी हैं।

धवन ने कहा, नहीं, ऐसा नहीं होता (टीम के साथी किसी के बाहर किए जाने के बाद संदेश भेजते हैं)। शायद मैंने राहुल (द्रविड़) भाई से बात की हो। उन्होंने मुझे संदेश भेजा। हर किसी की अपनी यात्रा होती है और वे काम कर रहे होते हैं या दौरे पर होते हैं, यह बहुत सामान्य बात है। हम 14 साल से कम उम्र से इसके आदी हैं, यह पहली बार नहीं है जब मुझे बाहर किया गया या टीम में शामिल किया गया।%

गौर हो कि वैश्विक टूर्नामेंटों में आगे बढ़ने की अपनी आदत ने धवन को 'मिस्टर आईसीसी' बनाया। जब भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती, तो उन्होंने शीर्ष स्कोरर होने के लिए प्लेयर-ऑफ-द-टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता। उन्होंने 2015 के वनडे विश्व कप और 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी में फिर से बल्लेबाजी चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया। आईसीसी प्रतियोगिताओं में उनका औसत 65 का रहा। अपने करियर के दौरान 167 वनडे मैचों में धवन ने 44.11 की औसत से 6793 रन बनाए, जिसमें 17 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं।

# 2036 ओलिंपिक के लिए भारत ने अहमदाबाद का नाम दिया

### 8 महीने पहले दावेदारी पेश की थी, सऊदी अरब, तुर्किये भी मेजबानी की दौड़ में शामिल



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी के लिए अहमदाबाद का नाम इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (आईओसी) के सामने पेश किया है। मंगलवार को स्विट्जरलैंड के लॉजान में हुई बैठक में केंद्रीय खेल मंत्रालय, गुजरात सरकार और ढ्ढह्र अध्यक्ष पीटी ऊषा सहित भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आईओसी के सामने अपनी बात रखी। ये मीटिंग ऐसे वक्त में हुई, जब नई इंटरनेशनल ओलिंपिक काउंसिल (आईओसी) अध्यक्ष कर्स्टी कोवेन्ट्री ने भविष्य के ओलिंपिक होस्ट बिडिंग प्रोसेस पर रोक लगा दी थी। आईओसी सदस्य चाहते हैं कि मेजबान देश के चुनाव में उनकी भूमिका ज्यादा हो, इसीलिए एक वर्किंग ग्रुप बनाकर नई प्रक्रिया तैयार की जाएगी।2036 ओलिंपिक की दौड़ में भारत अकेला नहीं है। सऊदी अरब, इंडोनेशिया, तुर्किये (टर्की) और चिली जैसे देश भी मेजबानी की दौड़ में शामिल हैं।

**पिछले साल दावेदारी पेश की थी –** पिछले साल एक अक्टूबर को भारत सरकार ने लेटर ऑफ इंटेंट के जरिए ढ्ढह्रष्ट से गेम्स का आयोजन कराने की इच्छा जाहिर की थी।

**अहमदाबाद को क्यों चुना गया –** भारत की तरफ से ओलिंपिक में पहली बार आधिकारिक रूप से किसी शहर का नाम दिया गया है। भारत की ओलिंपिक कमेटी ने कहा, अहमदाबाद में ओलिंपिक आयोजित करने से 60 करोड़ युवा भारतीयों को पहली बार देश में ओलिंपिक देखने का मौका मिलेगा। साथ ही भारत ने वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देते हुए ओलिंपिक को दुनियाभर के लोगों के लिए एक परिवार जैसा अनुभव बनाया जाएगा।

**सपने को साकार करने की कोशिश कर रहेः हर्ष संघवी –** गुजरात के खेल मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, हम आईओसी के साथ मिलकर इस साझा सपने को साकार करने की कोशिश में हैं। आने वाले महीनों में हम एक मजबूत साझेदार बनने के लिए तैयार हैं।

**भारत में ओलिंपिक भव्य आयोजन होगाः पीटी ऊषा –** आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा ने कहा, भारत में ओलिंपिक सिर्फ एक भव्य आयोजन नहीं होगा, यह पीढ़ियों तक असर डालने वाला ऐतिहासिक आयोजन होगा।

**आईओसी का नया बदलाव –** आईओसी की नई अध्यक्ष ने कहा, आईओसी के सदस्यों की मांग थी कि उन्हें चुनाव प्रक्रिया में बड़ी भूमिका दी जाए। इसी वजह से नई मेजबानी नीति पर पुनर्विचार करने के लिए एक वर्किंग ग्रुप बनाया जाएगा।

**अब तक 2 एशियाड, एक कॉमनवेल्थ गेम्स करा चुका है भारत –** भारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है। देश ने आखिरी बार 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। इससे पहले भारत में 1982 और 1951 के एशियन गेम्स भी कराए जा चुके हैं।

भारत-इंग्लैंड दूसरा टेस्ट

## भारत की खराब शुरुआत



**वोक्स ने केएल राहुल को बोल्ड किया जायसवाल-करुण एलबीडब्ल्यू होने से बचे**

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम पर खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले का पहला दिन है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है।

पहले सेशन में भारतीय टीम ने पहली पारी में दो विकेट पर 110 रन बना लिए थे। यशस्वी जायसवाल और शुभम गिल क्रीज पर थे इनसे अच्छी पारी की उम्मीद जताई जा रही थी। केएल राहुल (2 रन) को क्रिस वोक्स ने बोल्ड कर दिया। उनके ओवर में जायसवाल एलबीडब्ल्यू होने से बच गए। भारतीय टीम 3 बदलाव के साथ उतरी है। जसप्रीत बुमराह यह मैच नहीं खेल रहे हैं, उनकी जगह आकाश दीप खेल रहे हैं। नीतीश कुमार रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया गया है। बर्मिंघम टेस्ट का

**दोनों टीमों के खिलाड़ी काली पट्?टी बांधकर उतरे –** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर वेन लार्किंस को श्रद्धांजलि देने के लिए दोनों टीमों के खिलाड़ी बांह में काली पट्टी बांधकर उतरे।

**जायसवाल के चौके से भारत का खाता खुला था –** यशस्वी जायसवाल ने मैच का पहला ओवर डाल रहे क्रिस वोक्स की 5वीं बॉल पर चौका लगाया। इसी चौके के साथ भारतीय टीम का खाता भी खुल गया। जायसवाल ने लेग स्टंप की बॉल पर फाइन लेग की ओर धकेल दिया।

**भारतीय टीम में 3 बदलाव –** भारतीय टीम ने 3 बदलाव किए हैं। कप्तान शुभमन गिल ने टॉस के समय कहा, हम भी टॉस जीतते तो पहले गेंदबाजी ही करते। अगर पिच में कुछ है, तो पहले दिन ही रहता है। टीम में तीन बदलाव किए हैं, नीतीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर और आकाश दीप खेल रहे हैं।बुमराह इस मैच में नहीं खेलेंगे, यह सिर्फ उनके वर्कलोड मैनेजमेंट का फैसला है। तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में है, वहां पिच में ज्यादा मदद मिलने की उम्मीद है, इसलिए बुमराह को वहां के लिए बचाकर रखा है। कुलदीप को खिलाने का मन था, लेकिन अंत में बैटिंग को थोड़ा और गहराई देने का फैसला किया था।

**पिछले टेस्ट से आत्मविश्वास बढ़ा- स्टोक्स –** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा, हम पहले गेंदबाजी करेंगे। मौसम गेंदबाजी के अनुकूल हैं। पिछले टेस्ट में हमारी टीम का शानदार प्रदर्शन था, जिससे आत्मविश्वास बढ़ा है। टीम जैसे-जैसे टेस्ट आगे बढ़ता है, हालात को बेहतर तरीके से समझती हैं।

**एजबेस्टन मैदान पर 58 साल से इंग्लैंड से टेस्ट नहीं जीता भारत –** भारतीय टीम बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर पिछले 58 साल से टेस्ट मैच खेलते आ रही है। टीम ने यहां इंग्लैंड से पहला मैच 1967 में खेला था। तब से अब तक भारतीय टीम ने इस मैदान पर 8 टेस्ट खेले, लेकिन किसी में भी जीत नसीब नहीं हुई। भारतीय टीम ने यहां 39 साल पहले 1986 में एक ड्रॉ मैच खेला था, टीम को बाकी 7 मुकाबलों में हार मिली। भारतीय टीम ने इंग्लैंड में अपना सफर 1932 में शुरू किया था। तब से अब तक दोनों टीमों के बीच 137 टेस्ट मैच खेले गए। इनमें 52 टेस्ट इंग्लैंड ने अपने नाम किए, जबकि 35 मैच टीम इंडिया ने जीते। वहीं, 50 टेस्ट ड्रॉ भी रहे। भारत ने इंग्लैंड में 68 टेस्ट खेले और 9 ही मैच जीते, टीम ने यहां 22 टेस्ट ड्रॉ भी कराए हैं। हालांकि, 37 मुकाबलों में इंग्लैंड को जीत मिली।

**पिछले एक साल में पंत ने सबसे ज्यादा रन बनाए –** पिछले एक साल में ऋषभ पंत ने भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 11 मैचों में 46.45 के एवरेज से 929 रन बनाए हैं। इतना ही नहीं, पंत ने पिछले मैच की दोनों पारियों में शतक लगाए थे। उनके अलावा, यशस्वी जायसवाल ने एक जून 2024 के बाद भारत की ओर से 41.66 के औसत से 875 रन बनाए हैं।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**इंग्लैंड-** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारत –** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा

एशिया कप शेड्यूल

## पांच सितम्बर से यूएई में शुरू होगा टूर्नामेंट



**यूएई (एजेंसी)।** एशिया कप 5 सितंबर को शुरू होने की संभावना है जबकि खिताबी मुकाबला 21 सितंबर को होगा। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने 17 दिन की अवधि को लगभग अंतिम रूप दे दिया है और भारत शुरुआती मैच में 7 सितंबर को पाकिस्तान से भिड़ेगा। मेजबान भारत सहित सभी भाग लेने वाले देश यूएई में खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए अपनी-अपनी सरकारों से मंजूरी लेने के करीब हैं। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और यूएई भाग लेने वाले देश होंगे और बहु-राष्ट्र आयोजन ग्रुप चरण और सुपर फोर प्रारूप का पालन करने के लिए तैयार है। इसका मतलब है कि भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला कम से कम दो बार देखने को मिलेगा। दूसरा मुकाबला 14 सितंबर को हो सकता है। टूर्नामेंट की तैयारियां शुरू हो गई है और आधिकारिक प्रसारक सोनी ने एक पोस्टर भी साझा किया है। एशिया कप पर नए घटनाक्रम उन सभी हितधारकों के लिए स्वागत योग्य समाचार है जो बहु-राष्ट्रीय आयोजनों में भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत पर भरोसा कर रहे थे। हाल ही में सीमा पार तनाव ने स्थिति को थोड़ा जटिल बना दिया था, लेकिन यूएई में दोनों पक्षों के आमने-सामने होने के साथ, वैश्विक टूर्नामेंटों में इस मुकाबले का भविष्य उज्ज्वल दिखाई देता है। बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका अगले तीन संस्करणों के आधिकारिक मेजबान होने जा रहे हैं और टूर्नामेंट का प्रारूप बदलता रहेगा।

## जेसिका पेगुला विंबलडन के पहले राउंड से बाहर

### इटली की कोकियारेटो ने हराया, डिफेंडिंग चैंपियन अल्काराज की जीत से शुरुआत

**लंदन (एजेंसी)।** दुनिया की नंबर-3 टेनिस स्टार जेसिका पेगुला विम्बलडन-2025 के पहले राउंड में उलटफेर का शिकार हो गई हैं। तीसरी सीड पेगुला को वर्ल्ड रैंकिंग में 116वें नंबर की खिलाड़ी एलिसाबेटा कोकियारेटो ने महज 58 मिनट में हरा दिया। 31 साल की अमेरिकी खिलाड़ी ने यह मैच सीधे सेट में 6-2, 6-3 से गंवाया। यह उनका इस साल का सबसे खराब प्रदर्शन है। पेगुला पिछले 5 साल में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के पहले राउंड से बाहर हुई हैं। इससे पहले वे 2020 में फ्रेंच ओपन के पहले दौर से बाहर हुई थी। पेगुला से पहले डेनियल मेदवेदेव और 8वीं सीड होल्गर रून उलटफेर का शिकार हुए।



**डिफेंडिंग चैंपियन अल्काराज की जीत से शुरुआत –** 2 बार के चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने जीत से शुरुआत की। उन्होंने इटली के फैबियो फोगनिनी को 4 घंटे से ज्यादा चले मैच में 7-5, 6-7 (5-7), 7-5, 2-6, 6-1 से हराया। अब उनका मुकाबला 21 साल के टार्वेट से होगा, जिन्होंने विंबलडन में अपने पहले मैच में स्विट्जरलैंड के लिएंड्रो रीडी को हराया है।

**सबालेंका की वर्ल्ड नंबर-1 रहते 50वीं जीत –** दुनिया की नंबर-1 महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने टूर्नामेंट में बेहतरीन जीत से आगाज किया। सबालेंका ने कनाडा की कार्सन ब्रेंस्टीन को लगातार सेट में 6-1, 7-5 से हराया। यह सबालेंका की वर्ल्ड नंबर-1 रहते ?हुए विमेंस टेनिस एसोसिएशन में 50वीं जीत रही। वे ऐसा करने वाली 9वीं ?खिलाड़ी बनीं। उनसे पहले, हिंगिस, सेरेना, डेवनपोर्ट, जस्टिन हेनिन, वोज्नियाकी, अजारेंका, बार्टी और स्वातेक ने ऐसा कर चुकी है।सबालेंका की इस साल यह 43वीं जीत थी। वे साल 2023 के बाद इस ग्रैंड स्लैम में हिस्सा ले रही हैं। डेनियल मेदवेदेव और टूर्नामेंट के 8वीं सीड होल्गर रून पहले राउंड में उलटफेर का शिकार हुए। रून को निकोलस जैरी ने 4-6, 4-6, 7-5, 6-3, 6-4 और मेदवेदेव को बेंजामिन बोंजी ने 7-6, 3-6, 7-6, 6-2 से हराया।

## 11 लोगों की मौत का मामला

### भगदड़ के लिए आरसीबी जिम्मेदार, कैट ने कहा- पुलिस के पास जादुई शक्तियां नहीं हैं




**बेंगलुरु (एजेंसी)।** केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने चार जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के लिए मंगलवार को प्रथम दृष्टया रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जिम्मेदार पाया। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। आरसीबी की पहली आईपीएल खिताबी जीत के बाद टीम द्वारा विधान सौधा से विजय परेड और स्टेडियम में प्रशंसकों के साथ जश्न के कार्यक्रम की घोषणा के बाद स्टेडियम के पास एमजी रोड और कुब्बोन रोड इलाकों में लगभग ढाई लाख प्रशंसक उमड़ पड़े थे।

कैट ने कहा, 'इसलिए प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि लगभग तीन से पांच लाख लोगों के एकत्र होने के लिए आरसीबी जिम्मेदार है। आरसीबी ने पुलिस से उचित अनुमति या सहमति नहीं ली। कैट ने अपने अवलोकन में कहा, 'अचानक उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया जिसके परिणामस्वरूप लोग एकत्र हो गए।

आरसीबी ने चार जून की सुबह की परेड और प्रशंसकों के कार्यक्रम के बारे में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया था और न्यायाधिकरण ने पाया कि पुलिस विभाग के पास इतने कम समय में इतनी बड़ी भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त समय नहीं था।

## छह साल की उम्र में थामा बैडमिंटन, अब जूनियर वर्ल्ड नंबर 1 बनीं भारत की तन्वी शर्मा



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब की गोल्डन गर्ल तन्वी शर्मा बैडमिंटन में जूनियर वर्ल्ड नंबर 1 बन गई हैं। तन्वी हाल ही में बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 यूएस ओपन 2025 में महिला एकल वर्ग में उपविजेता रहीं थी। महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा को शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करते हुए रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। विश्व में 66वें स्थान पर काबिज यह युवा भारतीय शटलर जूनियर विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी बन गई है और विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल हो गई है। उसने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 में अपने अभियान से वैश्विक बैडमिंटन समुदाय को चकित किया जिसमें विश्व की 23वें नंबर की खिलाड़ी सहित कई उच्च रैंक वाली प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में प्रवेश करना शामिल था। तन्वी अगले महीने होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में पदक जीतने का लक्ष्य रखकर चल रही है।

## दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान केशव महाराज जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार को बताया कि दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान केशव महाराज कमर में खिंचाव के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। महाराज, जो पूर्णकालिक नियमित टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा की अनुपलब्धता के बाद जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए कप्तान थे, को सोमवार को पहले टेस्ट के तीसरे दिन बल्लेबाजी करते समय चोट लग गई। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने एक बयान में कहा, श्रृंखला के कप्तान को पहले टेस्ट के तीसरे दिन बल्लेबाजी करते समय चोट लग गई। चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए वह आगे के आकलन के लिए घर लौटेंगे। सेनुरान मुथुसामी को उनके प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया है, जबकि ऑलराउंडर वियान मुल्डर शनिवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में टीम की अगुवाई करेंगे। इस बीच दक्षिण अफ्रीका ने शुरुआती टेस्ट के तेज गेंदबाजों को छाप छोड़ने का एक और मौका देने के लिए लुंगी एनगिडी को भी टीम से बाहर कर दिया है।

## दिल्ली प्रीमियर लीग में दो नई टीमें जुड़ी, ऋषभ पंत सहित 10 से अधिक आईपीएल खिलाड़ी नीलामी में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने मंगलवार को दूसरे सीजन से पहले दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में दो नई पुरुष फ्रेंचाइजी जोड़ने की घोषणा की। आउटर दिल्ली फ्रेंचाइजी को सबसे अधिक बोली लगाने वाले सविता पेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने 10.6 करोड़ रुपए में हासिल किया। नई दिल्ली फ्रेंचाइजी को भीमा टोलिंग एंड ट्रैफिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और क्रेयॉन एडवरटाइजिंग लिमिटेड के कंसोर्टियम ने 9.2 करोड़ रुपए में खरीदा।

इससे लीग में पुरुष टीमों की संख्या 6 से बढ़कर आठ हो गई है। दो नई टीमें टूर्नामेंट के 2025 संस्करण के लिए छह मौजूदा फ्रेंचाइजी जिसमें सेंट्रल दिल्ली किंग्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, पुरानी दिल्ली 6, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज और वेस्ट दिल्ली लायंस शामिल हैं, हिस्सा लेंगी। सीजन 2 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6 और 7 जुलाई को राजधानी में होगी। पुरुषों की नीलामी 6 जुलाई को होगी, उसके बाद महिलाओं की नीलामी 7 जुलाई को होगी।



दिलचस्प बात यह है कि पुरुषों की नीलामी में कई बेहतरीन खिलाड़ी शामिल होंगे जिनमें ऋषभ पंत, इशांत शर्मा जैसे नामी खिलाड़ी और प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, हर्षित राणा, दिग्वेश राठी, हिम्मत सिंह, सुयश शर्मा, मयंक यादव और अनुज रावत जैसे उभरते सितारे शामिल हैं। डीपीएल की वापसी पर बोलते हुए डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, दिल्ली प्रीमियर लीग सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह राजधानी की गहरी जड़ें जमाए क्रिकेट संस्कृति का जश्न है। सीजन 1 में हमने जिस तरह की प्रतिभा देखी, वह वाकई आशाजनक थी और इस विस्तार के साथ हम और भी ज़्यादा खिलाड़ियों को चमकने का मंच दे रहे हैं।

उन्होंने कहा, प्रियांश आर्य, दिग्वेश राठी और कई अन्य प्रतिभाएं डीपीएल के जरिए उभरीं और आईपीएल 2025 के दौरान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिससे भविष्य के सितारों के लिए लीग के महत्व को साबित किया जा सका। जुलाई में होने वाली नीलामी सीजन के लिए माहौल तय करेगी और हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि यह अनुभव फ्रैंचाइजी, खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए समान रूप से सहज और प्रभावशाली हो।

## संक्षिप्त समाचार

### लालकृष्ण आडवाणी की रथयात्रा को बम से उड़ाने की थी साजिश, 30 साल बाद पकड़ाया आतंकी सिद्दीकी

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मदुरै में तत्कालीन उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की रथयात्रा के दौरान पाइप बम लगाने की कोशिश में शामिल आतंकवादी अबूबकर सिद्दीकी को 30 साल बाद आंध्र प्रदेश में उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि सिद्दिकी दक्षिण भारत में हुए कई बम विस्फोटों की घटनाओं को अंजाम देने में शामिल था और उसे तमिलनाडु के आतंकवाद निरोधी दस्ते ने अन्नामय्या जिले में उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया है। पुलिस बीते तीन दशकों से नागोर के सिद्दीकी की तलाश कर रही थी और उस पर पांच लाख रुपये का इनाम भी था। पुलिस ने एक बयान में बताया कि 60 वर्षीय सिद्दीकी के साथ तिरुनेलवेली के एक अन्य भगोड़े मोहम्मद अली उर्फ ??यूनुस उर्फ ??मंसूर को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अपने बयान में कहा, ''वे कई बम विस्फोटों और सांप्रदायिक हत्याओं में शामिल थे और तीन दशकों से पुलिस की पकड़ से बचते रहे थे।'' मंगलवार को पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की सहायता से गिरफ्तार किया गया। अबूबकर कई चर्चित आतंकवादी मामलों में आरोपी है, जिनमें 1995 में चिंताद्रिपेट स्थित हिंदू मुन्नानी के कार्यालय में हुआ बम विस्फोट, उसी साल नागौर में हिंदू दक्षिणपंथी कार्यकर्ता टी मुथुकृष्णन के लिए जानलेवा साबित हुए पार्सल बम विस्फोट और 1999 में एग्मोर स्थित चेन्नई पुलिस आयुक्त कार्यालय और तिरुचिरापल्ली, कोयंबटूर और केरल समेत छह अन्य जगहों पर बम लगाने का मामला शामिल है।

### हिमाचल के मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर केस दर्ज, गडकरी ने सीएम सुक्खू से की थी मांग



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर एनएचएआई के दो अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में मंगलवार को मामला दर्ज कर लिया गया। मंत्री के खिलाफ एनएचएआई के दो अधिकारियों पर उस स्थान का निरीक्षण करने के दौरान कथित तौर पर हमला करने का आरोप है, जहां पांच मंजिला एक इमारत ढह गई थी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस घटना की निंदा करते हुए सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू से कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने बताया कि एनएचएआई के कर्मचारी अचल जिंदल की शिकायत पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अचल जिंदल फोर-लेन परियोजना के प्रबंधक हैं। जिंदल ने आरोप लगाया है कि सिंह ने उन्हें और उनके साइट इंजीनियर योगेश को एक कमरे में बुलाया और उनके साथ मारपीट की। एनएचएआई के दोनों कर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा था कि एनएचएआई पीआईयू शिमला के प्रबंधक अचल जिंदल पर हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज मंत्री और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया जघन्य हमला अत्यंत निंदनीय है और कानून के शासन का अपमान है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी कहा था कि अपने आधिकारिक कर्तव्यों का पालन कर रहे एक लोक सेवक पर इस तरह का क्रूर हमला न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालता है, वरन संस्थागत अखंडता को भी नष्ट करता है। मैंने मामले का संज्ञान लिया है और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से बात की है। मैंने उनसे सभी आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए और बिना देरी के न्याय दिया जाना चाहिए। इस संबंध में प्रतिक्रिया के लिए मंत्री से संपर्क नहीं हो सका।

# भविष्य खतरे में, कोर्ट आंखें बंद नहीं कर सकता, राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा- अब और बर्दाश्त नहीं



**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान हाईकोर्ट ने देश की भावी पीढ़ी के स्वास्थ्य को लेकर बड़ा सवाल उठाया है। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने कुपोषण की समस्या पर स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए सख्त टिप्पणी की कि बच्चों और महिलाओं को पोषणयुक्त भोजन नहीं मिल पाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कोर्ट ने दो टूक कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और एफएसएसएआई कानून को ईमानदारी से लागू नहीं किया जा रहा, जिससे अस्वास्थ्यकर भोजन और मोटापा बढ़ रहा है। इससे बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक विकास बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

कोर्ट ने दो टूक कहा कि जब देश के बच्चों का स्वास्थ्य और भविष्य खतरे में हो, तो अदालत मूकदर्शक नहीं बन सकती। जस्टिस ढंड ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अधिकारी अपने कर्तव्यों के निर्वहन में विफल रहे हैं। वे न तो पौष्टिक भोजन सुनिश्चित कर पा रहे हैं और न ही जंक फूड और कोल्ड ड्रिंक्स की रोकथाम के लिए कदम उठा रहे हैं।

भूखे पेट भगवान भी याद नहीं आते

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में महात्मा गांधी के एक प्रसिद्ध कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि भूखे पेट भगवान को भी याद करना कठिन है। कोर्ट ने कहा कि भूख सिर्फ पेट नहीं जलाती, यह संस्कृति को भी नष्ट कर देती है। वैदिक ग्रंथों में भोजन को ईश्वरीय आशीर्वाद माना गया है, लेकिन आज के हालात इसे ठुकरा रहे हैं।

**जंक फूड बच्चों की ग्रोथ रोक रहा:** कोर्ट ने खासतौर से जंक फूड और कार्बोनेटेड ड्रिंक्स (कोल्ड ड्रिंक्स) पर निशाना साधा। कहा कि ये खाद्य पदार्थ बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को बाधित कर रहे हैं। बच्चों और युवाओं को मौसमी और पारंपरिक खाद्य पदार्थों की ओर लौटाने की जरूरत है। कोर्ट ने सुझाव दिया कि दादी-नानी की रसोई और घर के बने खाने को बढ़ावा दिया जाए, जिससे बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित हो सके।

**सरकारें सोई हुई हैं, अधिकारियों ने आंखें मूंद ली हैं:** हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को भी कठघरे में खड़ा किया। कहा कि जिनके कंधों पर बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी है, वही आंख मूंदे बैठे हैं। एफएसएसएआई और शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी है कि स्कूलों व शिक्षण संस्थानों में जंक फूड की बिक्री पर रोक लगाएं।

**30 जुलाई तक दें जवाब:** कोर्ट ने इस मामले में केंद्र और राज्य सरकारों के कई विभागों को नोटिस जारी किया है। गृह मंत्रालय, खाद्य मंत्रालय, महिला और बाल विकास मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, एफएसएसएआई के साथ-साथ राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव, एसीएस बाल विकास, एसीएस खाद्य, और एसीएस शिक्षा को 30 जुलाई तक रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या यह न्यायिक हस्तक्षेप सरकारी व्यवस्था को जगा पाएगा या फिर कुपोषण की यह लड़ाई भी फाइलों में ही दम तोड़ देगी। अदालत के इस कदम ने निश्चित तौर पर देशभर में बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर एक नई बहस छेड़ दी है।

# महाराष्ट्र में सभी भाषाएं बोली जाती हैं, जवाब सुनते ही दुकानदार पर टूटे लोग, मारपीट की



**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के मुंबई में एक दुकानदार के साथ मारपीट के मामले में 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। खबर है कि दुकानदार के मराठी नहीं बोल पाने के कारण उसपर हमला किया गया। कहा जा रहा है कि मारपीट करने वाले मनसे यानी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ता थे। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मिठाई की दुकान चलाने वाले 48 साल के बाबूलाल खिमजी चौधरी ने कहा कि कुछ लोग सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर उनकी दुकान में आए थे। उन्होंने कहा कि कपड़ों पर मनसे के चिह्न बने हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार, जब दुकानदार ने उनके साथ हिंदी में बात की, तो बहस शुरू हो गई और मराठी नहीं बोल पाने के कारण दुकानदार के साथ मारपीट की गई। अखबार के अनुसार, चौधरी ने कहा, दो लोग मेरे पास आए और दोबारा कहा कि अगर मुझे काम करना है, तो मुझे मराठी आनी चाहिए और बहस के बाद पीटा। उन्होंने कहा, उन लोगों ने इसका वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। मैंने उन्हें कहा कि मेरे कर्मचारी दूसरे राज्यों से हैं और मराठी ठीक से नहीं बोल पाते, लेकिन उन लोगों ने जोर दिया कि महाराष्ट्र में सभी को मराठी आनी चाहिए। चौधरी ने एफआईआरमें बताया है कि जब उससे पूछा गया कि महाराष्ट्र में कौन सी भाषा बोली जाती है, तो इसपर जवाब दिया कि सभी भाषाएं बोली जाती हैं। खबर है कि इसके बाद लोग और नाराज हो गए थे। मराठी को लेकर इसलिए विवाद हुआ, क्योंकि दुकानदार अहंकारी था। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी कार्यकर्ता बालाजी पार्क में सरकार की तरफ से वापस लिए गए तक्रको लेकर जश्न मना रहे थे और इस मिठाई की दुकान पर पानी लेने गए थे।

# कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट बनीं मां, दिल्ली में दिया बेटे को जन्म

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
मशहूर रेसलर और हरियाणा के जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट मां बन गई हैं। आज सुबह करीब 9 बजे उन्होंने दिल्ली के अपोलो अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। विनेश के ससुर राजपाल राठी ने बताया कि ऑपरेशन के जरिए डिलीवरी हुई है। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। विनेश को सोमवार शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 6 मार्च 2025 को विनेश फोगाट ने अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर उन्होंने पति सोमवीर राठी के साथ एक फोटो शेयर करते हुए इस बारे में बताया था।

उनके पति सोमवीर भी कुश्ती खिलाड़ी हैं और दो बार नेशनल चैंपियन रह चुके हैं। साल 2018 में जकार्ता में हुए एशियन गेम्स में विनेश ने गोल्ड मेडल जीता था। जब वह भारत लौटी तो दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर सोमवीर राठी ने उन्हें प्रपोज कर दिया और अंगूठी पहना दी।

दोनों ने 14 दिसंबर 2018 को शादी की थी।हिंदू रीति-रिवाज से देखें तो शादी में 7 फेरे लिए जाते हैं, लेकिन विनेश और सोमवीर ने 8 फेरे लिए थे। आठवां फेरा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी खिलाओ की शपथ पर लिया था। विनेश फोगाट मूल रूप से चरखी दादरी के गांव बलाली की रहने वाली हैं और उनके पति जींद जिले के जुलाना क्षेत्र के बख्ता खेड़ा का रहने वाले हैं।

इस खुशखबरी के सामने आते ही परिवार, राजनीतिक जगत और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिवार समेत हरियाणा कांग्रेस में जश्न का माहौल है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और सांसद कुमारी सैलजा ने विनेश को इस नए जीवन अध्याय के लिए शुभकामनाएं दी हैं। पार्टी नेताओं और समर्थकों की ओर से भी शुभकामनाएं दी जा रही हैं। विनेश फोगाट ने 2024 में पेरिस ओलिंपिक में भाग लिया था। महज 100 ग्राम वजन ज्यादा होने के कारण उन्हें अयोग्य करार दे दिया गया। विनेश फोगाट ने 8 अगस्त को कुश्ती से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया। इसके बाद विनेश ने कांग्रेस जॉइन कर ली।

# एक और राज्य में भिड़े कांग्रेसी, अध्यक्ष के खिलाफ बगावत, 20 नेता दिल्ली कूच को तैयार

**जम्मू/नई दिल्ली, एजेंसी।**
कर्नाटक में कांग्रेस नेतृत्व सीएम बदलने की मांग को लेकर छिड़े संघर्ष से जूझ रहा है। हालात ऐसे हो गए कि मल्लिकार्जुन खरगे ने गेंद हाईकमान के पाले में डाल दी तो वहीं दिल्ली से रणदीप सुरेजावाला पहुंचे। डीके शिवकुमार समर्थक एक विधायक ने तो 100 एमएलए साथ होने का दावा करते हुए मांग कर दी कि सीएम बदलने का यही सही वक्त है। लेकिन कांग्रेस की मुसीबत कर्नाटक तक ही सीमित नहीं है। जम्मू-कश्मीर में भी आंतरिक लड़ाई बढ़ रही है। यहां तारिक हमीद कर्रा प्रदेश अध्यक्ष हैं, जिनके खिलाफ कई सीनियर नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है और उन्हें हटाने की मांग की है। कर्रा को राहुल गांधी की पसंद का नेता माना जाता है।

यहां तक कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सैयद नासिर हुसैन के श्रीनगर आने पर कर्रा की ओर से एक भोज का आयोजन किया गया था। इसमें भी असंतुष्ट नेता नहीं पहुंचे थे। इससे समझता जा सकता है कि मतभेद किस लेवल पर पहुंच गए हैं कि औपचारिक कार्यक्रम में भी



कई नेता नहीं गए। तारिक हमीद कर्रा के विरोधी करीब 20 बड़े नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मुलाकात का समय मांगा है। इन नेताओं में पूर्व डिप्टी सीएम तारा चंद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विकार रसूल वानी और सीनियर लीडर गुलाम नबी मोंगा शामिल थे।

इसके अलावा मनोहर लाल शर्मा और मोहम्मद अनवर भट्ट भी दिल्ली जाकर मुलाकात की कोशिश में हैं। फिलहाल राहुल गांधी या खरगे की ओर से समय नहीं मिला है। दरअसल इन नेताओं का कहना है कि कर्रा सीनियर नेताओं को भाव नहीं दे रहे हैं और उन्हें पीडीपी से लाकर कांग्रेस नेतृत्व ने अहम जिम्मेदारी दी है। कांग्रेस में यह भी कहा जा रहा है कि उन्हें कोई समझ नहीं है।

# विधानसभा के पोडियम पर चढ़ गए नाना पटोले, स्पीकर ने ले लिया ऐक्शन, सस्पेंड

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में कांग्रेस विधायक नाना पटोले को विधानसभा अध्यक्ष के पोडियम चढ़ने को लेकर मंगलवार को विधानसभा से दिनभर के लिए निलंबित कर दिया गया है। प्रश्नकाल के तुरंत बाद पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पटोले ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक बबनराव लोनीकर और कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे पर किसानों का अपमान करने का आरोप लगाया और दोनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।



वह विधानसभा अध्यक्ष के आसन के समीप पहुंच गए और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से बहस करते देखे गए। इसके बाद सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही पुनः शुरू होने पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पटोले की आलोचना की और कहा कि कांग्रेस नेता विधानसभा अध्यक्ष की ओर आक्रामक तरीके से बढ़े थे, जो सही नहीं है और उनसे ऐसी उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि पटोले को माफी मांगनी चाहिए। हालांकि, पटोले फिर से विधानसभा अध्यक्ष के आसन के समीप चढ़ गए तथा लोनिकर और कोकाटे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने घोषणा की कि वह पटोले को पूरे दिन के लिए सदन से निलंबित कर रहे हैं।

लोनिकर ने हाल में जालना जिले में अपने विधानसभा क्षेत्र परतुर में किसानों की एक सभा में कहा था कि 'जो लोग उनकी पार्टी और सरकार की आलोचना करते हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि उन्हें कपड़े, जूते, मोबाइल, योजनाओं का मौद्रिक लाभ और बुवाई के लिए पैसे हमारी वजह से मिल रहे हैं। कोकाटे ने दावा किया था कि किसानों ने कर्ज माफी के पैसे शादियों पर खर्च कर दिए। कृषि मंत्री ने कहा कि एक रुपया तो भिखारी भी नहीं लेता, लेकिन सरकार उतनी राशि में फसल बीमा दे रही है, जिसका कुछ लोग दुरुपयोग कर रहे हैं। पटोले ने संवाददाताओं से कहा, आज किसान दिवस है। अहंकारी मोदी सरकार और उसके मंत्री किसानों के साथ भिखारियों जैसा व्यवहार करते हैं। किसानों के लिए बोलने वालों को सदन से बाहर निकाल दिया जाता है।

# ओवरटेक करने के चक्कर में हाईवा से टकराई बस, तीन यात्रियों की मौत

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे अभनपुर इलाके में बस और हाईवा की टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है, वहीं 6 लोग घायल है। बस जगदलपुर से रायपुर आ रही थी। तेज रफ्तार बस ने पीछे से हाईवा को ठोकर मार दिया। बस के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस में सवार 3 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर में भर्ती कराया गया है। हादसा केन्द्री गांव के पास हुआ। मिली जानकारी के मुताबिक बस रात को जगदलपुर से छूटकर रायपुर आ रही थी। अभनपुर ब्लाक के केन्द्री गांव के पास बस ने ओवरटेक के चक्कर में ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के सामने का क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में एक महिला और दो पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 यात्री घायल हुए हैं। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ लोगों को रायपुर भी इलाज के लिए भेजा गया है।

हादसे के बाद घटना स्थल पर चीख-पुकार मच गई थी। घायलों को अस्पताल पहुंचाने 108 की मदद



ली गई। घटना की सूचना मिलते ही अभनपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पहले घायलों को नजदीकी अस्पताल भेजा गया और फिर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना के बाद नेशनल हाईवे पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक जाम हो गया था, जिसे पुलिस ने बाद में सामान्य किया। क्रेन से क्षतिग्रस्त बस को किनारे किया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# समुद्र में तबाही: रास घरेब में तेल निकालने वाला जहाज पलटा, चालक दल के 4 सदस्यों की मौत

**स्विटजरलैंड, एजेंसी।** स्वेज की खाड़ी में तेल निकालने वाले एक जहाज के पलट जाने से चालक दल के कम से कम चार सदस्यों की मौत हो गई और चार अन्य लापता हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि तेल निकालने वाला जहाज



मंगलवार शाम को लाल सागर के उत्तर पश्चिमी भाग और एक अहम समुद्री मार्ग स्वेज की खाड़ी के अफ्रीकी हिस्से से सटे रास घरेब शहर के पास पलट गया। लाल सागर प्रांत के गवर्नर अमर हनाफी ने कहा कि जहाज पलटने के वक्त उसमें 30 कर्मचारी सवार थे।

उन्होंने बताया कि बचाव दलों ने चार शव बरामद किए और 22 अन्य को बचाया, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि मिस्र की नौसेना के जहाज खोज और बचाव अभियान में शामिल हो गए हैं। चालक दल के लापता चार सदस्यों की तलाश में रात भर तलाश अभियान चलाया गया। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि घटना गैबेल एल-जीत नामक क्षेत्र में हुई, जो स्वेज नहर के दक्षिण में लगभग 300 किलोमीटर (186 मील) की दूरी पर स्थित मिस्र का एक प्रमुख तेल उत्पादन स्थल है।

# बोइंग विमान में मचा हड़कंप: बोइंग 737 फ्लाइट मिनटों में 26,000 फीट नीचे आई, ऑक्सीजन मास्क गिरे, 191 लोग थे सवार

**टोक्यो, एजेंसी।**
चीन के शंघाई से जापान की राजधानी टोक्यो जा रही एक फ्लाइट में बैठे 191 यात्रियों की जान उस वक्त सांसे अटक गई, जब विमान ने अचानक 26,000 फीट की ऊंचाई से तेजी से नीचे गिरना शुरू कर दिया। यह घटना 30 जून को जापान एयरलाइंस और उसकी लो-कॉस्ट पार्टनर की फ्लाइट में हुई। शंघाई पुडोंग एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद, फ्लाइट जब करीब 36,000 फीट की ऊंचाई पर थी, तभी अचानक तकनीकी खराबी आ गई। विमान 10 मिनट के अंदर लगभग 10,500 फीट की ऊंचाई पर आ गया। इस दौरान ऑक्सीजन मास्क अपने आप बाहर आ गए और विमान में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। एक यात्री ने बताया, मैंने एक धीमा





धमाका सुना और कुछ ही सेकंड में ऑक्सीजन मास्क नीचे गिर गए। एयर होस्टेस रोते हुए चिल्ला रही थीं कि तुरंत मास्क पहन लो, प्लेन में खराबी आ गई है। कुछ लोग उस समय सो रहे थे और डर से जागे। वसीयतनुमा मैसेज, बैंक के पिन नंबर और इंश्योरेंस डिटेल्स परिवार को भेजना शुरू कर दिया। एक यात्री ने कहा, मैंने रोते हुए अपनी बीमा और कार्ड की जानकारी मैसेज कर दी, ऐसा लग रहा था कि अब बचना मुश्किल है। पायलट ने तुरंत इमरजेंसी घोषित की और फ्लाइट को ओसाका के कांसाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया गया। फ्लाइट शाम 8:50 बजे सुरक्षित लैंड कर गई। गनीमत रही कि किसी को कोई चोट नहीं आई। एयरलाइंस ने सभी प्रभावित यात्रियों को 15,000 येन (करीब 6,900) ट्रांसपोर्ट मुआवजा और एक रात की रहने की सुविधा दी है। साथ ही, विमान की प्रेसर सिस्टम में खराबी की जांच शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि हाल ही में बोइंग विमान एक और हादसे को लेकर चर्चा में था। अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट क्रैश में 270 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। अब इस घटना ने फिर से बोइंग के सुरक्षा मानकों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129